ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

क्रिसमस की शुभकामनाएं  रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● पौष शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2079 ● रविवार, 25 दिसम्बर 2022 ● वर्ष-23 ● अंक-319 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड में मिला कोरोना का मरीज

**रांची।** झारखंड पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गया था, लेकिन एक महीने बाद कोविड का एक नया मरीज मिला है। मरीज जमशेदपुर का रहनेवाला है और उसे रिम्स में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि चिंता की बात नहीं है। मरीज स्वस्थ है। बस एहतियात बरतने की जरूरत है। बता दें कि 24 नवम्बर को झारखंड में कोविड का मरीज मिला था, जो बोकारो का रहनेवाला था। दो दिसम्बर को झारखंड को कोविड मुक्त घोषित किया गया था। हालांकि, झारखंड में कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट मोड पर है।

### टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने किया सुसाइड



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने शनिवार को सुसाइड कर लिया। टी ब्रेक के दौरान तुनिषा टॉयलेट में गयीं और वहां से बहुत देर तक नहीं निकली। शक होने पर लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि तुनिषा ने फांसी लगा ली है। जानकारी के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। फांसी लगाने के पहले तुनिषा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। उस पोस्ट में उसने एक तस्वीर शेयर कर लिखा था: जो अपने जुनून को फॉलो करते हैं, वो रुकते नहीं हैं। महज 20 साल की तुनिषा 'अली बाबा: दास्तान-ए -काबुल' सीरियल की शूटिंग कर रही थीं।

### आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर गिरफ्तार



**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति और व्यवसायी दीपक कोचर को बैंक अधिकारियों और वीडियोकॉन समूह से जुड़े एक ऋण धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारियां दिल्ली से की गयीं, जबकि जनवरी 2019 में मुंबई शाखा में कोचर, उनके पति और वीडियोकॉन ग्रुप के वेणुगोपाल धूत के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अधिकारी ने कहा : हमने जालसाजी, धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने, आपराधिक साजिश रचने के अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी।

# खुल्लमखुल्ला वार



### राहुल ने लाल किले से क्या-क्या कहा

- यह मोदी की नहीं, अंबानी-अडानी की है सरकार
- प्रधानमंत्री मोदी की कसी हुई है लगाम
- भारत जोड़ो यात्रा को सरकार तोड़ने की कर रही कोशिश
- किस ग्रंथ में लिखा है कि कमजोर को प्रताड़ित करो
- मेरा सवाल है : पढ़े-लिखे लोग क्यों पकौड़ा तल रहे हैं
- मेरे टीशर्ट पर ही सवाल क्यों, गरीबों से ठंड पर सवाल क्यों नहीं करती मीडिया

**नवीन मेल संवाददाता। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड के सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को मोदी सरकार और भाजपा पर खुल्लमखुल्ला वार किया। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार में पढ़े-लिखे लोग पकौड़े तल रहे हैं। मीडिया 24 घंटे हिंदू-मुसलमान में लगा हुआ है। सभी को डराया जा रहा है। मैं 2800 किलोमीटर की यात्रा कर चुका, मुझे देश के किसी हिस्से में कोई डरा हुआ आदमी नहीं मिला। लोगों को डराने का काम मीडिया कर रही है।

'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत शनिवार को दिल्ली पहुंचे राहुल ने लाल किले पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा : मीडिया वाले मुझसे पूछते हैं कि आपको ठंड नहीं लगती? क्या ये बात वो गरीबों और मजदूरों से पूछते हैं? नहीं। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री पर लगाम लगी है। उनकी गलती नहीं है। वो संभाल नहीं पा रहे हैं। उनको कंट्रोल कर लिया गया है। सारे पब्लिक सेक्टर भी उनके हैं। एयरपोर्ट, पोर्ट, एग्रीकल्चर, लालकिला भी उनका है। ताजमहल भी चला जायेगा। ये देश की सच्चाई है। हाइवे और सेलफोन भी उनके हैं मगर, सच्चाई हमारी है।

**24 घंटे डर :** राहुल ने कहा : ये किसानों और युवाओं में डर फैलाने में लगे हैं। मेरी इस यात्रा में कुत्ता, गाय सब आये लेकिन कहीं कोई हिंसा की बात सामने नहीं आयी। हिंदू धर्म में कहां लिखा है कि कमजोर को मारो? मैंने गीता-उपनिषद पढ़े हैं। कहीं ऐसा नही लिखा है। लेकिन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### भारत जोड़ो यात्रा में पूरा गांधी परिवार हुआ शामिल



**राहुल** गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा शनिवार को राजधानी दिल्ली पहुंची। इस यात्रा में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा भी शामिल हुए। राहुल ने सुबह राम दरबार के दर्शन किये तो दोपहर में हजरत निजामुद्दीन की दरगाह पर जाकर माथा टेका और दुआ मांगी। राहुल को सुनने के लिए लाखों लोग सड़क पर उतर आये थे।

#### आज देंगे श्रद्धांजलि

**राहुल** गांधी 25 दिसम्बर की सुबह वीरभूमि (राजीव गांधी), शक्ति स्थल (इंदिरा गांधी), शांति वन (पं. जवाहर लाल नेहरू), विजय घाट (लाल बहादुर शास्त्री), राष्ट्रीय स्मृति स्थल (अटल बिहारी वाजपेयी) और राजघाट (महात्मा गांधी) पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उनका प्रोग्राम शनिवार को ही श्रद्धांजलि देने का था, पर पदयात्रा में विलंब होने के कारण उन्होंने अब रविवार को श्रद्धांजलि देने का फैसला किया है।

#### राहुल की सोच में नफरत : रविशंकर



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि राहुल गांधी की सोच में नफरत भरी हुई है। मोदी सरकार पर उनके आरोप बेबुनियाद हैं। राहुल गांधी पहले अपनी पार्टी को जोड़ने का काम करें। बेवजह हिंदू-मुसलमान न करें। बिना मतलब के बार-बार हिंदू-मुसलमानों पर बयान न दें।

#### मेरी छवि खराब करने में करोड़ों कर दिये खर्च

राहुल ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा : जब राजनीति में आया 2004 में तो हमारी सरकार थी। ये प्रेस वाले प्रशंसा करते थे। 24 घंटा राहुल गांधी-राहुल गांधी करते थे। फिर मैं चला गया भट्टा परसोल। वहां किसानों का जमीन का मामला छेड़ दिया। उसके बाद से ये मीडिया वाले मेरे पीछे पड़ गए। जमीन अधिग्रहण बिल आया तो 24 घंटे मेरे ही पीछे पड़े रहते थे। पीएम और बीजेपी ने हजारों करोड़ रुपए खर्च कर दिए मेरी छवि खराब करने में। मैंने एक शब्द नहीं बोला, ना ही सफाई दी। एकदम चुप रहा। मैंने सोचा कि चलो देखता हूं कि इनमें कितना दम है। वॉटसएप, फेसबुक पर चलाया। पूरे देश में दुष्प्रचार किया। अब एक महीने में मैंने सच्चाई दिखा दी। पूरा का पूरा खत्म। सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता है। कहीं ना कहीं से सच्चाई बाहर आ जाती है। नफरत और डर से प्यारे देश को नुकसान हो रहा है। ये सच्चाई है। इसलिए हमने ये यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की है। तिरंगा को हम अब श्रीनगर में लहराएंगे।

## मास्क, बिना मास्क...!



यूपी के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नयी दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। (खबर पेज 09 पर)

## सरकारी राशि गबन करनेवाले तीन अभियंता के विरुद्ध चलेगा मुकदमा

### सीएम हेमंत सोरेन ने अभियोजन चलाने की दी स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रामगढ़ थाना कांड स.-208/11 के प्राथमिकी अभियुक्त तत्कालीन कार्यपालक अभियंता गुमानी रविदास, सेवानिवृत प्रभारी कार्यपालक अभियंता देवदर्शन सिंह और तत्कालीन सहायक अभियंता सुनील कुमार के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति दी है। इन सभी पर पद का दुरुपयोग कर आपराधिक षडयंत्र रचते हुए सरकारी राशि का गबन करने का आरोप है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406/419/420/467/468/471 /34 के तहत मामला दर्ज है।

क्या है मामला : रामगढ़ जिला में महिला आईटीआई के निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि 80,77,160 रुपये के विरूद्ध प्राथमिकी अभियुक्तों को 50,00,000 रुपये निर्माण हेतु भुगतान किया गया। योजना के जांच के क्रम में कार्य की गुणवत्ता एवं मापी में कमी पायी गयी। फलतः योजना की तकनीकी जांच सहायक अभियंता एवं इनके द्वारा की गयी। जांच के क्रम में काफी वित्तीय अनियमितता पायी गयी। कुल प्राप्त ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कोरोना : झारखंड सरकार ने जारी की गाइडलाइंस

**रांची।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले और ओमिक्रोन वैरिएंट बीएफ.7 को लेकर केंद्र समेत झारखंड सरकार भी अलर्ट मोड में है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने जिले के उपायुक्तों को कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि गुजरात और उड़ीसा में बीएफ-7 वैरिएंट के पॉजिटिव मरीज पाये गये हैं। इसे देखते हुए टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट वैक्सीनेशन और कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं, एयरपोर्ट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सभी इंट्री प्वाइंट पर थर्मल स्क्रीनिंग करने का निर्देश दिया गया है।

## विधायक अनूप सिंह से ईडी ने की पूछताछ

### समन पर पूछताछ के लिए ईडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधायक कैश कांड में ईडी द्वारा समन भेजे जाने पर पूछताछ के लिए शनिवार को बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ईडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे। इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने उनसे कई सवाल पूछे। ईडी ने रांची के अरगोड़ा थाने में कांग्रेस के बेरमो विधायक अनूप सिंह के बयान पर दर्ज जीरो एफआईआर को आधार बनाते हुए गत माह मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। इसके अलावा ईडी ने दो और कांडों को भी अपनी जांच के दायरे में लिया है। इनमें रांची के कोतवाली थाने में विधायक अनूप सिंह व धुर्वा में घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के बयान पर दर्ज प्राथमिकी शामिल है। सभी मामलों में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान चल रहा है।

गौरतलब है कि बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल को ईडी ने 16 दिसम्बर को समन भेजा था। 24 दिसम्बर को दिन के 11 बजे उन्हें ईडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचने को कहा गया था। अनूप सिंह शनिवार को 11:20 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे जिसके बाद उनसे पूछताछ शुरू हुई। ईडी के जोनल ऑफिस पहुंचने पर मीडियाकर्मियों ने उनसे कई सवाल पूछने की कोशिश की, लेकिन वे मीडिया के किसी भी सवालों का जवाब दिये बिना ही अंदर चल गये। कैशकांड से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस विधायक को ईडी ने तलब किया था। इस मामले में 30 जुलाई को कोलकाता में झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## ऑक्सीजन सप्लाई चेन को करें मजबूत

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चिकित्सा तरल ऑक्सीजन (मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन)की आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा कि विश्व में कोविड-19 संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्थिति को देखते हुए देश में भी इससे निबटने की तैयारी की जानी चाहिए। चिकित्सा तरल ऑक्सीजन की कोविड संक्रमित के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका है।

## आवश्यकता

ईश्वर में हमारा विश्वास  राष्ट्रीय नवीन मेल  सत्यमेव जयते

विगत 28 वर्षों से निरंतर डालटनगंज से प्रकाशित होने वाले हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल को इसके रांची और डालटनगंज संस्करणों में निम्न पदों पर योग्य लोगों की आवश्यकता है : -

| पद | संख्या | योग्यता | अनुभव | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| उप संपादक | 05 | क्वार्क पर पेज बनाना<br>खबरें संपादित कर लेना | 02 साल | योग्यतानुसार |
| संवाददाता | 04 | अपराध, राजनीति की खबरें<br>लिख लेने की क्षमता | 02 साल | योग्यतानुसार |
| प्रशिक्षु | 04 | फील्ड में घूमने की ललक<br>ठीक-ठाक हिंदी<br>न्यूज सेंस हो | शून्य | योग्यतानुसार |




अपना बायोडाटा और एक कवरिंग लेटर हमें मोबाइल नंबर 7307071539 पर वाट्सएप्प करें।

**अवधि विस्तार** केंद्र सरकार ने राशन योजना अगले एक वर्ष के लिए बढ़ायी

# मुफ्त में लिया राशन तो हो जाएगी टेंशन

### 81.35 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन दे रही सरकार

**आरपी सिंह। नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 81.35 करोड़ गरीब लोगों के लिए मुफ्त में राशन योजना अगले एक वर्ष के लिए बढ़ा दी है। इस योजना पर सरकार हर वर्ष दो लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत चावल, गेहूं और मोटा अनाज क्रमशः 3,2,1 रुपये प्रति किलो की दर से देती है। सरकार ने फैसला लिया है कि दिसम्बर 2023 तक यह पूरी तरह से मुफ्त मिलेगा। मालूम हो कि इसके तहत ऐसे हर गरीब को हर माह पांच किलोग्राम अनाज मुफ्त में मिलता है। लेकिन यदि आपके पास निम्न चार में से एक भी है, तो आपका राशन कार्ड निरस्त हो सकता है और आपके विरूद्ध कार्रवाई हो सकती है। हालांकि, कोरोना संक्रमण के दौरान बहुत से लोग व परिवार इस हालत में पहुंच गये हैं कि उनकी हालत भीख मांगने वाली हो गयी है। ऐसे में पहले का बना यह सरकारी नियम कोरोना कहर के बाद के हालात लायक तो नहीं है।



#### मुफ्त राशन लेनेवालों के पास निम्न चार में से कुछ है तो हो सकती है कार्रवाई

- यदि आपके पास चार पहिया वाहन है, तो आप मुफ्त राशन का लाभ नहीं ले सकते हैं।
- यदि आपके पास अपनी आमदनी से खरीदी गयी 100 वर्ग मीटर की जमीन, फ्लैट या घर है, तो मुफ्त राशन का लाभ नहीं ले सकते हैं।
- यदि आप शहर में रहते हैं तथा आपकी आय तीन लाख रुपये या इससे ज्यादा है, तो मुफ्त राशन नहीं ले सकते हैं।
- यदि आप गांव में रहते हैं और आय दो लाख रुपये या इससे ज्यादा है, तो आप मुफ्त राशन नहीं ले सकते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिवा मेला कल

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड के मुरी गोला पथ पर उरंग गढ़ा नदी पर पुल के निकट सोमवार को शिवा मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के लोगो ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमो एवं प्रतियोगी कार्यक्रम होंगे।

### सिल्ली पुलिस ने विक्षिप्त को इलाज के लिए भेजा

सिल्ली। सिल्ली पुलिस ने थाना क्षेत्र के पलाशडीह निवासी जयप्रकाश महतो के मानसिक रूप से विक्षिप्त 21 वर्षीय पुत्र मनजय महतो को इलाज के लिये रिनपास भेज दिया। पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी कि यह विक्षिप्त युवक रोज दिन सड़को पर लोगों से अभद्र व्यवहार करता है। मनमानी तरीके से पैसे की मांग करता है। कई बार मार्ग भी अवरुद्ध कर देता है इससे विधि व्यवस्था में बाधा उतपन्न हो रही है। ग्रामीणों के आग्रह पर इसे इलाज के लिये रिनपास भेज दिया गया है।

### लावारिस बाइक जप्त

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के साहेब बांध के निकट से एक लावारिस बाइक (जेएच 01 एल 7804) बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि पिछले चार दिनों से बाइक लावारिस हाल में पड़ा था। बाइक किसकी है इसकी जांच की जा रही है।

### बीडीओ ने योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया

बेड़ो। बेड़ो के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा शनिवार को प्रखण्ड के पंचायत चचकापी में वित्तीय वर्ष 2016-22 के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लाभुकों से बैठक कर लंबित आवासों को 15 दिनों के अंदर आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। जिसमे उपस्थित प्रखंड समन्वयक पीएमएवाई - जी सम्बंधित पंचायत के जनसेवक को निर्देश दिया गया। जितने भी लाभुकों का द्वितीय किस्त का भुगतान नही हुआ है उन सभी पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य में तेजी लाएं।

### एसएसबी जवानों के गांजा के पौधों को किया नष्ट

**रांची।** प्रखंड के कनकट्टा गांव में शनिवार को 50 डिसमिल जमीन में लगे गांजा के पौधों को एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने नष्ट कर दिया। एसएसबी के जवानों सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ आरके नेतृत्व में गांव जाकर गांजा के पौधों को नष्ट किया। गांजा की खेती किसने की इसकी पूछताछ की जा रही है। अभियान में इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार सहित एसएसबी के 20 जवान मौजूद थे।

### हम सबके जागरूकता से ही टीबी हारेगा व भारत जितेगा : सीएस

**रांची।** झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति का दो दिनी महाधिवेशन का शुभारंभ शनिवार देर शाम प्रतिनिधि सभा से किया गया। साथ ही खुला अधिवेशन रविवार को रथ मेला बगीचा,करौंदी गुमला में आयोजित किया जाएगा। जिसकी जानकारी देते हुए समिति के प्रदेश महासचिव नंदलाल बड़ाईक ने बताया कि इन महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन मुंडा केंद्रीय मंत्री ,विशिष्ट अतिथि संसद सुदर्शन भगत,राज्य सभा सांसद समीर उरांव व भूषण तिर्की उपस्थित रहेंगें।

### क्रिसमस आज, सजधज कर तैयार है चर्च

**रांची।** झारखंड में क्रिसमस की तैयारी जोरों पर है। बाजार सजा है, केक की कई वेराइटी बाजार में है। सजावट के सामान की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है रांची के एनडब्ल्यूजीइएल चर्च, मेन रोड में 24 दिसंबर के को अपराह्न 2:30 बजे से प्रार्थना शुरू होगी। इस प्रार्थना में में बिशप निस्तार कुजूर उपदेश देंगे।

# टर्बो की टक्कर से युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के बिजुपाड़ा खलारी मुख्य मार्ग पर चोरेया मोड़ के निकट स्थित स्मार्ट पॉइंट के पास बाइक सवार युवक को एक टर्बो ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टर्बो बाइक सवार को मारते हुए एक घर में घुस गया। टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया।चान्हो के पिपराटोली गांव निवासी 20 वर्षीय जमाल अंसारी के पुत्र इमरान अंसारी देर शाम अपनी बाइक में चोरेया मोड़ से बीजूपाड़ा की ओर जा रहा था। जब वह स्मार्ट पॉइंट के पास पहुंचा, तभी पीछे से रॉन्ग साइड में आ रहे टर्बो ने बाइक सवार इमरान अंसारी को जोरदार टक्कर मारते हुए लगभग 100 मीटर घसीट कर ले गया। हादसे में बाइक सवार इमरान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इस बीच मौका पाकर चालक वहा से भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये, और भीड़ को हटाने के साथ ही शव को, बाईक कोऔर पिकअप वैन को अपने कब्जे में ले लियाहै।शव को पोस्टमार्टम के बादपरिजनों को सौंप दिया जाएगा जानकारी के बाद रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

# 74 वर्ष बाद केंद्र सरकार ने दी मूल पहचान : दर्शन

**रांची।** 74 वर्ष के संघर्ष के बाद केंद्र सरकार ने खरवार समाज को उनकी मूल पहचान दी है। एक ओर जहां राज्य सरकार हमारे साथ अन्याय कर रही है, दूसरी ओर केंद्र सरकार ने हमारे दर्द को समझा। यह बातें शनिवार को खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहीं। वे खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की ओर से मोरहाबादी स्थित रांची कॉलेज के फुटबॉल मैदान में आयोजित खरवार भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैली में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने खरवार की आठ उपजातियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी शामिल करने से संबंधित बिल को रोकने के लिए कई षड्यंत्र किए।

# आदिवासियों की जमीन पर हो रहा है अवैध कब्जा

**रांची।** विधानसभा के शीत कालिन सत्र का आखिरी दिन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट अधिकारी उन्हें बोलने से रोकना चाहते हैं। मामला बरही में 8 एकड़ जमीन के हस्तांतरण का था। हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत की कुंडवा गांव के वन विभाग की 8 एकड़ जमीन के म्यूटेशन का मामला पूरे दिन चर्चा में रहा। कुंडवा मौजा के खाता नंबर 19 प्लॉट नंबर 391 रकबा 8 एकड़ जमीन वन विभाग के होने के बाद भी बरही सीओ ने गलत तरीके से म्यूटेशन कर दिया। अब इस मामले में सीओ ने अपना पक्ष रखा है। अंचल कार्यालय के अनुसार खाता नंबर 19 प्लॉट नंबर 391 रकबा 08 एकड़ जमीन वन विभाग की जमीन नहीं है बल्कि यह सर्वे खतियान के अनुसार गैर मजरूआ खास खाते की भूमि है।

# 16 लोगों को मिला सीएम चिकित्सा अनुदान का बैंक ड्राफ्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कुल 16 व्यक्तियों को ड्राफ्ट सौपा। सभी लाभुकों को शनिवार को विधायक के आवास में विधायक ने हाथों बैंक ड्राफ्ट सौंपा गया। नीलू टोप्पो गांव बड़ा कदम टोली 40 हजार की बैंक ड्राफ्ट प्रदान करते हुए सभी को बैंक ड्राफ्ट सौपा। मौके अनगड़ा प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती दीपा उरांव, पूर्व जिला परिषद सुनील उरांव, संजय प्रसाद, प्रणव कुमार, उमा करमाली, अब्दुस सलाम, मो इनाम अंसारी, साहेब राम महतो, सोनू उरांव, अनुप कुमार महतो, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# 42वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 42वां श्री श्याम भंडारा का भव्य विराट आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा हर मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होता है। आज के भंडारे का महाप्रसाद बनाने का कार्य शुक्रवार से ही श्री श्याम मंदिर के श्री श्याम रसोई में मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के निगरानी में कुशल कारीगरों की टीम द्वारा किया जा रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी ने बताया कि आज के 42 वे श्री श्याम भंडारे में मावा युक्त गाजर हलवा वेजिटेबल पुलाव विजिटेबल उपमा पालक कचोरी आलू चना कद्दू की सब्जी और धनिया पुदीना की चटनी का 6 वस्तु का महाप्रसाद निर्मित किया गया। दोपहर समाप्त होते ही भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्तगण मंदिर में एकत्र होने लगे लंबी-लंबी कतारें लगनी प्रारंभ हो गई। श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल श्री शालिग्राम श्री हनुमान जी महाराज श्री शिव परिवार व श्री गुरुजनों को श्री श्याम भंडारे का महाप्रसाद अर्पित किया गया। यजमानश्री श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल श्रीमती आशा अग्रवाल ने पुत्रों पुत्रवधू अमित भावना आलोक व पूनम अग्रवाल के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित कर झारखंड राज्य की खुशहाली की प्रार्थना की। श्री प्रमोद अग्रवाल परिवार के समस्त लोग भावविभोर होकर भक्तों के साथ मनोहर कर रहे थे। महाप्रसाद को भंडारे के प्रसाद के साथ मिश्रित कर मंदिर के आचार्यों को महाप्रसाद खिलाया गया। यजमान श्री अग्रवाल परिवार ने सभी आचार्यों को दक्षिणा भेट कर आशीर्वाद प्राप्त करके श्री श्याम भंडारे का वितरण प्रारंभ किया। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के नेतृत्व में श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल सहित स्वयंसेवकों ने खाटू नरेश की जय जयकारों के साथ भंडारे का प्रसाद वितरण का श्रीगणेश किया। लगभग 3600 से ज्यादा भक्तजनों ने श्री श्याम भंडार का महाप्रसाद प्राप्त किया। मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया लाउडस्पीकर के द्वारा भक्त जनों का स्वागत अभिनंदन कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। पूरा हरमू रोड खाटू नरेश की जयकारों से गूंज रहा था। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया पूर्व सांसद अजय मारू श्रवण ढानढनिया राजीव मित्तल आलोक अग्रवाल प्रदीप राजगढ़िया गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौली रतन शर्मा अनुज मोदी मनोहर केडिया आशीष डालमिया राजेश चौधरी राजेश कतरुका अरुण बुधिया प्रदीप मोदी संतोष पोद्दार अमित सराओगी राहुल मारू कविता मित्तल रमा सराओगी मनोज खेतावत झूलन मुंडा मनीष वर्मा उपेंद्र पांडेय सुरेंद्र तोषनीवाल दिनेश अग्रवाल मयंक अग्रवाल रोशन खेमका किशन शर्मा विशाल पोद्दार रौनक पोद्दार संजय सराफ सहित 70 से ज्यादा स्वयंसेवकों कार्यकर्ताओं ने श्री श्याम भंडारे वितरण व्यवस्था में अपना विपुल सहयोग दिया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन सुनील कुमार, स्कूल के सचिव शशि चौधरी तथा कार्य प्रबंधक श्री अमित कुमार, प्रधानाध्यापिका अलका तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके मुख्य अतिथि तथा स्कूल की प्रधानाध्यापिका अलका तिवारी को स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षका नेहा सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी भी की गई, जिसमें जेसीबी का मॉडल जिसे कक्षा 6 के सायंम ने बनाया । यह मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। ज्ञान प्रदर्शनी में पारितंत्र, रूम हीटर सिंचाई पद्धति आदि जैसे बहुत से मॉडल बनाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षिक , शिक्षिका विमला कुमारी, रीया गुप्ता, निशा सिन्हा, रीना कुमारी, सविता कुमारी, सनम निशा, गुलाब शाह, सुषमा कुमारी , अल वाहिद अब्दुल, विक्की मिश्रा, प्रियंका राज, पवन साहू, रेनू कुमारी, किरण देवी, राजू साहू, नरेश महतो, नीरज मुंडा, शिव शंभू मुंडा, राजेश उरांव आदि लोगों ने अपना सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम के मौके पर अभिभावक,ज्योति शंकर साहू, दिवाकर साहू, देव नारायण साहू, अमजद खान, सहित अभिभावक ने उपस्थित होकर बच्चों क उत्साह बढ़ाया।

# आरडीएस पब्लिक स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम के बरगांवा स्थित आरडीएस पब्लिक स्कूल कि ओर से नवी व दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप व क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के संस्थापक व निदेशक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में गुणवता के साथ ही बेहतर शिक्षा मिल सके। इस स्कूल का स्थापना रांची-टाटा मार्ग में 1997 में शुरूआत किया गया था। बाद यह बरगांवा के चायबगान स्थित 2008 में लाया गया। व 2012 में स्कूल में सीबीएससी अधारित शुरूआत की गई। इस स्कूल में स्कूल में बीपीएल वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा देने का प्रवधान किया गया है। इस स्कूल बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में प्रत्येक माह के अंत में प्रतियोगिता, विभिन्न कंपनियों द्वारा कंपटीशन के माध्यम से स्कॉलरशिप दिलाकर मदद की जाती है। इस स्कूल में प्रत्येक सप्ताह अग्रेजी में ग्रुप डिस्कशन कराया जाता है। स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष स्कूल का दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहता है। स्कूल में बच्चों बढ़ाई के साथ कंपटीशन व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करा राज्यस्तरीय में शामिल कराया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश बच्चों के अभिभावक कमजोर वर्ग हैं।

# रांची धोबी समाज के लिए शहर में हो धोबी घाट का निर्माण : रजक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को रांची रजक समाज के प्रतिनिधिमंडल भाजपा विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रांची विधायक सीपी सिंह महापौर आशा लाकड़ा, उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, नगर आयुक्त से मुलाकात एवं ज्ञापन देकर धोबी समाज के लोगों के लिए धोबी घाट एवं कपड़ा सुखाने लिए मैदान का गुहार लगाया। मौके पर समाज के नेता उपेंद्र कुमार रजक ,संजय रजक, विनोद राजन मोनू रजक ने नेताओं से से आग्रह करते हुए कहा कि रांची शहरी क्षेत्र में सभी तालाबों का सुंदरीकरण होने के कारण शहर में रह रहे हजारों धोबी समाज के लोगों को कपड़ा धोने एवं सुखाने में काफी कठिनाइ हो रहा है साथही उनके जीविका उपार्जन एवं परिवार को भरण-पोषण में कई समस्याओं का सामना करने पड़ रहा है उन्होंने कहा कि हजारों लोग इस पेशा से जुड़े हुए हैं और इसी से अपने परिवार व बच्चों को भरण पोषण ,शिक्षा- दीक्षा करते हैं लेकिन लगातार उत्पन्न हो रहा समस्या से समाज चिंतित है* उन्होंने कहा कि पूर्व में नगर विकास विभाग एवं रांची नगर निगम द्वारा करमटोली तालाब में घाट निर्माण के दिशा में निर्णय लिया गया था लेकिन वहां सुंदरीकरण होने के करण घाट का निर्माण नहीं हो सका उन्होंने जेल तलाब में धोबी घाट निर्माण एवं सुखाने की व्यवस्था की मांग की है साथ ही समाज के लोगों ने कहा कि यदि समाज का समस्या का समाधान नहीं होता है तो समाज कपड़ा धुलाई बंद करेगा साथ ही सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करेगा।

# बेड़ो क्षेत्र में धूमधाम से मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार है। कार्यक्रम आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिघिया चर्च परिसर में शनिवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान ,चरनी की आशीष, व प्रार्थना की शुरूआत होगी। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। करांजी गांव में आकर्षक चरनी बनाई गई है। जहां बिजली बल्ब,रंग बिरंगे लट्टूओं व रंगीन झालर से चर्च की शोभा देखते ही बन रही है। गिरजाघर व परिसर में बने चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन होगा। चर्च के पल्ली पुरोहित सह मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर विंसेंट मिंज ने बताया कि प्रभु यीशु का जन्मोत्सव रात 10 बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर चरनी का आशीष, प्रार्थना अनुष्ठान, मिस्सा पूजा,यीशु चुंबन,यीशु संदेश व बाइबिल पाठ कर प्रभु की उपासना की जाएगी। मसीही समाज के लोग प्रभु के जन्मोत्सव का गीत गाकर खुशियां मनाएंगे। इधर क्रिसमस को ले मसीही समुदाय में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

वहीं आयोजन को सफल बनाने में क्रमशः फादर अजय मिंज, फादर शिशिर सुरीन, फादर राबर्ट मिंज, प्रिसियुस मिंज, माता प्रबला केरेकेट्टा, सिस्टर नीलिमा, बिल्किट, मारियट, पात्रिक तिर्की, काथलिक सभा अध्यक्ष देवनिश तिग्गा, निकोलश प्रकाश मिंज, प्रताप, मंगल, पतरस व राफेल आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## हौसला | नौनिहालों ने गांव की दशा सुधारने में जुटे

# बच्चों ने सड़क निर्माण का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत अंतर्गत रूगुटोली से दानेकेरा और दानेकेरा से भरनो सड़क सरकारी उपेक्षा का दंश झेलने को मजबुर है। दानेकेरा पंचायत के ग्रामीण सरकारी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की गुहार लगाते अब थक चुके हैं। लेकिन जो काम बड़े बड़े जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने नहीं किया उस काम को पूर्ण करने का बीड़ा गांव के नौनिहालों ने ही उठा लिया है। अपने गाँव की इस कच्ची एवं दुर्गम सड़क को नन्हे नन्हे हाथों बनाने का बीड़ा उठाते हुए अमन आईंद, अजीत आईंद, सुकरा मुंडा, झालो कुमारी तथा एतवारी कुमारी ने सड़क बनाने का संकल्प लिया। बच्चों ने कहा कि जब बड़े फेल हो जाएंगे तो हम बच्चों को ही सड़क बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम खुद पक्की सड़क तो नहीं बना सकते लेकिन खराब सड़कों पर मिट्टी मोरम भरकर मरम्मत तो जरूर कर सकते हैं। इस संबंध में दानेकेरा पंचायत के मुखिया धुचला मुंडा से पूछे जाने पर बताया कि रूगुटोली भरनो सड़क घाट से दानेकेरा तक 3 किलोमीटर लंबी सड़क बहुत ही जर्जर और दुर्गम हो गया है उन्होंने कहा कि इस सड़क का कालीकरण होना चाहिए। यह मुखिया के बस की बात नहीं है। वहीं उन्होंने बताया कि उन्होंने स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से उक्त सड़क को बनाने की मांग की है। वहीं लापुंग प्रखंड के रुगु टोली से दानेकेरा मार्ग बनाने के दौरान गांव के ग्रामीणों के साथ-साथ सुरज लोहरा, कृष्णा लोहरा व विक्रम लोहरा सहित कई लोग मौजूद थे।

# असामाजिक तत्वों ने दुकान में चोरी कर लगाई आग

**कांके।** सुकुरहुट्टू रिंग रोड चौधरी पेट्रोल पंप के पास असामाजिक तत्वों ने दुकान का ताला तोड़कर 5300 रुपये नगद सहित सामानों की चोरी कर ली। वहीं पुआल डालकर दुकान में आग लगा दी। पीड़ित जाकिर मंसूरी ने कांके थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने थाना में दिए आवेदन में बताया कि सुनील मुंडा उर्फ मोटू, शैलेश मुंडा, ललित मुंडा और लालू मुंडा ने रात डेढ़ बजे दुकान का ताला तोड़कर 5300 रुपये नगद, गैस सिलेंडर और तीन पेटी बिस्किट चुरा ले गए। आरोपियों ने दिन में ही लाठी-डंडे से लैस होकर दुकान और मकान जलाने की धमकी दी थी। पीड़ित गरीब परिवार का सदस्य है और प्राइवेट बैंक से लोन लेकर दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

# विधायक ने विद्यालय में अतिरिक्त कमरे का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को बंता राजकीय उच्च विद्यालय में एक अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास किया। लगभग 6 लाख रूपए की लागत से एक कमरे का निर्माण विधायक मद की राशि से किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश कुमार महतो कहा कि अगर शिक्षकों की टीम में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सरकारी स्कूलों में भी बेहतर परिणाम हो सकते है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाकर निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बहाल की जाएगी। विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से होने वाली परेशानी अब नहीं होगी। विधायक ने विभाग के अधिकारियों को भवन निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे, विद्यालय प्राचार्य सरिता देवी, प्रफुल्ल कुंम्हार, सुशील कुमार ,दीपक दास, अन्त प्रजापति, निशा एवं स्कूली छात्र-छात्राएं समेत अभिभावक उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### सोनाहातू में पेसा दिवस मनाया गया

**रांची।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत सचिवालय में पेसा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धरती आबा बिरसा मुंडा, स्व. दिलीप सिंह भूरिया, स्व. राजेंद्र सिंह मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंडा कृष्ण कुमार सिंह और संचालन जगतपाल बड़ाइक ने किया। मौके पर गोपाल सिंह मानकी, ठाकुर मनमोहन सिंह मुंडा, भूतनाथ सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, भोलेश्वर सिंह मुंडा, मनोज सिंह मुंडा, उमेश बड़ाइक, सोमरा उरांव और बाबूलाल बड़ाइक आदि मौजूद थे।

### तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आगाज

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश शनिवार को रांची के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान अपने सम्बोधन में उन्होने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेल का जीवन में महत्व के बारे में बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### दृष्टिबाधित क्रिकेटर का रांची लौटने पर जोरदार स्वागत

रांची । दृष्टिबाधित टी 20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की शानदार जीत के बाद रांची के दृष्टिबाधित क्रिकेटर सुजीत मुंडा शनिवार की सुबह अपने घर लौट आए। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी विधायक राजेश कच्छप, सुजीत मुंडा की पत्नी उनके परिजन उनके मुहल्ले के लोग तथा बड़ी संख्या में खेल प्रशंसक मौजूद थे।

### तुलसी पूजन दिवस समारोह का आयोजन आज

रांची। हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में राजधानी में रविवार को तुलसी पूजन दिवस सह हिन्दू कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम शाम चार बजे से पिस्का मोड़ स्थित विशालाक्षी बैंक्वेट हॉल में शुरू होगा। झारखंड के विभिन्न जिलों में हिन्दू सम्मेलन की सफलता के बाद मंच ने इसके आयोजन का निर्णय लिया है। मंच ने समाज के सभी लोगों से घरों में तुलसी पूजन करने का आह्वान किया है। कार्यकर्ता मिलन समारोह में संस्कार, परंपरा व संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की जाएगी।

### कंप्यूटर कोर्स का समापन

रांची। नक्सल प्रभावित क्षेत्र डुंगीरडीह में सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी और दर्पण सेवा संस्था बुंडू के संयुक्त तत्वावधान में 30 दिनी बेसिक कंप्यूटर कोर्स का समापन ई समवाय डुंगीरडीह में विजयेन्द्र कुमार, डिप्टी कमांडेंट की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि जहां पर कभी बंदूक की गोलियां चलती थीं आज वहां कंप्यूटर चल रहा है।

## तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर आज से, तैयारियां पूरी

# रोग में न करें लापरवाही : डॉ.शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक मारवाड़ी भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई है। तथा निबंधन का कार्य भी चल रहा है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय शिविर में उदयपुर कंचन सेवा संस्थान के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्राकृतिक चिकित्सक डॉ छैल बिहारी शर्मा 8 सदस्यीय टीम के साथ रांची पहुंचे। डॉ शर्मा ने मारवाड़ी भवन में आयोजित एक वार्ता में बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य जीवन जीने की अद्भुत कला है। यह चिकित्सा एवं औषधि रहित चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने कहा कि घुटना दर्द, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी, डायबिटीज, सर्व रोग निवारण आदि का उपचार इस पद्धति से किया जाता है। तथा अब तक लगभग 564 शिविरों एवं 560000 से भी अधिक का उपचार इस पद्धति से लाभ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 3 दिनों तक शाम 7:00 से 8:00 तक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के संबंध में परिचर्चा भी होगी। जहां मरीज अपने बीमारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी से लाभ ले सकते हैं। वार्ता में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया, प्रवक्ता संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, भरत बगड़िया, आकाश अग्रवाल, आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी है।

### संगीत समाज को जोड़ता है : संजय

**रांची।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार तथा जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र के सहयोग से शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का समापन शनिवार को श्यामली कॉलोनी मेकॉन स्थित जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र के सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज के मुख्य अतिथि के रुप में श्री संजय कुमार वर्मा निदेशक, वाणिज्य मेकॉन, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सोनी वर्मा , चंद्रदेव सिंह कार्यक्रम समिति सदस्य पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं ने आकर्षक भारतनाट्यम नृत्य के साथ किया । यह कार्यशाला दो वर्गों में विभाजित कर आयोजित की गई थी ।जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग जूनियर वर्ग के बच्चों ने आकर्षक 2 प्रस्तुतियां प्रस्तुत की, जिनमें राग भैरवी और मीराबाई की भजन की सुंदर प्रस्तुति की। वहीं सीनियर वर्ग ने राग यमन का छोटा ख्याल कल नहीं आए मोरे अली प्रस्तुत किए।

## माहेश्वरी महिला समिति सत्र का हुआ आगाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सर्वसम्मति निर्विरोध चुनाव प्रक्रिया के बाद इस नये सत्र की अध्यक्षता संभाल रही है भारती चितलांगिया, उन्होंने अपनी टीम की घोषणा पूर्व अध्यक्षा एवं चुनाव अधिकारी श्रीमती वीणा जी साबू, झारखंड बिहार प्रदेश महिला उपाध्यक्ष संगीता चितलांगिया, सुमन चितलांगिया, उषा मंत्री, रेनू फलोर, निवर्त्तमान अध्यक्षा विजयश्री साबू के समक्ष इस प्रकार की उपाध्यक्ष अनीता साबू, वंदना मारू, सचिव बिमला फलोर, सह सचिव कविता मंत्री, कोषाध्यक्ष सरला चितलांगिया, सह कोषाध्यक्ष रश्मि मालपानी, संगठन मंत्री सरिता चितलांगिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका कुमुद लाखोटिया, ममता डागा, पूजा सारदा, रितिका लाखोटिया, धार्मिक कार्यक्रम संयोजिका लक्ष्मी चितलांगिया, शारदा लड्ढा, अंजना गट्टानी, खेलकूद संयोजिका खुशबू साबू, पारुल फलोर, ममता डागा, कविता मंत्री अर्चना साबू, विवाहिक कार्यक्रम संयोजिका शिखा बिरला, लक्ष्मी चितलांगिया, फैलोशिप संयोजिका नेहा साबू, धार्मिक एवं सस्कृतिक कार्य से समिति को और ऊचाई में ले जाने का संकल्प लिया।

## पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को झारखंड प्रादेशिक कलवार कल्याण सभा रांची के तत्वावधान में रबी स्टील चौक स्थित अशोक वाटिका बैंक्विट हॉल में पारिवारिक मिलन समारोह सह वैवाहिक परिचय सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के अध्यक्षता मे धूमधाम से संपन्न हुई। जिसमें समाज के सैकड़ों की संख्या में स्त्री पुरुष, बच्चे-बच्चियां काफी उत्साह के साथ भाग लिए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में चौधरी सेवा संघ के पूर्व महामंत्री हरिशंकर चौधरी, रांची वेटनरी कॉलेज रांची के डीन डॉक्टर सुशील प्रसाद, जनरल मैनेजर मेकॉन हीरालाल चौधरी,रांची महिला कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. सीमा प्रसाद, चौधरी सेवा संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार चौधरी, छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के प्रदेश संरक्षक ललित कुमार चौधरी, वैश्य चौधरी कल्याण समिति के अध्यक्ष पुतुल चौधरी, छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संरक्षक अजय कुमार चौधरी, निदेशक जियोलॉजी मनोज कुमार एवं सुधीर कुमार जयसवाल, संजीव जयसवाल आदि समाज के गण्यमान बंधुगण मौजूद थे।

### कोरोना से हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत



**रांची।** शिवशिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन ने कोविड को लेकर लोगों को सतर्क रहने का अनुरोध किया है। कोविड से संबंधित सरकारी निदेर्शों का पूर्णतया अनुपालन होना सुनिश्चित किया जाय। अगर हम और आप इस बिमारी से सतर्क नहीं रहेंगे तो काफी नुकसान पहुंच सकती है। आजकल यह भी पाया जा रहा है की कुछ गुरुभाई/बहन क्षेत्रों में वृहत/बड़े स्तर पर शिवर्चाएं आयोजित कर रहे हैं परन्तु उसकी सूचना ना तो मुख्यालय को होती है ना ही वो स्थानीय प्रशासन से अनुमति प्राप्त होती हैं। आप सभी को जानकारी होगी की अभी आसनसोल (प०बंगाल)में कुछ लोगों ने शिवचर्चा के नाम पर गुरूभाई/बहनों को इकट्ठा किया गया और भगदड़ में तीन लोगों की दुःखद मौत हो गयी और कई घायल हो गए,उड़ीसा की घटना का भी संदर्भ करें।

## खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन झारखंड के खिलाड़ियों का जलवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीएवी संस्थाओं के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए बालक वर्ग में 4000 से अधिक बच्चों ने खेलकूद की 25 विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया है। रांची शहर के विभिन्न डीएवी स्कूलों के खेल मैदानों के अलावे बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम होटवार, विकास विद्यालय खेल मैदान, बरियातू हॉकी स्टेडियम जैसे स्थानों में विविध खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आज के खेल के परिणाम इस प्रकार हैं : कबड्डी- प्रथम झारखंड, द्वितीय उत्तराखंड एवं तृतीय दिल्ली एनसीआर कबड्डी में बेस्ट कैचर अनुज उत्तराखंड। बेस्ट राइडर-आशु झारखंड। टीटी-प्रथम दिल्ली, द्वितीय ,पंजाब एवं तृतीय झारखंड। खो-खो - प्रथम झारखंड द्वितीय हरियाणा और तृतीय दिल्ली एनसीआर। बेस्ट प्लेयर-तेजस नारंग दिल्ली एन सी आर योगा- प्रथम वेस्ट बंगाल, द्वितीय हरियाणा एवं चंडीगढ़ तथा तृतीय दिल्ली एनसीआर। चेस-प्रथम बिहार द्वितीय उड़ीसा एवं तृतीय आंध्र प्रदेश रहा।

### 300 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया

**रांची** । शनिवार को नामकुम प्रखण्ड के अंतर्गत सोदाग पंचायत के विभिन्न गांवों में रांची महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एवम सहायक धर्माध्यक्ष थियोडोर मास्करेन्हास ,सोदाग पंचायत के युवा मुखिया पतरस तिर्की के द्वारा 300 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची महाधर्मप्रान्तीय युथ कोर्डिनेटर कुलदीप तिर्की,फादर रोशन तिडू, फादर मुकुल, फादर अशीत, जमगाई चर्च के सभापति राजन तिडू, सचिव सह जमगाई के प्रधान जोसेफ तिडू, सोदाग पंचायत के उपमुखिया अल्बर्ट तिग्गा, हेठडाहू के ग्राम प्रधान कुंवर कच्छप, ग्राम चितवादाग के वार्ड सदस्य ज्योति लिण्डा, नागपुरी जगत के सुपरस्टार गायक सुनील खोया आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अंगदान-देहदान जागरूकता को लेकर रैली का किया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के द्वारा अंगदान देहदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भव्य रैली का आयोजन किया गया जिसमें पूरे जोश से भरे हुए 100 से भी अधिक सदस्यों ने रैली में शामिल होते हुए लोगों को जागरूक किया। सभी ने हाथों पर तख्तियां लिए अंगदान देहदान पर कई स्लोगन लिखकर लोगों जागरूक किया गया। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रस्थान करवाया। रैली बालकृष्ण स्कूल प्लस टू उच्च विद्यालय से झंडा चौक होते हुए बाल कृष्ण स्कूल में रैली की समाप्ति हुई। रूपा अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहीं की अंगदान दुनिया का सबसे महान कार्य है क्योंकि आपके अंगदान से कई व्यक्तियों की जान बचती है इससे अच्छा कार्य नहीं हो सकता। वर्तमान में अंगदान की सख्त जरूरत भी है। रोजाना सैकड़ों लोगों की मृत्यु शरीर के अंग खराब होने से हो रही है क्योंकि उनको समय रहते दूसरे नहीं मिल पाते हैं। रैली में रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर के साथ समिति की बहनें, बालकृष्ण स्कूल की छात्राएं शिक्षकगण पुरश्री की सदस्य एवं माहेश्वरी महिला समिति की सदस्य शामिल थीं। राष्ट्रीय संपादिका अलका सरावगी ने रैली में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीना मोदी, मंजू लोहिया, मधु सराफ, दुर्गा बेहाती, रेनू छपरिया, प्रीति पोद्दार, प्रीति अग्रवाल, मंजू मुरारका, अनुराधा धरणीधरका, कविता सराफ, के अलावे बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

**यात्रा** | सामाजिक सरोकार के लिए है यात्रा, मिल रहा समर्थन

# भारत जोड़ो यात्रा से केन्द्र की चिंता बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा ने जहां केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को हिला कर रख दिया है, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह घबरा गए हैं वहीं यह यात्रा झारखंड के लिए वरदान साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा वाले विचलित हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने मीडिया पर दबाव बनाया है,जिस वजह से यात्रा से जुड़ी खबरें दिल्ली की मीडिया नहीं दिखा रहा है। यह यात्रा सामाजिक सरोकार के लिए है। महंगाई, बेरोजगारी और अहिंसा की बात करते हुए राहुल गांधी निकल पड़े हैं। लोगों का जबरदस्त समर्थन यात्रा को मिल रहा है। यात्रा तीन बजे शुरू होने वाली होती है, फिर भी लोग बारह बजे से ही आकर लाइन में खड़े हो जाते हैं। ये यात्रा के संदेश को दिखाता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह किसानों की कर्ज. माफी को लेकर भ्रम फैलाती हैं। हम उनसे कहना चाहते हैं कि झूठ बोलना छोड़ो। झूठ बोलना पाप है, एक पुरानी कहावत है। यात्रा के दौरान जो मुद्दे सामने आए हैं हम उन पर भी काम करेंगे। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का वोट की राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं बताते हुए कहा कि राजनीति में हम धरना प्रदर्शन भी करते हैं तो उसका एक मैसेज होता है। इस यात्रा का भी एक संदेश है। राहुल गांधी यात्रा के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल हुए हैं। यात्रा के दौरान हजारों वैसे लोग आए जिन्हें इसके थीम से प्यार है। लोगों का मानना है कि बेरोजगारी, महंगाई कम होनी चाहिए, अहिंसा की राह पर चलना चाहिए, संविधान बचेगा तो देश बचेगा। उन्होंने संस्थाओं के दुरुपयोग का जिक्र करते हुए कहा कि पहले एजेंसियों पर सिर्फ दबाव था, अब उन्हें डर लगता है। चुनाव से पहले कहां-कहां छापेमारी करनी है, ऊपर से लिस्ट दी जाती है। विपक्षी पार्टियों को जो चंदा देने वाले लोग हैं उन्हें चिह्नित करके डराया जाता है। आज एकतरफा खेल चल रहा है। इसे देश को और देशवासियों को समझना होगा। अगर नहीं समझेंगे तो तकलीफ में आएंगे। लोकतंत्र का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। कांग्रेस ने इसकी रक्षा की है।



## NEWS इन ब्रीफ

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का डीसी ने किया निरीक्षण

**खूंटी** । खूंटी उपायुक्त ने अन्य अधिकारियों संग शनिवार को निमार्णाधीन शहरी जलापूर्ति योजना एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए साथ ही योजना के उचित क्रियान्वयन से शहरवासियों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया ।

### चिका रंगप्पा ने जीता टाटा स्टील गोल्फ टूर चैंपियनशिप का खिताब

**जमशेदपुर** । तीन करोड़ इनाम राशि वाले टाटा स्टील गोल्फ टूर चैंपियनशिप का खिताब शनिवार को बेंगलुरु के चिका रंगप्पा ने जीत लिया। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में उन्हें 45 लाख रुपए दिए गए हैं। चीका रंगप्पा ने बताया कि उहोने अब तक कई पुरस्कार जीते हैं, जिसमें यह सोलवा पुरस्कार है। उन्होंने कहा कि यह काफी चैलेंजिंग टूर्नामेंट था। वहीं टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा कि हम चाहते हैं कि समाज में खेल को टाटा बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि हॉकी तीरंदाजी फुटबॉल गोल्फ आदि खेल को टाटा स्टील काफी बढ़ावा दे रही है।

### वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**चाईबासा** । पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत चाईबासा के सभी थाना और ओपी क्षेत्र में शनिवार को अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण को प्रभावकारी बनाने हेतु स्थान बदल-बदल कर अपराध नियंत्रण के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों को रोक कर समान की भी तलाशी ली ।

### पाठक धर्मशाला में विशेष कैंप आयोजित

**देवघर।** बाबा मंदिर के आसपास रह रहे जरूरतमंद एवं योग्य लाभुकों हेतु विशेष कैम्प पाठक धर्मशाला में आयोजित किया गया, जिसके तहत नया राशन कार्ड हेतु 617 आवेदन प्राप्त किए गए, जिसके पाश्चत आवेदनों की जांच करते हुए योग्य लाभुकों योजना के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा। वही आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना हेतु 176 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया, जिनमे 123 लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 19 लोगों का आवेदन नियमानुसार न होने की वजह से रिजेक्ट किया गया तथा शेष बचे लाभुकों को जल्द योजना के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा। ज्ञात हो इससे पूर्व 22 दिसंबर के विशेष कैम्प ने 682 नए राशन कार्ड के आवेदन एवं 101 लोगों ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना हेतु अपना आवेदन जमा किया था।

### गिरिडीह में दौड़ का आयोजन

**गिरिडीह** । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के एक दिन पूर्व शनिवार को गिरिडीह में दौड़ का आयोजन किया गया। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री शालिनी वेशखियार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गिरिडीह के बच्चे, जवान महिलाएं और बुजुर्गों ने भाग लिया। यह दौड़ विभिन्न श्रेणियों में गिरिडीह झंडा मैदान से शुरू हुआ और शहर की सड़कों पर दौड़ लगाया। बाद में भाजपा नेत्री शालिनी वेशखियार ने कहा कि यह दौड़ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित हैं।

### कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए दिये निर्देश

**साहिबगंज** । साहिबगंज समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सफलता से संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के द्वारा विश्व में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

---

### लापुंग के प्रसिद्ध साईं मंदिर में आयोजित होंगे सांस्कृतिक भजन व नेकी का द्वार कार्यक्रम

# नववर्ष: सैलानियों के लिए तैयार है साईं मंदिर

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** बर्ष 2022 की विदाई तथा नववर्ष के अभिनंदन को लेकर लापुंग प्रखंड का प्रसिद्ध साई मंदिर श्रद्धालुओं और सैलानियों के स्वागत को लेकर पूरी तरह तैयार है। लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर में वर्ष के अंतिम रविवार को कान्हा ग्रुप के तत्वाधान में सांस्कृतिक साई भजन कार्यक्रम नेकी का द्वार तथा भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

#### पटना, धनबाद और रांची लोक कलाकार पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम के आयोजक कान्हा ग्रुप के कान्हा टेंट हाउस के प्रोपराइटर सह साईं भक्त अनुनय शंकर टिंकू ने बताया कि साईं मंदिर में सुबह आठ बजे से पटना के प्रसिद्ध भजन गायक आनंद दरगड़, रांची के जुगल दरगड़ तथा धनबाद के छाबड़ा ग्रुप के लोक कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। गीत संगीत का कार्यक्रम तीन बजे तक जारी रहेगा। वहीं नेकी का द्वार कार्यक्रम के दौरान गरीब असहाय लोगों के बीच नए एवं पुराने गर्म कपड़े, कंबल, टोपी, मोजा, स्वेटर सहित स्कूली छात्र छात्राओं के बीच कॉपी पेंसिल जैसे सामानों का निः शुल्क वितरण किया जाएगा। इसके पूर्व सुबह 5:30 बजे काकड़ आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे मध्याह्न आरती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान दिन भर साईं बाबा के दर्शन और पूजन कार्यक्रम के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कान्हा ग्रुप के कार्यकताओं सहित शिरडी साईं ग्राम विकास केंद्र सरसा के अध्यक्ष संतोष चौरसिया, सचिव सत्येन्द्र भगत सहित मंदिर के प्रबंधक मनोज उरांव, मुख्य पुजारी विभिषण पांडेय तथा पंच्याक्षरी पांडेय साईं भक्त पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, राजेंद्र मक्कड़, संतोष शर्मा, मुन्ना पांडेय, जगेश्वर भगत सहित कई लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



---

# बकाया बिल भुगतान को लेकर सरकारी दफ्तरों को भेजा नोटिस

#### सरकारी दफ्तरों में 10 करोड़ रुपए से अधिक है बिजली बिल बकाया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में सरकारी दफ्तरों में 10 करोड़ रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया है जिसके भुगतान के लिए अब बिजली विभाग सरकारी अधिकारियों को नोटिस भेज जल्द भुगतान करने का अपील कर रही है। निगम के निर्देश के बाद बिजली विभाग अब हरकत में आ गई है और आम जनता के साथ साथ सरकारी दफ्तरों से बकाया बिजली बिल वसूलने के लिए नोटिस भेज रही है। इसी दौरान बिजली विभाग के एक दल वन विभाग के वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में बकाया बिल का नोटिस लेकर पहुंची वही जांच के दौरान वन प्रमंडल कार्यालय में बिना मीटर का बिजली उपयोग करने का मामला भी आया। वही पूरे जिले के सरकारी दफ्तरों में करीब 10 करोड़ रुपए बिजली बिल बकाया है और वन प्रमंडल कार्यालय में करीब 9 लाख रुपए बिजली बिल बकाया है। जिसे जल्द भुगतान करने के लिए बिजली विभाग नोटिस देकर अपील कर रही हैं। बिजली विभाग के एसडीओ संतोष कुमार ने बताया की जिले में कई सरकारी दफ्तरों में करीब 10 करोड़ रुपए से अधिक बिजली बिल बकाया है। जिसका भुगतान के लिए हम विभाग के अधिकारी से संपर्क कर जल्द बिल भुगतान का अपील कर रहे हैं। वही वन विभाग में करीब नौ लाख रुपए बिजली बिल बाकी है।

---

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

# सिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा 9 को

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** शनिवार को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय में सिल्ली विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। इस बैठक में आगामी 9 जनवरी 2023 को होने वाले भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारी हेतु चर्चा की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि आगामी 9 जनवरी 2023 को सिल्ली में होने वाले भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही निर्देश दिए हैं कि प्रचार प्रसार के लिए दीवाल लेखन, जनसंपर्क के साथ साथ पंचायतों के गांव गांव में जाकर पर्ची बांटकर ग्रामीणों को जागरूक करने की बात कही। एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारी समिति का सिल्ली विधानसभा क्षेत्र स्तर गठन किया गया जिसमें संजोयक- नागेश्वर महतो, राजकुमार महतो, कार्तिक चन्द्र महतो, अजगुद महतो, राजकिशोर मुंडा, विक्टोरिया देवी, ज्ञान चंद्र अहीर,जगदीश कुमार महतो इत्यादि है। सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार महतो ने बताया कि सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी का विस्तार को लेकर दिनांक - 26 दिसम्बर 2022 को समय 11बजे सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बैठक की जाएगी। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, रसोराज लोहरा, लाल बहादुर महतो, मोतीलाल बेदिया, मनोज कुमार महतो, सदानंद सोनार इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित थे।



---

### विभिन्न गिरजाघरों में क्रिसमस को लेकर की गई आकर्षक सजावट

**बानो।** क्रिसमस पर्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न चर्चो को आकर्षक रूप से सजाया है फूल पती, लाईट तथा झालर लाइटों से सजाया गया है। जीईएल चर्च बानो, आरसी चर्च बांकी तथा जितुटोली में भी चर्च को आकषर्क रूप से सजाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न गिरजाघरो में क्रिसमस को लेकर रात्रि में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया है। प्रखंड के सौबेडा काथलिक चर्च को ग्रामीणों द्वारा आकर्षक रूप से सजाया गया है पल्ली पुरोहित फादर भितुस केरकेट्टा ने बताया कि क्रिसमस पर्व को देखते हुए चरनी का निर्माण किया गया है। रात्रि में व रविवार को विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया है। हाटिंगहोडे स्थित सन्त पौलुस गिरजाघर को रंग रोगन कर सजाया गया है।

---

### कैथोलिक धर्मप्रांत के बिशप विंसेंट बरवा ने क्रिसमस की दी शुभकामनाएं

# आध्यात्मिक शक्ति से जीवन का संचालन करें

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कॉथोलिक धर्मप्रांत के बिशप विंसेंट बरवा ने जिलेवासियों को क्रिसमस की बधाई दी है। बिशप ने जिलेवासियों को क्रिसमस की शुभकामना देते हुए कहा कि क्रिसमस का पर्व मानव जाति के कल्याण के लिए एक नई आशा लाती है। प्रत्येक वर्ष येशु मसीह के जन्म का पर्व त्योहार मनाते हैं। यह सभी मानव जाति के लिए प्रेम का ईश्वर के प्रति चिन्ह है। ईश्वर ने संसार और मनुष्य जाति को इतना प्यार किया कि ईश्वर ने हम सबो की मुक्ति के लिए अपने इकलौते पुत्र येशु को भेजा। यही यादगार हम सब समारोह के साथ संपन्न करते हैं आज मनुष्य जाति भिन्न भिन्न प्रकार से अशांत है। संघर्ष, विपत्तियों और हर प्रकार के तनाव से घिरा है। इसका कारण मनुष के बीच प्यार का अभाव है। ईश्वर का पुत्र मनुष्य बना प्यार की संभावनाओं को अपने जीवन में उतार सके और हर प्रकार के स्वभाव से प्रकट कर सके। उन्होंने पापियों और दोषियों को माफी दी। बीमार और असहाय व्यक्तियों को सहारा दिया। गरीब से गरीब लोगों को स्वीकार किया और उन्होंने ईश्वर के प्रति योग्य बनाया। यही प्यार हर मनुष्य को करने की जरूरत है। उन्होंने निःस्वाथ भाव से पाप को छोड़कर मनुष्य के रूप में चुना और मनुष्य स्वभाव को उपर उठाया। आज भी मनुष्य के जीवन मे प्यार का अभाव नहीं है। आशा अनेको है। इस तरह से हम सभों का जीवन येशु की तरह परिवर्तित होगा। हम एक दूसरे के प्रति प्यार दे सकेंगे। हर प्रकार के सम्भव,परेशानी,चिंता का प्रमुख कारण स्वार्थ है। निस्वार्थ जीवन से शांति मिलती हैआशाएं हर समय खुली रहती है। विशप ने कहा कि मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें, जो दूसरों के कल्याण के लिए शांति के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। उन्होंने राज्य के विकास के लिए बुद्धिजीवी वर्ग सहित सभी लोगों को सयंमता के साथ सरकार का साथ देने का अह्वान किया है।



---

# जनसंपर्क अभियान चलाएगा चीक बड़ाईक युवा मोर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** चीक बड़ाईक युवा मोर्चा जिला कमेटी की बैठक शनिवार को अलबर्ट एक्का मैदान में हुई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जुड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज में फैल रही कुरीतियों को भी दूर करने के लिए पहल करने का निर्णय लिया गया। वहीं जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही परेशानी पर भी चर्चा की गई। इसके लिए धर्मांतरण पर अंकुश लगाने के लिए युवाओं द्वारा पहल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही धर्मांतरण कर चुके समाज के लोगों को पुरे सम्मान के साथ घर वापसी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में धर्मांतरण कर चुके लोगों का सर्वे कर सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही धर्मांतरण कर चुके लोगों द्वारा घर वापसी नहीं करने पर समाज के माध्यम से कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी। बैठक में युवा मोर्चा द्वारा 22 जनवरी को शंख नदी तट पर युवा मोर्चा के बैनर तले पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वनभोज कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में युवा मुर्चा द्वारा खेलकूद सहित अन्य कई प्रतियोगिता का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राहुल बड़ाईक, अमृत बड़ाईक, कुश बड़ाईक, तपेवर बड़ाईक, बलभद्र बड़ाईक, सागर बड़ाईक, प्रतीक बड़ाईक, राजेश बड़ाईक, प्रीतम बड़ाईक, सखी बड़ाईक, विजय बड़ाईक, विद्या बड़ाईक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने केंद्र सरकार के प्रति जताया आभार

# ओआरओपी के रिवीजन का स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** वन रैंक वन पेंशन के दायरे को विस्तार देते हुए केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों को एक बड़ा तोहफा दिया है। इसे लेकर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट लोहरदगा ने केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए सरकार के फैसले का स्वागत किया है। ट्रस्ट के संरक्षक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से 25 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। कहा कि वन रैंक वन पेंशन का मतलब है कि सेवानिवृत्त सैनिकों को सेवानिवृत्ति पर अब समान पेंशन प्राप्त होगी। देश में हर साल करीब 65,000 फौजी रिटायर होते हैं और एक अनुमान के मुताबिक अभी देश में 25 लाख एक्स सर्विसमेन हैं। वन रैंक- वन पेंशन की मांग सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी कई सालों से कर रहे हैं। 30 साल पहले रिटायर्ड फौजियों ने इसके एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन बनाई थी। इस योजना का फायदा करीब 25 लाख सैनिकों को होगा।

बता दें कि मोदी कैबिनेट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए वन रैंक वन पेंशन योजना को रिवाइज कर दिया है। पहले इस योजना में 20.60 लाख पेंशनरों को लाभ मिलता था, लेकिन अब रिवीजन के बाद 25 लाख लोगों को फायदा होगा, जिसमें ओआरओपी का लाभ परिवार पेंशनधारकों के साथ युद्ध में शहीद होने वाले जवानों की विधवाओं एवं दिव्यांग पेंशनधारकों को भी मिलेगा।



---

# रौतिया समाज के जिला समिति के अध्यक्ष बने राजेश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सलडेगा स्थित सामुदायिक भवन में शनिवार को अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद जिला समिति के पुनर्गठन किया गया। जिसमे जिलाअध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव सुखदेव सिंह व कोषाध्यक्ष रामबक्स सिंह को बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश सचिव सालिक सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि आज से आप सभी को नई और महत्वपूर्ण दायित्व मिल गई है। आप सभी को समाज को मजबूत एवं संगठित करने का कार्य आज से ही शुरू कर दीजिए साथ साथ जल्द से जल्द सभी प्रखण्डों में भी पुनर्गठन करने की बात कही। साथ ही 14 जनवरी को पिकनिक केलाघाघ में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। चुनाव प्रयवेक्षक के रूप धर्मवीर सिंह ने निभायी। इस अवसर पर संत प्रसाद सिंह, सुमरन सिंह, प्रदुमन सिंह, लालमोहन सिंह, सालिक सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष रविंद्र सिंह, सचिव विश्वनाथ सिंह, प्रवक्ता भरत सिंह, मीडिया प्रभारी निर्मल सिंह, घनश्याम सिंह, हर्फिंद्र सिंह, बालेश्वर सिंह, हीरा सिंह, चंद्रभान सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



---

### उपलब्धि | सुरक्षाबलों के लिए साल की सबसे बड़ी उपलब्धि

# बूढ़ा पहाड़ से नक्सलियों का सफाया



अजय सिन्हा/मुबारक

**लातेहार।** साल 2022 अब अपने समापन की ओर चल पड़ा है। पूरे साल की खट्टी मीठी यादों को अपने मे समेटे यह साल लातेहार के लिए कई ऐतिहासिक बातों को अपने आलेख में अंकित कर गया। नक्सल के नासूर से सिसकते लातेहार को साल 2022 में बड़ी राहत मिली, जब अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ से सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को खदेड़ दिया। सुरक्षाबलों द्वारा चलाये गए ऑपरेशन ऑक्टोपस से बूढ़ा पहाड़ को क्लीन कराया गया। दरअसल लातेहार से सटे जंगल पर स्थित बुढ़ा पहाड़ को नक्सली बीते तीन दशक से अपने मुख्यालय के तौर पर इस्तेमाल करते आ रहे थे। बूढ़ा पहाड़ झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ के माओवादियों के लिए बड़ा आश्रय स्थल था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के टास्क पर काम करते हुए सुरक्षाबलों ने 32 साल से माओवादी गतिविधियों का केंद्र रहे बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करा लिया। अब बूढ़ा पहाड़ फिलहाल नक्सल मुक्त है।

#### बूढ़ा पहाड़ में हो रहे हैं विकास कार्य

नक्सलियों का गढ़ कहा जाने वाला बूढ़ा पहाड़ पर आधे दर्जन से अधिक कैंप बना दिये गए हैं। नदी नालों पर पुल बना दिया गया है। जवानों की यह कोशिश है कि अब दोबारा इस पहाड़ पर नक्सलियों को नहीं आने दिया जाये। इसके साथ ही जिले से नक्सवाद की लौ आहिस्ता-आहिस्ता मध्यम होती जा रही है।

#### माओवादियों को हर मोचे पर दी शिकस्त

सुरक्षाबलों की आक्रमक रणनीति की वजह से पिछले दो सालों के दौरान माओवादियों को हर मोर्चे पर शिकस्त दी गई है। खासकर साल 2022 लातेहार पुलिस के लिए नक्सल फ्रंट पर बेहद कामयाब रहा बूढ़ा पहाड़ जैसे घोर नक्सल प्रभावित इलाके से नक्सलियों को खदेड़ दिया।

#### सुरक्षाबलों ने कई इनामी नक्सलियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया

सुरक्षाबलों ने अदम्य साहस दिखाते हुए कई नक्सलियों को मार गिराया कई इनामी नक्सलियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया वहीं कई नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सलियो के विरुद्ध चलाये गए अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को बड़े पैमाने पर बंकरो में छिपाकर रखे गए गोला बारूद भी बरामद हुआ है।

---

### बोकारो में 10 किमी के वॉकथोन का आयोजन

बोकारो। नशा मुक्ति अभियान के तहत आम लोगों को जागरूक करने के लिए बोकारो में शनिवार को 10 किलोमीटर के वॉकथोन का आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा किया गया । बोकारो ने कहा ड्रग्स को नो थीम पर आयोजित इस वॉकथोन में जिले के अधिकारियों और जवानों ने 10 किलोमीटर तक वॉकथोन के तहत दौड़ लगाई गई। बोकारो हवाई अड्डे से पत्थर कट्टा चौक होते हुए गांधी चौक सहित नया मोड़ के साथ-साथ सभी दौड़ लगाते हुए समाहरणालय तक पहुंचे इस मौके पर एसपी चंदन झा डीडीसी कृति श्री जी और बोकारो के सीआरपीएफ कमांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि जिस तरीके से नशा बड़ों से लेकर युवाओं को अपनी जद में ले रहा है। ऐसे में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ताकि लोग नशा से दूर रहे। क्योंकि नशा ही नाश का कारण बनता है और कई गंभीर बीमारियों को जन्म देता है।

---

# लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में लापरवाही से गाड़ी चलाने और इससे होनेवाले सड़क दुर्घटना के मामले में बढ़ोतरी हुई है। इस क्रम में 22 दिसंबर को भी इसी तरह का एक मामला सामने आया था। जिसमे एक युवक गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसने पुलिस के समक्ष आवेदन देकर लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। भुक्तभोगी युवक नवीन उरांव उम्र करीब 22 वर्ष पिता स्व0 बुद्ध उरांव ग्राम-गंगपाड़ा थाना जिला-लोहरदगा ने पुलिस को बताया कि वो दिनांक 22.12.22 को शाम में ग्राम-सेरेंगहातु तोडार में चर्च के सामने पक्की सड़क के पास सलिम कुजूर के पानी पुड़ी चार्ट के दुकान के पास सड़क के किनारे अपना पैशन प्लस मोटरसाईकिल न0-जेएच 08 ए-9297 में बैठकर पानी पुड़ी खा रहा था। तभी लोहरदगा के तरफ से एक केटीएम मोटरसाईकिल काफी तेजी से चलाते हुए मेरे मोटरसाईकिल में जोरदार धक्का मार दिया जिससे मैं काफी गंभीर जख्मी हो गया तथा केटीएम मोटरसाईकिल न0-जेएच 09 एएम -7943 का चालक एंव उसके साथ बैठे दो अन्य व्यक्तियों भी घायल हो गये थे । ग्रामिणों ने हम सभी को उठाकर ईलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा ले गये थे। जहां मुझे पता चला कि केटीएम चालक का नाम आकाश महली पिता अशोक महली सा०-भैसमुन्दो थाना-भण्डरा जिला- लोहरदगा है। मुझे दि0-22.12.22 को रात में ही बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रांची रेफर कर दिया था जहाँ अभी मेरा ईलाज चल रहा है। तथा मेरा दांया पैर टुट गया एंव माथा में काफी चोट लगी है तथा मेरा बाइक भी क्षति हो गया है। यह घटना केटीएम मोटरसाईकिल चालक आकाश महली के द्वारा तेजी एंव लापरवाही से चलाने से घटना घटी है। इस मामले में सेन्हा थाना कांड संख्या 129/22 , दिनांक 24.12.2022, धारा 279/304ए /427/337/338 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है।

NEWS इन ब्रीफ

### 2 किलो अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार पुलिस ने शहर के बस स्टैंड से 2 किलो अफीम के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों आरोपी चतरा जिले के पत्थलगड़ा के निवासी हैं। बताया जाता है कि वे बस स्टैंड में थे। वहां से दिल्ली जाने की फिराक में थे। इसी बीच वरीय पदाधिकारी को तस्करों के बारे में गुप्त सूचना मिली। इसके बाद टीम गठित कर दोनों युवकों को अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बड़ा बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ चल रही है। वरीय पदाधिकारी के आदेश के अनुसार प्रेस वार्ता कर जानकारी दी जा सकती है। छापेमारी टीम में बड़ा बाजार थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, कोरा थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी और मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो शामिल थे।

### फरार अभियुक्त के खिलाफ चिपकाया गया इश्तहार



**बरही।** पिछले कई वर्षो से कांड संख्या 159/14 के फरार कांड अभियुक्त के खिलाफ इश्तहार चिपकाया गया। जानकारी के अनुसार अभियुक्त रामपति गर्ग पिता स्व गजानंद गर्ग धनबाद जिला अंतर्गत झरिया थाना के राजबाड़ी मार्ग राजमती कॉलोनी के रहने वाले है। जिनके विरुद्ध थाना में अवैध कोयला उत्खनन और बिक्री के खिलाफ मामला दर्ज है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पिछले 8 वर्षों से पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है। न्यायालय के निर्देशानुसार अभियुक्त के आवास एवं उसके आसपास के क्षेत्र में इश्तहार चिपकाने का काम किया गया है। इश्तहार इंस्पेक्टर ललित कुमार के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार और चौकीदार के सहयोग से चिपकाया गया।

### चित्रांश समाज ने जताया शोक



**बरही।** शनिवार की देर संध्या चित्रांश परिवार के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का आयोजन चित्रांश परिवार गौरिया करमा निवासी दिवंगत अनिल कुमार सिन्हा और न्यू कॉलोनी निवासी वरिष्ठ चित्रांश विनोद कुमार सिन्हा की माताजी के निधन पर आयोजित किया गया था। उपस्थित चित्रांश सोनी दिवंगत की आत्मा शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी महाराज से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष मनोज घोष की अध्यक्षता में मुख्य संरक्षक वरिष्ठ चित्रांश उपेंद्र प्रसाद के आवास पर की गई थी। जिसका संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में इन लोगों के अलावा संरक्षक राजेंद्र रुखरियार, श्याम कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी में क्रिसमस की धूम

**हजारीबाग।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रेम और करुणा का पर्व क्रिसमस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य को गुलदस्ता भेंट कर की गई। छात्राओं ने प्राचार्य को हाथ से बने ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि सेंटा क्लॉज प्रेम और शांति के दूत हैं, जो सार्वभौमिक सुख, भाईचारा और शांति का संदेश देते हैं। इस अवसर पर कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने ईसा मसीह के जीवन पर आधारित लघुनाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों के गाए गए भजनों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

## प्राकृतिक खेती व इसके विस्तार विषय पर उपायुक्त ने कार्यशाला का आयोजन

# प्राकृतिक खेती किसानों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से लाभकारी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्राकृतिक खेती एवं इसके विस्तार विषय पर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिंह एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र मांडू, रामगढ़ डॉक्टर दुष्यंत कुमार राघव ने उपायुक्त सहित सभी अधिकारियों व अन्य को जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड राज्य में कुल 12 जिलों का प्राकृतिक कृषि एवं इसके विस्तार के लिए चयन किया गया है। साथ ही उन्होंने पीपीटी के माध्यम से सभी को प्राकृतिक खेती के तकनीक एवं फायदों के प्रति भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त सुश्री मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों, नाबार्ड, एफपीओ आदि से जिस उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में रामगढ़ जिले का चयन किया गया है उसे सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी किसानों तक प्राकृतिक खेती की जानकारी पहुंचाने एवं उन्हें इसके इस्तेमाल के प्रति उन्हें जागरूक करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि प्राकृतिक खेती ना केवल किसानों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से लाभकारी है बल्कि जो भी फसल प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई जाएगी वह लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी से किसानों को अन्य फसलों के साथ-साथ शकरकंद,मडुवा, मूंगफली आदि की भी खेती कर रामगढ़ जिले को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने की अपील की। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने किसानों को प्राकृतिक रूप से खेती करने के लिए प्रेरित करने को लेकर उपस्थित अधिकारियों व किसान उत्पादक संगठनों को ग्रामीण स्तर पर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की।



कार्यशाला के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ राघव ने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती हैं। प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार की खेती में जो तत्व प्रकृति में पाए जाते हैं उन्हीं को खेती में पोषक तत्व के रूप में कार्य में लिया जाता है। प्राकृतिक खेती में पोषक तत्वों के रूप में गोबर की खाद, कंपोस्ट, जीवाणु खाद्य, फसल अवशेष और प्रकृति में उपलब्ध खनिज जैसे रॉक फास्फेट, जिप्सम आदि द्वारा पौधों को पोषक तत्व दिए जाते हैं। प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध जीवाणुओं, मित्र कीट और जीवन कीटनाशक द्वारा फसल को हानिकारक जीवाणुओं से बचाया जाता है।

कार्यशाला के दौरान उन्होंने विशेष रुप से प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, प्राकृतिक खेती के लाभ, प्राकृतिक खेती का महत्व, जैविक कृषि व प्राकृतिक कृषि में अंतर, प्रकृति में स्वतरू उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन, प्राकृतिक कृषि के मुख्य आधार, वर्तमान कृषि पद्धति में प्राकृतिकी संसाधनों की स्थिति, प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक, प्राकृतिक खेती में फसल सुरक्षा के उपाय, प्राकृतिक खेती में चुनौतियों सहित इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सभी को विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में परियोजना निदेशक आत्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी रामगढ़, डीडीएम नाबार्ड सहित विभिन्न एफपीओ के निदेशक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग मामलों में चार चोर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा के तिलैया पुलिस ने छिनतई और मोटरसाइकिल चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चार मोटरसाइकिल चोर समेत एक अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। महिला एलआईसी एजेंट से हुई एक लाख 60 हजार रुपए छिनतई के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उड़ीसा के रहने वाले माइकल रुद्रनाथ को छिनतई के एक लाख आठ हजार रुपये नगदी समेत मोटरसाइकिल के साथ धर दबोचा है। इस मामले में पुलिस ने महिला एलआईसी एजेंट से छीना हुआ लेडीज पर्स भी बरामद कर लिया है। इसके अलावा मोटरसाइकिल जांच के क्रम में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार शख्स की निशानदेही पर अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्य पकड़े गए हैं। फिलहाल पुलिस इन मोटरसाइकिल चोरों से पूछताछ कर रही है। एलआईसी महिला एजेंट से छिनतई के मामले का पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में उद्भेदन कर लिया है और हजारीबाग के चौपारण थाना पुलिस की मदद से चोरदाहा चेकनाका से उड़ीसा के रहने वाले माइकल रुद्रनाथ राव को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए कोडरमा एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने बताया कि छिनतई के मामले में पीड़िता के बयान के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई और अंतरराज्यीय चोर को पकड़ा गया। इसके अलावा नियमित रूप से मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को सफलता मिली और एक मोटसाइकिल चोर के निशानदेही पर छापेमारी कर तीन चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**हजारीबाग।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया। एसपी मनोज रतन चोथे को गुप्त मिली कि झारखंड से जीटी रोड होते हुए बिना नंबर के स्कॉर्पियो गाड़ी से शराब की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए चौपारण पुलिस ने पाण्डेयबारा चौक के पास चेकिंग शुरू की। चेकिंग होते देख शराब माफिया पाण्डेयबारा से सेलहारा की ओर भाग निकले। गाड़ी रास्ते में छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 150 पीस अंग्रेजी शराब मिली। वहीं पुलिस ने जेएच03एडी -3249, जेएच02एजे-5329, और जेएच02एएक्स-7825 के तीन अलग-अलग नंबर प्लेट भी बरामद किया।

## क्रिसमस गैदरिंग: रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रुही फातिमा ने किया ।वहीं बच्चों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुति की गई। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि विद्यालय में इस तरह का आयोजन बच्चों में सभी धर्मों के त्योहारों के प्रति प्रेम भावना जागृत करता है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा भारत विभिन्नता में एकता का संदेश देता है।प्रभु यीशु के आपसी प्रेम,दया,क्षमा जैसा संदेश को समाज में फैलाने की आवश्यकता है। शिक्षिका मानती लकड़ा प्रभु यीशु मसीह के आगमन को लेकर गीत प्रस्तुत की। शिक्षिका प्रीति प्रभा ने यीशु मसीह के संदेशों को गीत के रूप में प्रस्तुत कर बच्चों में प्रेम भावना का संदेश दी। इस दौरान स्वेच्छा राय,परी साहू, भुमिका कुमारी, अंजलि पांडेय, आदि छात्राओं ने यीशु मसीह के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन भी किए। जिया मोदी ने वाकिंग विद जीसस गाने पर नृत्य की। बुसरा खातुन मरियम के तथा कृष्णा पंडित सांता क्लॉज की वेषभूषा में से कर शानदार प्रस्तुति दी। अंत में क्रिसमस तथा नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## अनुमंडल पत्रकार परिषद का वार्षिक वनभोज संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** अनुमंडल पत्रकार परिषद का वार्षिक मिलन वनभोग कार्यक्रम चौपारण के पीके इंटरनेशनल होटल में संपन्न हुआ।

**खबर प्रकाशन के पूर्व संबधित व्यक्ति के राय लेने की अधिकारियों ने किया अपील**

**पत्रकारों के सवालों पर सकारात्मक पहल करने का अधिकारियों से किया गया अपील**

इस अवसर पर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड चौपारण, पदमा, बरकट्ठा, चलकुसा और बरही के करीब पचास से भी अधिक पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष संजय यादव और संचालन महासचिव शशि कुमार ने परिषद के संरक्षक जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, धनंजय पाठक आदि के निर्देशन में किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र प्रसाद, थाना प्रभारी शंभू नंदेश्वर व स्थानीय मुखिया भी शामिल होकर परिषद के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में परिषद में बरही, चौपारण और बरकट्ठा से जुड़ने वाले नए पत्रकार साथियों का स्वागत किया गया। विगत त्रिस्तरीय चुनाव में बतौर पंचायत प्रतिनिधि निर्वाचित होने वाले पत्रकार साथियों का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सभी पत्रकार साथियों के अभिनंदन के साथ हुआ। परिषद के पदाधिकारियों ने परिषद के कार्य और संगठन मजबूती पर चर्चा करते हुए परिषद के कार्ययोजनाओं से उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया। निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही कार्ययोजनाओं से संबंधित लिखित प्रस्ताव वरीय पदाधिकारियो को दी जायेगी। इसके साथ ही संगठन के पुनः चुनाव को लेकर आगामी माह में कोर कमेटी की बैठक कर चुनाव संचालन समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने मुद्दा विशेष पर खबर प्रकाशन के पूर्व संबधित व्यक्ति के राय लेने की अपील किया । अंत में सबों ने एक साथ वनभोज का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित करने के लिए परिषद की ओर से चौपारण इकाई का आभार व्यक्त किया गया।




## मानसरोवर पब्लिक स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल के द्वारा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भगवान बिरसा जैविक उद्यान औरमांझी का भ्रमण कराया गया। जिसमें निर्देशक महेंद्र प्रसाद और प्राचार्य सोनू कुमार द्वारा जंगली जानवरों और उनकी जीवन शैली के साथ-साथ उनकी प्रजातियों का भी वर्णन करते हुए बच्चों को समझाया गया। उद्यान में स्थित मछली घर में रखी गई तरह तरह की मछलियों के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के उपरांत प्राचार्य ने बच्चों को बिरसा जैविक उद्यान के बारे में लेख लिखने का गृह कार्य दिया। वहीं शिक्षक रोहित कुमार ने पर्यावरण और जंगली जीव जन्तुओं का महत्व बच्चों को समझाया। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मियों में रोहित कुमार, दिलीप कुमार, दुलारचंद प्रसाद, कौशल पांडेय, मुकेश मंडल, राईमणि नूरी, अनवर,एकता कुमारी, सुमन कुमारी, जोसीमा रेशमा, आकाश कुमार, मनोज यादव संजय कुमार और स्कूलगार्ड अर्जुन सिंह शामिल थे।



## बरही: आठ एकड़ जमीन का मामला कोर्ट में

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विधायक नेहा तिर्की के द्वारा बरही के आठ एकड़ जमीन की बिक्री का मामला दिन भर सुर्खियों में रहा। सभी सच्चाई जानने के लिए दिन भर बेचैन रहे। जितनी मुंह उतनी कयास सुनने को मिलते रहे। संबधित मामले में सीओ से बात करने का प्रयास किया गया। परंतु उनसे संपर्क नही हो सका। मिली जानकारी के अनुसार जमीन खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत कुंडवा का खाता नंबर 19 प्लॉट 391 से संबधित है। अंचल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सर्वे खतियान के आधार पर उक्त जमीन गैर मजरूआ खास खाते की भूमि है। विवादित जमीन वन विभाग की नहीं है। उक्त मौजा के खाता नंबर 19 प्लॉट नंबर 391 के 14 एकड़ जमीन कुंडवा निवासी नागो महतो पिता स्व लड्डू महतो के नाम से बंदोवस्त है। जो जमींदार इन्दो कुंवरी से बजरिए हुकुमनामा और फर्द रिपोर्ट अमीन का पर्चा के माध्यम से प्राप्त है। जो अंचल कार्यालय के पुराना पंजी टु (1951) में दर्ज है। जिसका 1956 से 1962 तक लगान रसीद भी निर्गत है। उक्त जमीन 10 मार्च 1967 को मनोहर प्रसाद पिता जुगल किशोर प्रसाद को बेच दिया गया । जिसका भी दाखिल खारिज हुआ और लगान रसीद भी निर्गत हुआ। उसी जमीन को मनोहर प्रसाद के द्वारा 12 नवंबर 2018 को कुंडवा निवासी मनोज कुमार यादव पिता सुकर यादव एवं न्यू कॉलोनी निवासी विनोद कुमार सिन्हा पिता राम बल्लभ सहाय को बतौर रजिस्ट्री केवाला किया गया। जिसक राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के रिपोर्ट के आधार पर सीओ ने 2019 में दाखिल खारिज किया।

**क्या कहती हैं एसडीओ :** संबंधित मामले में एसडीओ ने भी बताया कि मामला कोर्ट में लंबित है। वन विभाग के द्वारा बाद में मामला दर्ज कराया गया है।

**क्या कहते हैं प्रमुख :** संबंधित मामले के संबंध में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने बताया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होनी चाहिए । उन्होंने बताया कि सीओ फिलहाल छुट्टी पर दिल्ली गए है ।

## चितरपुर उप डाकघर में विदाई समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर उप डाकघर में शनिवार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शाखा डाकघर छत्तर मांडू के ग्रामीण डाक सेवक अभयराज सिंह एवं पूर्व में सेवा निवृत हुए गंडके शाखा डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक जतरू महतो को सम्मानित कर विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता उप डाकघर चितरपुर के उप डाकपाल रामखेलावन चौधरी ने की। जबकि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के सचिव दिलीप कुमार, विशिष्ट अतिथि उप डाकघर रजरप्पा प्रोजेक्ट के डाकपाल पवन कुमार, सौंदा डी उप डाकघर के डाकपाल सुबोध कुमार मौजूद थे। जबकि मंच संचालन अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के रविशंकर राय ने की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिलीप कुमार ने ग्रामीण डाक सेवक अभयराज सिंह एवं जतरू महतो को शुभकामनाएं दी। उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवा निवृत हुए ग्रामीण डाक सेवक अभयराज सिंह एवं जतरू महतो की हर संभव मदद की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रवीण नायक, विनीत कुमार, श्वेता सिंह, चिन्ता देवी, संजू कुमारी, शैलेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, सुनील कुमार, शशि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**सम्मान समारोह** | प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का आयोजन

# पहले खुद पर विश्वास करें सफलता मिलेगी ही : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** डाकबंग्ला चौक स्थित पराडाइज रिसॉर्ट में चाणक्य आईएएस एकेडमी ने प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीसी नैंसी सहाय शामिल हुईं। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी, चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा और झारखंड हेड अभिनव मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम तीन टॉपर्स विवेक कुमार, अजय कुमार और नितेश कुमार को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। साथ ही संस्थान की ओर से तीनों टॉपर्स को सम्मानित किए जाने के साथ-साथ सभी 1500 टॉपर्स प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उनके रैंक के अनुसार उन्हें छात्रवृत्ति दी गई।



डीसी ने कहा कि यह मानना कि यूपीएससी की परीक्षा काफी कठिन है और प्रथम बार में ही सफलता मिलना मुश्किल है, यह एक भ्रांति है। इसका उदाहरण मैं खुद हूं। मैंने अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी में 36वां रैंक हासिल किया है। इसलिए सकारात्मक सोच और खुद पर आत्मविश्वास हो तो नियमित परिश्रम आपको सफलता जरूर दिलाती है। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने भी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की और अपने रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने विद्यार्थियों का जज्बा बढ़ाते हुए सूरज जैसा चमकने के लिए सूरज से प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं सम्मानित प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को काफी अहम बताया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम से जहां विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, वहीं मेहनत कर सफलता की राह आसान बनाने की प्रेरणा मिलती है।

### डोभा निर्माण में जेसीबी से का हो रहा है प्रयोग, बीपीओ की मिलीभगत

## आरोप झूठे, जांच करवाएं : बीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के दुलमहा में मनरेगा के तहत बन रहे डोभा में जेसीबी का खुल्लेआम प्रयोग हो रहा है। इससे न केवल मजदूरों का हक मारा जा रहा है बल्कि सरकारी निदेशों का खुल्लेआम उल्लंघन किया जा रहा है। उक्त बाते प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक ने कही।

उन्होंने बताया कि स्थल निरीक्षण के दौरान दुलमहा के लखना, बुढीडीह आदि क्षेत्रों में बन रहे डोभा में जेसीबी से रातों रात काम होने का पता चला है। कई जगह पर मशीन के चक्कों के निशान को भी मिटाने बका प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में रोजगार सेवक भी मौजूद थे। स्थानीय लोगो ने भी बताया कि डोभा निर्माण में मशीन का प्रयोग किया गया है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को शिकायत कर दोषियों को करवाई करने की मांग की जाएगी।



संबंधित मामले में पूछे जाने पर बीपीओ धर्मेंद्र कुमार ने दो टूक बताया कि प्रमुख के द्वारा लगाया गया आरोप झूठा और बेबुनियाद है। डोभा निर्माण में किसी भी प्रकार का मशीन का उपयोग नहीं किया गया है। सभी कार्य मजदूर के द्वारा किए गए हैं। प्रमुख इसकी जांच करवा सकते हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### जिप सदस्य ने हाथी प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने शनिवार को दुमकी पंचायत के चेटमाल और कोरोंजो बजार टोली का दौरा कर हाथी प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार शाम लगभग आठ बजे चेटमाल निवासी पीटर टेटे अपने परिवार में रात्रि भोजन के बाद क्रिसमस को लेकर मिठाई इत्यादि बनाने की तैयारी कर रहे थे तब ही एक जंगली हाथी किधर से आकर उसके घर को क्षति करने लगा तत्पश्चात शोर सुनकर चेटमाल के ग्रामीण एकत्र होकर हाथी को भगाया चेटमाल में पीटर टेटे और सुमन टेटे तथा कोरोंजो में मानशुख बोदरा के घर को जंगली हाथी ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया। जिप सदस्य अजय एक्का ने चेटमाल और कोरोंजो पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि अमृत चिराग तिर्की, ग्राम प्रधान सामुएल बाः वार्ड सदस्य सलन लुगुन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### 16 जनवरी को विवेकानंद शिशु मंदिर करंगागुड़ी का होगा उद्घाटन

**केरसई।** केरसई प्रखंड के बासेन स्थित करंगागुड़ी शिव धाम परिसर में शनिवार को विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक नागेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई जिसमें आगामी 16 जनवरी 2023 दिन सोमवार को बृहद रूप से विवेकानंद शिशु मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम करने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें कार्यक्रम हो नृत्य की प्रस्तुति, पाईकी नृत्य, एवं सरस्वती शिशु मंदिर सलडेगा सिमडेगा के विद्यार्थियों के द्वारा कला एवं संस्कृति का विहंगम कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सलडेगा स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र साहू, सिमडेगा, मानकी लाल, पुजारी महेश्वर दास एवं मंदिर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य साथ ही विद्यालय कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पोखर गांव में मोटरसाइकिल दुर्घटना में शनिवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा लाया गया जहां पर उनकी इलाज की गई। मौके पर बताया गया की पोंडखर गांव के स्कूल के पास अजहर माझी एवं कातू माझी पीडियापोंछ से अपने घर घरसा लौट रहे थे इसी क्रम में एक बकरी आकर मोटरसाइकिल में घुस गई जिसे दोनों गिर गए और घायल हो गए घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दिया गया। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बोलबा अस्पताल लाया गया। जहां उनकी इलाज चल रही है।

### जंगली हाथियों ने मचाया आतंक

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत एवं केरया पंचायत में हाथियों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।बताया गया कि बीते रात्रि को एक अकेला हाथी अचानक से केरया पंचायत के धुमाडांड़ पतराटोली कुंवर नायक का मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर में रखा धान को खा गया।साथ ही दुमकी कोरोंजो चेटमल नारूटोली में डोमिनिका टेटे पति स्वर्गीय स्टेफन टेटे का मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर में रखा चावल, धान मिलते ही ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रिंस कुमार सिहासन डुंगडुंग,साथ में संबंधित पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मनोहर सुरीन, अटल लुगुन ,केरेया के संजय राम वहां पहुंचे एवं तत्काल सहयोग के रूप में चावल एवं कंबल दे कर उनका सहयोग किया एवं सरकार से हर संभव मदद दिलाने की बात कही।

### निर्गत अनापत्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा बैठक

# समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करे : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को वन प्रमंडल द्वारा निर्गत अनापत्ति के वर्तमान स्थिति के संबंध में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए वन विभाग द्वारा प्राप्त एनओसी के संबंध में विभागवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत कुरुमगढ़ देवरगंज रोड (19.95 कि. मी.) तथा सिविल मरवा रोड (18.90 किलो मीटर) के लिए वन विभाग द्वारा भूमि पर कार्य करने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दी गई है। वहीं जिला परिषद के द्वारा न्यायालय में लाइब्रेरी के पास पीसीसी पथ एवं पार्किंग शेड के पास वृक्ष पातन/प्रतिशपतन हेतु वन विभाग द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दी गई है। उपायुक्त ने टांगीनाथ धाम में निर्माण कार्य हेतु जिला परिषद को वन विभाग को आवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। ताकि कार्य तेजी से प्रारंभ हो सके। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु वन भूमि पर कार्य करने हेतु भी अनुमोदन प्राप्त हो चुकी है। उपायुक्त ने सभी अनुमोदन प्राप्त भूमि पर किए जाने वाले निर्माण कार्यों को वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला सुधीर कुमार गुप्ता, पीडी आईटीडीए इंदु गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, स्पेशल डिवीजन कार्यपालक अभियंता, आरईओ के कनिया अभियंता, पथ निर्माण के सहायक अभियंता, सहायक अभियंता जिला परिषद, भवन निर्माण सहायक अभियंता, पीएचडी विभाग सहायक अभियंता के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### नाबालिक को भगाने के आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**लोहरदगा।** नाबालिक लड़की को भागने के आरोप में सेन्हा थाना में एक नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को भागने का आरोप लगाते नाबालिक लड़की के पिता ने सेन्हा थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाया है। बताया जाता है कि नाबालिक लड़की बुटी हाई स्कूल के 9 वीं कक्षा की छात्र है। जो 14 दिसम्बर को अपने घर से सुबह 9 बजे स्कूल के लिए निकली थी। स्कूल छुटी होने के बाबजूद 4 बजे तक घर नही पहुंची परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन की। इसी दरमियान नाबालिक लड़की के पिता को जानकारी हुई कि जमीरा निवासी तुलसा उरांव के 25 वर्षीय पुत्र दशय उरांव ने नाबालिग को बहला फुसला कर भाग ले गया है, जो पहले से शादीशुदा है और दो बच्चा का पिता है।

### मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना

# डीसी ने किया खेती किये गये स्थल का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सुखाड़ से प्रभावित किसानों के सत्यापन हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। उपायुक्त द्वारा सेन्हा अंचल के ग्राम तोड़ार और लोहरदगा अंचल के ग्राम नदिया में किसानों द्वारा खेती किये गये स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही, किसानों/ग्रामीणों से पूछताछ की गई। किसानों की ओर भी सुखाड़ से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई।

उपायुक्त द्वारा उपस्थित अंचल अधिकारी को सुखाड़ राहत हेतु प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किसान के खेत में जाकर करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी,



लोहरदगा को प्रतिदिन सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत कम से कम 50 किसानों के खेत का स्थल निरीक्षण कर वास्तविक सत्यापन किये जाने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, संबंधित अंचल अधिकारी व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## सिमडेगा में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय सिमडेगा में शनिवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान उपभोक्ता आयोग सिमडेगा के अध्यक्ष रविंद्र कुमार के अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया उपभोक्ता दिवस मनाने का मुख्य लक्ष्य उपभोक्ताओं को जागरूक करना तथा उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर आयोग में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।मौके पर रविन्द्र कुमार ने बताया कि ग्राहक को समान लौटाने, बदलने, वारंटी और गारंटी के साथ साथ समस्या के निदान का भी अधिकार प्राप्त है। ऑनलाइन खरीदारी के संबंध में उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में कोई भी शिकायत है 24 घंटे के अंदर समाप्त कर देना है तथा समस्या का निदान 1 माह के अंदर कर देना है।अध्यक्ष ने कहा की उपभोक्ता आयोग की प्रक्रिया को



अत्यंत ही सरल बनाया गया है, कोई भी व्यक्ति ई दाखिल वेबसाइट से आयोग में शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में सन 1986 में संसद से उपभोक्ता संरक्षण कानन पारित हुआ जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने का था। यह कानून उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ। पुनः सन 2019 में भोक्ता संरक्षण कानून में उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए कुछ बदलाव लाया गया जिसके अंतर्गत सुरक्षा का अधिकार, उत्पाद के संबंध में सूचना, समान चुनने की स्वतंत्रता तथा उपभोक्ता जागरूकता को प्राथमिकता दी गई। मौके पर सदस्य लता तिर्की, कार्यालय सहायक अनीश रंजन,एवं स्वाति सुरीन उपस्थित रही।

### व्यावसायिक वाहनों को परमिट निर्गत करने की मांग

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन और दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार के सचिव को ईमेल एवं ट्विटर संदेश भेजकर यह मांग की है कि पिछले कई दिनों से आरटीए ऑफिस के द्वारा दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र में 15 वर्षों से पुराने व्यवसायिक वाहनों को परमिट नहीं दिया जा रहा है ,जबकि दूसरी तरफ उन्ही वाहनों से टैक्स भी वसूला जा रहा है जो समझ से परे है और इससे लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। कहीं ना कहीं यह मामला धांधली की तरह हैं, अगर परमिट निर्गत नहीं करना है तो आरटीए ऑफिस में बाहर सूचना पट पर एक सूचना लगा देनी चाहिए और जितने भी आवेदकों ने परमिट के लिए आवेदन किया हुआ है उनका आवेदन को रिजेक्ट करते हुए उन्हें वापस कर देना चाहिए कि किन कारणों से परमिट नहीं बनेगा। कहीं ना कहीं सरकारी आफिसर आम जनता को परेशान कर रहे हैं. इसी मुद्दे पर अध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा है कि 15 वर्षों से पुराने व्यवसायिक वाहनों को परमिट निर्गत किया जाए।

### राज्य मलेरिया पदाधिकारी अपनी टीम के साथ किया गुमला का दौरा

# एमटीएस के सुपरविजन से नहीं फैलेगा मलेरिया होगा : डॉ अनिल

रणधीर निधि

**गुमला।** गुमला जिले से फाईलेरिया, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, व जापानी इंसेफेलाइटिस के मुक्ति के लिए राज्य स्तरीय टीम का गुमला जिला का दौरा शनिवार को संपन्न हुआ। इस टीम मैं राज्य मलेरिया पदाधिकारी सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी भी बी डी झारखंड के डॉक्टर अनिल कुमार, विनय कुमार एवं डॉक्टर मोहम्मद इकबाल शामिल हुए। जहां जिले में चल रहे मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम को समीक्षा की गई समीक्षा में पाया गया कि गुमला जिले से सभी प्रखंडों में कुछ न कुछ संख्या में फलेरिया से ग्रसित है। इस पर राज्य टीम ने जिला टीम को निर्देश दिया कि फलेरिया से उन्मूलन के लिए बेहतर कार्य करें। इस कार्य के सुपरभीजन में जिला सलाहकार शर्मिला शर्मा, एमटीएस अनूप नंद, एमटीएस अरविंद कुमार, एमटीएस प्रवीण केरकेट्टा एमटीएस आशीष



लकड़ा को बेहतर कार्यों की धरातल पर पहुंचे इसके लिए एमपीडब्ल्यू को सघन क्षेत्र में कार्य करने का निर्देश दिया गया साथ ही एएनएम एवं सहिया इस कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता निभाए। इसके लिए जिला एवं प्रखंड स्थल पर लगातार मॉन्टिनी किया जाए। मलेरिया कार्य को बेहतर संचालन एवं जिले से मलेरिया नियंत्रण करने के लिए गुमला जिला के चार एमटीएस को बाइक देकर सम्मानित किया गया।

राज्य मलेरिया पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने कहा कि एमटीएस के सुपरविजन से निश्चित रूप से मलेरिया नियंत्रण होगा साथ में फाईलेरिया चिकनगुनिया डेंगू इत्यादि बीमारी पर भी सीधा नियंत्रण की जा सकती है। डॉ कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम को बेहतर संचालन के लिए एमटीएस की बड़ी भूमिका है। डॉ कुमार ने कहा कि दुर्गम क्षेत्र में रहकर एमपीडब्ल्यू जो कार्य कर रहा है वह सराहनीय है।

जिले के एक एमपीडब्ल्यू चिकनगुनिया कार्य में बेहतर कार्य करने के लिए राज्य मलेरिया पदाधिकारी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया प्रस्तुति पद पाने वाले एमपीडब्ल्यू राकेश कुमार साहू है जो समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में पदस्थापित है। राज्य की टीम ने जिला सलाहकार शर्मिला शर्मा से कहा कि कार्यक्रम में नियमित रूप से मुलायम करें एवं क्षेत्र भ्रमण कार बेहतर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए कार्यक्रम की उपलब्धि दें ताकि गुमला जिला राज्य में बेहतर कार्य कर सकें।

### 15 दिवसीय सह योग प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 25 दिसंबर को प्रारंभ हो रही है। यह आयोजन स्थानीय प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को बीमारी आधारित योग की महत्ता, योग के बारीकियों से अवगत वरीय प्रशिक्षित योग शिक्षकों के द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एक्यूप्रेशर चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा एवं बीमारी आधारित बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पतंजलि के संस्थापक स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि बालकृष्ण जी के सानिध्य में हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षकों के द्वारा योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, जड़ी बूटी के औषधीय प्रयोग आदि की जानकारी भी दी जाएगी। उक्त आशय की भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने दी।

# कांग्रेस पार्टी देश के लोगों को एकसूत्र में बांधकर रखना चाहती है : सुखैर भगत

नवीन मेल संवाददाता

**पेशरार/लोहरदगा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरे देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में लोहरदगा जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार की अगुवाई में भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान भारत जोड़ो पदयात्रा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना देवी, जिप सदस्य पेशरार रूबी कुमारी



बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने का विशेष कार्य कर दिखाया। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के लोगों को एकसूत्र में बांधकर रखना और चलना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंचा दिया है जिससे हर वर्ग के लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने की राजनीति कर रही है जिसका भरपाई आगामी 2024 के चुनाव में जनता सूद सहित हिसाब चुकता करेगी। इधर भारत जोड़ो पद यात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने राहुल गांधी तुम आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं जैसे अनेको नारे लगाया। मौके पर कुडू प्रखंड अध्यक्ष, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडूंग, शाहिद अहमद बेलू, औरंगजेब अंसारी, करमचंद खेरवार सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### दो दिवसीय बाल विकास प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** कोचेडेगा स्थित सत्य साईं मंदिर में शनिवार को दो दिवसीय बाल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर ए सुभद्रा राव एवं रवि सुधाकर ने किया। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न गांव से आये बच्चों ने बड़े उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर को प्रशिक्षण के रूप में मुख्य शिक्षिका डी पुष्प लता झारखंड स्टेट बाल विकास कोऑर्डिनेटर एवं अपर्णा महापात्र झारखंड स्टेट जॉइंट बाल विकास कोऑर्डिनेटर के द्वारा दिया जा रहा है। सत्र 3:00 से शाम 6:00 बजे तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर का समापन आज सुबह 10:00 बजे होगा। मकार्यक्रम को सफल संचालन करने के लिए मुख्य रूप से राम चौधरी, अध्यक्ष गणपति बड़ाईक सहित अन्य शामिल रहे।

# अभाविप का 23 वां प्रांतीय अधिवेशन हजारीबाग में, कार्यकर्ता हुए रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 23 वा चार दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन हजारीबाग में आयोजित हो रहा है। चार दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिले से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रवाना हो गए है। गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार ने बताया कि विगत 7 वर्षों के बाद हजारीबाग जिले में अधिवेशन हो रहा है। चार दिवसीय अधिवेशन में पूरे झारखंड से लगभग 2000 से अधिक कार्यकर्ता गण शामिल हो रहे हैं। अधिवेशन में मिनी झारखंड का



स्वरूप देखने को मिलेगा वही विभिन्न प्रकार के सत्र चलेंगे जिसमें वर्तमान शैक्षणिक समस्याओं के निष्पादन के लिए तीन प्रस्ताव पारित किए जाएंगे जिस पर विद्यार्थी परिषद अगला पूरा साल कार्य करेगी। अधिवेशन में रवाना होने वाले कार्यकताओं में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीषा साहू, कॉलेज मंत्री दिव्या कुमारी, कॉलेज सह मंत्री अंजली कुमारी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुश्री जानवी गोयल, पूर्व नगर सह मंत्री ममता कुमारी, पूर्व नगर सह मंत्री गीता कुमारी, सुमंती कुमारी, संतोषी उरांव, पूजा कुमारी, लीलावती उराव, सुशीला उराव, जयंती उराव, बुद्धमनिया उरांव, शांति उरांव, शीला उरांव, लालमुनी उरांव, राखी उरांव, सुमंती कुमारी, अंजली कुमारी, दीपा कुमारी, ममता कुमारी, शांति कुमारी, दीप्ति साहू, मनीष साहू, अमित कुमार राम, संतोष साहू, शुभम साहू,आदि शामिल हैं।

### परेशान | कैरो में घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीण गोलबंद, निर्माण कार्य रुकवाया गया

# निर्माण शर्तों के अनुरूप हो निर्माण कार्य

शकील अहमद

**कैरो/लोहरदगा।** कहा जाता है कि विकास का रास्ता भी सड़क से होकर गुजरता है लेकिन लेट

**कुडू से चट्टी तक बन रही सड़क निर्माण में बरती जा रही घोर अनियमितता**

लतीफी तथा घटिया निर्माण कार्य होने के चलते यही सड़कें ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। कहीं पर सड़कों का निर्माण सालों से रुका पड़ा है तो कहीं पर सड़कें इतनी घटिया बन रही हैं एक साल भी नहीं चल सकती। ऐसा ही मामला कैरो प्रखंड में सामने आया है। कुडू से चट्टी तक बन रही सड़क पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए सड़क का निर्माण रुकवा दिया।



ग्रामीण इस बात पर अड़े हैं कि सड़क का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुसार होना चाहिए। ग्रामीण इस बात से भी नाराज हैं कि पहले तो सड़क का निर्माण कार्य सालो तक अटका रहा अब सड़क बनाई भी जा रही है तो गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। हालांकि यह पहला मामला है जब ग्रामीण सड़क बनाने वाले ठेकेदारों की मनमानी तथा घटिया निर्माण के विरोध में खड़े हुए है। सड़क का निर्माण कार्य इतनी घटिया दर्जे का हो रहा है की बनने के साथ ही सड़क उखड़ने लगी है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने शुक्रवार को कैरो से भंडरा तक 5 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़क कार्य का निरीक्षण करते हुए कैरो थाना, प्रखंड के सामने हो रहे पी सी सी कार्य मे उपयोग किये जा रहे चिप्स बालू को निम्न गुणवत्ता का बतलाते हुए कहा था कि चिप्स और बालू खराब है इससे काम की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ेगा साइड इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्ता वाले बालू चिप्स का उपयोग करने का निर्देश दिया परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी का साइड से हटने की देर थी कि फिर से वही बालू चिप्स का उपयोग किया जाने लगा जिसके बाद शनिवार को ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया और निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने की बात कही गई। एक तरफ सरकार स्थानीय जनता की सुविधा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर पक्की सड़कें तो बनवा रही हैं, लेकिन ये सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही है। जिसका ताजा उदाहरण कुडू चट्टी मुख्य पथ और कैरो से भंडरा को जोड़ने वाली सड़के है। ग्रामीण सरकारी काम में नदी का बालू का हो रहे इस्तेमाल से भी नाराज है ।ग्रामीणों का कहना है की आम गरीब को अपने निजी इस्तेमाल के लिए बालु नही मिल पाता है और मिल भी रहा है तो इसके लिए ज्यादा पैसा देना पड़ता है। इस मौके पर मुखिया वीरेंद्र माली, उपमुखिया रवि प्रजापति, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, बजरंग उरांव, सजाद अंसारी, अख्तर अंसारी, सूरजमोहन साहू, मुस्लिम अंसारी, समीरुद्दीन अंसारी, ऐनुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मतलूब अंसारी, विवेक प्रजापति सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मालवीय व बाजपेई की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में शिशु भारती के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने दोनों मनीषियों के जीवन चरित्र पर संक्षिप्त जानकारी दी। कहा आज राजनीति के क्षेत्र में राष्ट्र के लिए समर्पण त्याग एवं बलिदान की शिक्षा हमें अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन से लेनी चाहिए। पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने शिक्षा का दीपक जलाकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना करके भारतीय विचारधाराओं को विश्व के जनजीवन तक पहुंचाने का कार्य किया। आज काशी हिंदू विश्वविद्यालय विश्व के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में इसकी गणना की जाती है यह ऐसे ही महापुरुष के त्याग का परिणाम है आजीवन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रहते हुए उन्होंने अपने जीवन की सर्वस्व कमाई राष्ट्र को समर्पित कर दिया। हमें भी ऐसे मनीषियों से जीवन प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने पंडित अटल बिहारी वाजपेई एवं मदन मोहन मालवीय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। आचार्य महेंद्र कुमार मिश्र ने दोनों महापुरुषों पंडित अटल बिहारी वाजपेई एवं मदन मदन महामना मदन मोहन मालवीय जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय के आचार्य नंद किशोर साहू, गणेश साहू, अशोक साहू, त्रिलोचन साहू, जगदीश पांडे, मीनाक्षी दिव्या, आदि उपस्थित रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिक्षा विभाग ने जारी किया गाइडलाइन, मास्क अनिवार्य

**मेदिनीनगर।** पलामू के एनपीयू सहित सभी विश्वविद्यालयों में झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने कोविड से बचने के लिए गाइडलाइन जारी किया है। इसके तहत मास्क लगाना सभी के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही सैनिटाइजर का उपयोग करते रहने को कहा है। विभाग की ओर से झारखंड सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को पत्र लिखा गया है। पत्र सरकार के संयुक्त सचिव जॉर्ज कुमार ने जारी किया है। जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि मास्क लगाना व सैनिटाइजर अनिवार्य है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है। कार्यस्थल पर पांच से अधिक लोग इकट्ठा नहीं हो सकते हैं और कार्यस्थल पर गुटका तंबाकू खाकर आस-पास थूकना सख्त मना है।

### वरदान ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने सभी को उद्वेलित कर दिया है। कभी खुद की लापरवाही, कभी दूसरों की लापरवाही, कभी सड़क के गड्ढों, तो कभी सड़क पर सेफ्टी नियम का पालन नहीं करने की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। तकरीबन सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों को जानते हैं पर पालन नहीं करते। इसी बात पर ध्यान आकर्षित करने के लिए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार मुहिम चला रहा है। जिसका मुख्य टारगेट स्कूली बच्चे हैं। जो उम्र से पहले दोपहिया वाहन लेकर सड़क पर निकल जाते हैं और कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। आज सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शहर की शान कहे जाने वाले जिला स्कूल के बच्चों के बीच आयोजित किया गया। जिसमें ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह, प्राचार्य करूणा शंकर तिवारी, संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा, ने अपने विचार रखे और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए किया। इस मौके पर राखी सोनी, रिनू शर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ, बेबी विश्वकर्मा, रिशु कुमार शिक्षिका आकांक्षा पाठक आदि उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय स्वर्णकार संघ की बैठक आठ को

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी के निदेर्शानुसार आगामी 8 जनवरी को स्वर्णकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत किया गया है। यह बैठक रांची के पुराना विधानसभा हॉल में दिन के 11:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में प्रदेश एवं सभी जिला के सभी पदाधिकारी, संरक्षक को उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। उनके अनुसार झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश के पदाधिकारी गण एवं सभी जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण एवं प्रदेश एवं जिला के संरक्षक गण के लिए पूर्ण विश्वास है कि इस करोना काल में सभी को सुरक्षित रखते हुए स्वर्णकार संगठन के काम को बढ़ा रहे होंगे। बैठक में लोगों को इसी जज्बा, मजबूत इरादा को देखते हुए कई विषयों पर चर्चा किया जाएगा। जिसमे सभी जिला में स्वर्णकार संगठनों का विस्तार एवं चुनाव की प्रक्रियाओं की पर परिचर्चा, प्रदेश के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयार और आने वाले नगर निगम निकायों पर परिचर्चा किया जाएगा।

### कांग्रेस एससी मोर्चा की बैठक, प्रखंड कमेटी का विस्तार

**बरवाडीह।** प्रखंड कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक प्रखंड कांग्रेस कार्यालय एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान एवं जिला सचिव पंकज कुमार पासवान की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार ने प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए इसकी घोषणा की। जिसमे सर्वप्रथम प्रत्येक पंचायत में संविधान रक्षक का प्रत्येक वार्ड में विस्तार किया गया। जिसमें प्रत्येक वार्ड में 20महिला व 20पुरुष सदस्यों को संविधान रक्षक मनोनीत किया गया।

# आज मनाया जायेगा प्रभु यीशु का जन्म महोत्सव

## सरकारी गाइड लाइन के तहत कार्यक्रम होंगे आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज शहर में धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाएगा। इसके लिए लोगों ने पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। स्टेशन रोड स्थित शहर का शांति की महारानी को गिफ्ट, चाकलेट, मिठाई, गुब्बारे आदि बांटते हैं। लेकिन कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए लोगो में सतर्कता बरती। रोमन कैथोलिक चर्च के पुरोहित फादर मोरिस कुजूर ने बताया कि क्रिसमस कलाकृतियां बनाई गई है। जो आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि दीवार पर जो चित्रकारी हो रही है वह प्रभु यीशु से जुड़ा हुआ है और उनके जीवन का संदेश दे रहा है।





गिरजाघर चर्च में सूर्यास्त के बाद रोशनी से सराबोर होकर शहर की रौनक बढ़ा रहा है। लेकिन एक बार फिर कोरोना की दस्तक की वजह से क्रिसमस का त्योहार बदले हुए स्वरूप में मनाया जाएगा। क्रिसमस की विशेष प्रार्थना सभा केवल कुछ घंटे के लिए ही आयोजित की जाएगी। यह प्रार्थना सीमित लोगों की उपस्थिति में ही होगी। हालांकि चर्च खुला रहेगा। चर्च में दिनभर लोगों के आने-जाने का सिलसिला लगा रहा। विशेषकर बच्चे काफी उत्साहित रहते हैं और एक दूसरे की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इधर यूनियन चर्च के पादरी प्रभु रंजन मसीह एवं सीएनआई चर्च के प्रचारक सुनील तिर्की ने बताया कि क्रिसमस की तैयारी पूरी कर ली गई है। चर्च परिसर में आकर्षक चरणी सजाया जा रहा है। क्रिसमस पर स्थानीय स्टेशन रोड स्थित शांति की महारानी गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस कुजूर ने बताया कि पर्व को लेकर चर्च की दीवारों को पेंटिंग कराई गई है। कलाकारों द्वारा विभिन्न तरह के

**सरकारी गाइडलाइन का होगा पालन :** इस बार भी कोरोना के अंदेशा को देखते हुए सरकारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। सभी को चर्च में मास्क लगाकर आने का निर्देश दिया गया है। बिना मास्क प्रवेश नहीं मिलेगा। चर्च में सुबह की प्रार्थना नौ से दस बजे तक कर सकेंगे। बताते चले कि ईसाई धर्मियों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार क्रिसमस की तैयारी पूरी महीने चलती हैं। रात 12 बजे धरती में प्रभु यीशु अवतरित होंगे। सभी चर्च में इसकी तैयारी पूरी हो चुक है। कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट को देखते हुए दूसरे साल भी चर्च में क्रिसमस गैदरिंग नहीं होगी। बहुत सीमित संख्या में कोरोना गाइडलाइन के तहत लोग विशेष प्रार्थना में शामिल होंगे। बैठने की क्षमता को कम कर दिया गया तथा आवश्यक दूरी बनायी गयी है। ताकि कोरोना गाइडलाइन के तहत तय दूरी बनी रह सके।

**शहर में कहां-कहां है चर्च :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में स्थित सीएनआई चर्च यूनियन चर्च, स्टेशन रोड स्थित रोमन कैथोलिक चर्च शाहपुर स्थित सीजीएम चर्च, सतबरवा के तुम्बागड़ा स्थित बिहार मेनोनाईट चर्च के अलावा रामगढ़ प्रखंड के कुंडा पानी व नौडीहा स्थित चर्च में मसीही ईसाइयों द्वारा क्रिसमस को लेकर तैयारी की जा रही है।

**कब होगी आराधना :** आज सुबह 8 बजे से पूजा अनुष्ठान शुरू होगा। यूनियन चर्च के पादरी प्रभु रंजन मसीह ने बताया कि 24 दिसंबर की शाम 5:30 बजे से चर्च में आराधना शुरू होगी। जबकि 25 दिसंबर को सुबह 9 बजे से पूजा अनुष्ठान होगा। वहीं सीएनआई चर्च के प्रचारक सुनील तिर्की ने बताया कि 24 दिसंबर को शाम 5:00 बजे और 25 दिसंबर को सुबह 8 बजे से पूजा अनुष्ठान शुरू होगा।

### क्यों मनाया जाता है क्रिसमस का त्योहार

क्रिसमस का महत्व ईसाइयों के लिए बहुत अधिक होता है। प्रभु यीशु के जन्म के अवसर पर यह त्योहार मनाया जाता है। क्रिसमस का पर्व ईसाइयों में ही नहीं सभी धर्मों में पूरे धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी की क्रिसमस का पर्व 1 दिन का नहीं बल्कि पूरे 12 दिन का पर्व है और यह पर्व क्रिसमस की पूर्व संध्या से शुरू हो जाता है। क्रिसमस ईव यानि क्रिसमस की पूर्व संध्या धार्मिक और गैर-धार्मिक दोनों परंपराओं से जुड़ी है। इन परम्पराओं का मुख्य केंद्र प्रभु यीशु का जन्म है। ईसाई धर्म में भी अपनी विभिन्न संप्रदाय हैं। इस दिन रोमन कैथोलिक और एंग्लिकन मिडनाइट मास का आयोजन करते हैं। लुथेरन कैंडल लाइट सर्विस और क्रिसमस कैरोल के साथ जश्न मनाते हैं। कई एवेंजेलिकल चर्च में शाम की सेवाओं का आयोजन होता है जहां परिवार पवित्र भोज बनाते हैं।

# गंगा अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## संजीव ने ठंड से बचने के लिए कंबल का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पांकी रोड रेड़मा स्थित गंगा अस्पताल में निःशुल्क स्वाथ्य जांच शिविर एवं मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। स्व. कामेश्वर तिवारी की पुण्यतिथि के मौके पर यह आयोजन किया गया। अस्पताल के चेयरमैन संजीव तिवारी व स्थानीय डाक्टरों ने शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर में सैकड़ो की संख्या में मरीज उपस्थित हुए। वहीं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का लाभ उठाया। सभी तरह के स्वास्थ्य सेवा के लिए निःशुल्क अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। सभी स्टॉल पर मुफ्त में दवा सहित अन्य जांच की सुविधा अनुसार निःशुल्क किया गया। वहीं कई मरीजों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाने के साथ-साथ मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया गया। ठंड से राहत पहुंचाने के लिए दूरदराज से आए हुए, गरीब मरीजों को कमल भी वितरण किया गया। मौके पर सुनील तिवारी, अशोक पांडे, ओम प्रकाश अमरेन्द्र ,डा. राजेश कुमार मालवा, डा. अतुल प्रकाश, डा. संतोष सुमन, डा. अजय कुमार, डा. अमिता कुमारी, पप्पू साहू,आर्क अरुनिष, गौरव कुमार, बबलू,दुबे जी,कपिल कुमार, रीमा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आजसू ने प्रशासन से अलाव व्यवस्था की मांग की

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के सचिव सतीश कुमार ने कहा कि 15 दिनों पहले से आजसू पार्टी ने उपायुक्त से चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की मांग की थी। पलामू उपायुक्त के आदेश के बावजूद अब तक व्यवस्थित ढंग से न निगम न जिला प्रशासन अलाव की व्यवस्था की है। शहर के लगभग सभी रैन बसेरा में अवैध रूप से दुकान खुला है।

# जलमीनार की टंकी फटने से पेयजल संकट, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा पंचायत के धोबीटोला में बीते 3 माह से जलमीनार की टंकी फट जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। संबंधित अधिकारियों की शिकायत के बावजूद टंकी की मरम्मत नहीं हो पा रह है। धोबी टोला में लगाया गया जलमीनार सप्लायर द्वारा निम्न स्तर का टंकी लगाए जाने के कुछ दिन बाद ही जलमीनार की टंकी के फट जाने से जल मीनार में पानी नहीं जमा हो पा रहा है। जिससे जलमीनार में पानी भरने के बाद ही कुछ देर बाद पानी बहने से टंकी पूरी तरह खाली हो जा रहा है। जिससे एक और पानी की बबार्दी हो रही है। वहीं दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे लोगों



की परेशानी काफी बढ़ी है। ग्रामीणों ने कहा कि बीते दिनों पंचायत में लगाए गए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने लिखित शिकायत देखकर फटे हुए जल मीनार को बदलने की मांग किया था. लेकिन अब तक की स्थिति यथावत बनी हुई है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त का ध्यान इस ओर दिलाते हुए जल मीनार की मरम्मत करवाने की मांग किया।

## विधायक बैजनाथ राम का ग्रामीणों ने जताया आभार

# बालूमाथ में स्वास्थ्य भवन निर्माण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा के विधायक बैजनाथ राम बीते दिन झारखंड विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन बालूमाथ प्रखंड के ज्वलंत मुद्दा स्वास्थ्य भवन निर्माण के लिए धरने पर बैठ गए। जिसको लेकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ प्रखंड के ग्रामीण, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों ने विधायक के इस अथक प्रयास को लेकर चर्चा का विषय बना है। राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने बताया कि विधायक ने बीते कुछ माह पूर्व विधानसभा सत्र में ही बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र निर्माण और पूर्व में करोड़ों की लागत से बनाए गए अर्धनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन की जांच के लिए विधानसभा भवन में प्रमुखता से बात रखी गई



थी। जिसके बाद विधायक व उपायुक्त द्वारा बालूमाथ में भवन निर्माण के लिए स्थलों का निरीक्षण किया गया था।और यथाशीघ्र भवन निर्माण कार्य शुरू होना था पर लगभग 1 वर्ष बीत गए और भवन निर्माण कार्य नहीं हुई। विधायक ने पुराने भवन निर्माण के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात रखी है। जिसके लिए क्षेत्र की जनता ने विधायक के इस अथक प्रयास के लिए साधुवाद दिया है साधुवाद देने वालों में से महागठबंधन के नेता जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, दीपक यादव,व्यास यादव सहित अनय लोग शामिल है।

### एक दशक से जिमखाना में संचालित है स्वास्थ्य केंद्र

बता दें कि बालूमाथ जहां की जनसंख्या लाखों में है और जिस प्रखंड में 2 कोल माइंस और चार कोल साइडिंग और कई ईट भट्टे, क्रशर प्लांट इत्यादि हैं। वहां पर एक सुविधा पूर्ण अस्पताल तक नहीं है। जहां से राज्य सरकार , केंद्र सरकार को प्रत्येक माह करोड़ों -अरबों रुपए की मुनाफा होती है। वहां पर एक युग से भी अधिक समय से जिमखाना में स्वास्थ्य केंद्र संचालित की जा रही है।

# भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष अनिल व सचिव बने इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा(चतरा)।** समाज मे उम्दा प्रदर्शन करने वाले युवा समाजसेवी अनिल दास को भीम आर्मी का टंडवा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। शनिवार को टंडवा प्रखंड स्थित नगर भवन में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष आफताब अहमद के मौजूदगी में प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्षा शारदा देवी एवं संचालन पत्रकार रबिन्द्र दास ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रविदास महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष सुभाष दास मौजूद थे। बैठक में एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक को एक मंच में लाकर बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडक के कारवां को आगे ले जाने एवं समाज के उत्थान के साथ शोषित पीड़ित



परिवारों को न्याय दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित भीम आर्मी के प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अनिल दास, सचिव इरफान अंसारी, कोषाध्यक्ष राजकुमार राम, उपाध्यक्ष संजय पासवन, उपसचिव पिंटू राम, संरक्षक अर्जुन दास आदि का चयन किया गया। मौके पर मुकेश रवि डॉक्टर योगेश्वर कुमार, शंकर राम, अमीरका राम, बिनोद राम, सचिंदर दास, पवन कुमार समेत अन्य मौजद थे।

# तेंदुए के हमले में 113 मुर्गियों-बत्तखों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में शुक्रवार की रात्रि तेंदुए ने कुकुट पालक के 78 मुर्गी तथा 35 बत्तख को मार डाला। जिससे कुक्कूट पालक आनंद सिंह को लगभग 40 हजार का नुकसान हुआ है। हालांकि वन विभाग के वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही गांव में पहुंचकर मामले की जांच की। परंतु यह तेंदुए का हमला नहीं लगता है, किसी अन्य जंगली जानवर का हो सकता है। हालांकि ग्रामीण आनंद सिंह ने कहा कि हम लोगों ने अपने आंख से तेंदुए को देखा है। तथा हम लोग डर के मारे लगभग 11:00 बजे रात्रि में घर में घुस गए। जिससे हमारे मुर्गी तथा बत्तख को तेंदुए के द्वारा मार डाला गया। इस घटनहा में हमे भारी नुकसान हुआ है। बताते चलें कि क्षेत्र में पिछले 1 सप्ताह से



तेंदुए के हमले से लोग दहशत में है तथा जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। उधर विभाग का कहना है कि हम लोग लगातार तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जगह-जगह पर पिंजरा लगाए हुए हैं, परंतु तेंदुआ पकड़ में नहीं आ पा रहा है। आज रात्रि पाल्हे गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। वही पूरे क्षेत्र में तेंदुए के आतंक से लोग दहशत में है।

# इंतजार : सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार सुखलदरी जलप्रपात

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय से सात किलोमीटर की दुरी पर पर झारखण्ड -छतीसगढ की सीमा पर अवस्थित कपूर्री ठाकुर पर्यटन स्थल सुखलदरी अपनी मनमोहक प्राकृतिक छठा बिखरते हुए पर्यटकों की स्वागत के लिए बांह फैलाये तैयार है। विदित हो कि यहां प्रति वर्ष सैकडो की संखया मे सैलानी पिकनिक मनाने आते है। मकर सक्रांति मे यहा भव्य मेला का आयोजन होता है। जहां झारखण्ड, छतीसगढ , यूपी से सैकडो लोग आते है। हालांकि कोराना काल मे किसी तरह का आयोजन नही हो सका था। यहा की प्राकृतिक छटा स्वतः ही लोगों को लुभाती हुई अपनी ओर आकृष्ट करते हुए एक मोहपाश मे बांध लेती है।



### मकर सक्रांत पर मेला

यहां के झरना मे गिरते पानी मे जब सूर्य की सीधी किरणें पडती है तब सप्त इन्द्रधनुष रंग बिखरती है। बहते पानी मे कल-कल की आवाज सहज रूप से लुभाती है। यहां के झरना के खाई की गहराई का पता आज तक नही चला है। मकरसंक्रांति के दिन लगनेवाले मेला काफी ऐतिहासिक होता है। लोग कनहर नदी मे स्नान कर पास मे स्थित शिव मंदिर मे पूजा कर तिल चावल छूते हुए दही चूडा तिलकूट का आनन्द लेते है। हालांकि इस स्थल के भविष्य पर संकट के बादल छाये है। यूपी के अमवार मे कनहर नदी पर डैम बनने से यह स्थल डूब क्षेत्र के रूप मे चिन्हित हो गया है। डैम का अधिकांश कार्य हो चूका है, जब मुख्य धारा को जोड देगा, यह स्थल डूब जाएगा।

# पाल्हे गांव में करंट लगने से बच्चे की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम सोरठा निवासी बसंत साव के पुत्र मनदीप कुमार उम्र 12 वर्ष की मौत बिजली के करंट लगने से हो गई। मौत के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम हाउस में बिना डॉक्टर के ही बच्चे का पोस्टमार्टम करा दिया गया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि मनदीप शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे बकरी को पता देने के लिए पेड़ पर चढ़ा था तभी अचानक वह 11 हजार बिजली तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर



सदर अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम करने के लिए एक भी चिकित्सक वहां नहीं पहुंचे। डॉक्टर एमडी आसिफ के द्वारा ऑनलाइन स्वीपर के द्वारा ही बच्चे का पोस्टमार्टम करा दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। उन्होंने स्वीपर के द्वारा पोस्टमार्टम किए जाने की जानकारी अस्पताल अधीक्षक को दी।

## कार्रवाई | पीड़िता ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

# आरोपी को बचाने वाले थानेदार को निलंबित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग दिव्यांग के साथ स्थानीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक ने सीएम से आग्रह करते हुए कहा कि आरोपियों को शीघ्र कार्रवाई हो। इसको लेकर स्पीडी ट्रायल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं, पीड़िता ने आरोपी को बचाने वाले तरहसी थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग की है। 3 दिसंबर को तरहसी थाना क्षेत्र में दिव्यांग नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना के बाद पीड़िता के परिजनों के साथ मारपीट भी की गई थी। लेकिन थाना प्रभारी प्राथमिकी दर्ज नहीं की। ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू किया तो 5 दिसंबर को तरहसी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इस दौरान आरोपी युवक और उसके पिता के साथ साथ रिश्तेदारों ने पीड़िता के भाई, भाभी और परिजनों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। उन्हें एफआईआर करने से भी रोका। इस घटना के बाद दुष्कर्म पीड़िता के परिवारवालों के खिलाफ मुकदमा किया गया। विधायक और दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों ने सीएम से कहा है कि मामले में तरहसी थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध है। थाना प्रभारी ने आरोपी को बचाने का प्रयास किया है। दरअसल पीड़िता मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर है। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि मवेशी देखने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान गांव के युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता द्वारा शोर मचाए जाने के बाद उसकी भाभी मौके पर पहुंची। भाभी को देखने के बाद आरोपी युवक फरार हो गया।

# हेरिटेज जेनी किड्स में क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित हेरिटेज जेनी किड्स स्कूल में शनिवार को क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की डायरेक्टर मैम श्रीमती संगीता शंकर के फेलिसिटेशन प्रोग्राम के साथ हुई। सबसे पहले प्री नर्सरी- 'ए' के बच्चों ने क्रिसमस ट्री सॉन्ग पर परफॉर्म किया। क्रिसमस ट्री के गेट में ये बच्चे बहुत क्यूट लग रहे थे। इसके बाद प्री नर्सरी -बी के बच्चों ने 'वी विश यू A मेरी क्रिसमस' सॉन्ग पर परफॉर्म किया। स्टेज पर छोटे-छोटे सेंटा डांस करते हुए बहुत आकर्षक लग रहे थे। इन छोटे सेंटाज के बाद बारी आई नर्सरी 'ए' के बच्चों की। इन्होंने प्रभु यीशु मसीह के जन्म का प्रदर्शन किया। फिर बारी आई नर्सरी 'बी' के बच्चों की। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने पार्टनर के साथ डांस कर



सबको मोहित कर दिया। पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अभी तालियों की गूंज रुकी ही थी कि के.जी. 'ए' के बच्चों ने 'सिंग हाई सिंग लो' सॉन्ग पर डांस कर तथा 'जुंबा मूव्स' पर सारे दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। 1A के बच्चे भी पीछे नहीं रहे उन्होंने भी 'पॉम-पॉम' सॉन्ग पर बहुत ही मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। I'B' के बच्चों ने 'गैसोलीना सॉन्ग' पर अपने स्मार्ट मूव्स दिखाएं। II 'A' के बच्चों ने 'जॉय टू द वर्ल्ड' गाना गाया तथा 'जिंगल ट्यून' पर परफॉर्म किया। साथ II 'B' के बच्चों ने 'जिंगल बेल्स' सॉन्ग पर परफॉर्म किया। इसके बाद क्लास III ,IV तथा श के बच्चों ने सरप्राइज डांस प्रस्तुत कर सबको अचंभित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर मैम श्रीमती संगीता शंकर तथा स्कूल की प्राचार्या महोदय श्रीमती भावना मेहरोत्रा ने केक काटे तथा तथा बच्चों को एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## एक नजर इधर भी

### जल बिनु मछली, कुर्सी बिन नेता...

बिना कुर्सी का नेता एकदम फर्जी कागज की तरह होता है। समर्थक भी ऐसे जो गुड़ खत्म होते ही उड़ने वाली मक्खियों की तरह कहीं ओर भिनभिनाने लगते हैं। इस मामले में मक्खियाँ समर्थकों से कहीं अधिक बेहतर होती हैं। वे कम से कम गुड़ खत्म होने के बाद भी कुछ देर वहीं ठहरकर जमीन पर लगे गुड़ की मिठास को 'फील गुड' करने में कोई कोताही नहीं बरतती। ऐसे ही एक नेता थे। कुर्सी क्या गई मानो बदन से जान निकल गई। इससे अधिक दुख अपने चमचों की गायब होती संख्या को लेकर थी। दुख भी क्यों न हो, कुर्सी पर बैठकर चमचों के लिए इतने पाप किये कि अगले सात जन्मों का कोटा मात्र छह महीने में भर लिया था। जितने ज्यादा पाप करते उतने अधिक चमचे बढ़ते। पाप और चमचों का संबंध शेयर मार्केट की तरह होता है। अब नेता जी के पास पाप करने का कोई मौका नहीं है, इसलिए चमचे उन्हें भगवान का नाम जपने और पुण्य कमाने के लिए उन्हें उन्हीं की हालत पर छोड़कर रफू चक्करर हो गये। यह देख नेता जी की तबियत दिन-ब-दिन बिगड़ने लगी। राजनीति का चमत्कार कहिये या फिर संयोग कि नेता जब तक कुर्सी पर होता है तब तक उसे कोई बीमारी तो क्या छींक तक उसे छूने से डरती है। जैसे ही कुर्सी से उतरे सारी बीमारियाँ पता पूछ-पूछ कर गले मिलने आ जाती हैं। कुछ यही हाल था इस नेता जी का। पहले लकवा के शिकार हुए फिर बोलने की शक्ति खो बैठे। कहते हैं कि कोई भी नेता एक बार नहीं हजार बार अपनी खोई हुई संपत्ति फिर से प्राप्त कर सकता है, बशर्ते कि उसकी बोलने की शक्ति बची रहे। अध्यापक के लिए चॉक पीस, डॉक्टर के लिए स्टेथस्कोप, सफाई कर्मचारी के लिए झाडू का जो महत्व होता है, वही महत्व नेता के लिए उसके बोलने की शक्ति का होता है। नेता की गिरती सेहत को देखकर उनका इकलौता पुत्र बहुत परेशान था। अभी वह राजनीति में अर्ध-प्रशिक्षित था। पूर्ण प्रशिक्षित होने तक पिता कम नेता जी के अनुभव की अधिक आवश्यकता थी। इसलिए पहुँचे हुए डॉक्टर से पहुँचा हुआ इलाज करवा रहा था। दुर्भाग्यवश नेता जी जिंदगी से मौत की पहुँच की ओर बड़ी तेजी से दौड़ रहे थे। डॉक्टर ने हाथ खड़े कर दिए। पुत्र को एक उपाय सूझा। उसने हर दिन छोटी-मोटी पार्टी के बहाने लोगों की भीड़ जुटाता और उन्हें पिता जी के दर्शन करवाता। यह सिलसिला कुछ दिन तक चलता रहा। इधर नेता जी को भ्रम हुआ कि यह भीड़ उन्हीं से मिलने आती है, सो उनकी सेहत सुधरने लगी। डॉक्टर आश्चर्यचकित थे। किंतु इधर दो-तीन दिन से लगातार बारिश होने लगी। भीड़ न जुट सकी। यह नेता जी के लिए असह्य हो चला। उन्हें भीड़ को न देख पाने का दौरा पड़ा और दुनिया से चल बसे। पुत्र के पूछने पर जब डॉक्टर ने नेता के डेड बॉडी की जाँच की तब उन्होंने मरने का कारण 'भीड़ अटैक' बताया।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

### आतंक का संरक्षक

दरअसल, पाकिस्तान के विदेश मंत्री, बिलावल भुट्टो द्वारा संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रधानमंत्री और कश्मीर को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। भुट्टो की शर्मनाक टिप्पणी पाकिस्तानी सोच का एक नया निम्न स्तर है! पाकिस्तान आतंकवाद का संरक्षक रहा है। आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसे आर्थिक तथा सैनिक सहायता देनी बंद कर दी थी! अब भी विश्व के किसी भी भाग में कोई आतंकवादी घटना होती है तो उसमें पाकिस्तान का नाम आ जाता है। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने एक बार पाकिस्तान के बारे में कहा था कि अगर आप सांप पालेंगे तो एक न एक दिन वह आपको काटेंगे ही! इसीलिए पाकिस्तान में भी आतंकवादियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादी गतिविधियां जोर पकड़ रही हैं, जिन आतंकवादियों को पाकिस्तान ने औरों के लिए पाला था!

■ **शाम लाल कौशल**

# सफल नहीं हो पा रही है शराबबंदी

इन दिनों नीतीश कुमार हठ-योग के जरिये अपनी सियासी तबीयत सुधारने में लगे हैं। इसे हठ ही कहा जायेगा। सरकारी बाबू, सफेदपोश नेताओं और खाकी वर्दीधारियों की मिलीभगत के कारण ही बिहार जैसे राज्य में शराबबंदी सामाजिक तौर पर सफल नहीं हो पा रही है। 2016 से शुरू हुए शराब बैन में पहले साल को छोड़ दें तो लगातार अवैध और फर्जी शराब बनने, बिकने और मिलने की खबरें आती ही रहती हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि 'शराब आत्मा और शरीर दोनों का विनाश कर देती है।' इसी तर्क के साथ बापू ने शराब का हमेशा विरोध किया। लेकिन नीतीश कुमार भले ही बापू के रास्ते पर चलना चाहते हों पर बापू हैं नहीं। तभी शराबबंदी के असफल होने पर कह देते हैं कि पियोगे तो मरोगे ही। नीतीश 'सुशासन' बाबू के इस कथन से सरोकार की भावना कम और जिद की झलक ज्यादा दिखती है। शराबबंदी पर विपक्ष, मीडिया या जनता सवाल करे तो सुशासन बाबू भड़क भी जाते हैं। इतना ही नहीं सीएम नीतीश बाबू तो इस पर भी अड़ गये हैं कि जो गरीब फर्जी शराब पीने से अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं उन्हें किसी भी तरह का मुआवजा नहीं दिया जायेगा। छपरा में दर्जनों घरों के कई ऐसे लोग जहरीली शराब का इस बार शिकार हुए हैं जो परिवार के कमाने वाले पूत थे। अब जबकि कोई राहत नीतीश की महागठबंधन सरकार नहीं देगी तो आने वाले दिनों में कई बच्चों, बीवियों, बहनों और माताओं को जीवन-यापन के लाले पड़ जायेंगे।

**नीतीश कुमार का हठ-योग :** दरअसल, इन दिनों नीतीश कुमार हठ-योग के जरिए अपनी सियासी तबीयत सुधारने में लगे हैं। इसे हठ ही कहा जायेगा कि सरकारी बाबू, सफेदपोश नेताओं और खाकी वर्दीधारियों की मिलीभगत के कारण ही बिहार जैसे राज्य में शराबबंदी सामाजिक तौर पर सफल नहीं हो पा रही है। 2016 से शुरू हुए शराब बैन में पहले साल के छोड़ दें तो लगातार अवैध और फर्जी शराब बनने, बिकने और मिलने की खबरें आती ही रहती हैं। कभी भी ऐसा नहीं लगा कि शराबबंदी कर के सुशासन बाबू ने राज्य में सुशासन की कोई नई इबारत लिखी हो। हुआ बिल्कुल उलटा ही। रेत-माफिया तो अब कल की बात हो गई लेकिन उसी तर्ज पर बिहार में शराब माफिया पनप चुके हैं। न-न करते हुए भी करीब साठ-सत्तर हजार करोड़ की एक नई इंडस्ट्री राज्य में गैरकानूनी तरीके से चल रही है। क्योंकि इसमें बहुत बड़े पैमाने पर राज्य की ब्यूरोक्रेसी से लेकर नेता तक शामिल हैं, इसलिए बड़े पैमाने पर पूर्ण रोकथाम की कार्रवाई नहीं होती। अगर समय रहते राज्य पुलिस के अधिकारी कठोर से शराबबंदी के कानून को अमल में ला रहे होते तो किसकी मजाल थी कि वो अवैध तो छोड़िये फर्जी शराब बनाकर बेच पाता? नीतीश के मंत्री तो यहां तक तर्क दे रहे हैं कि पड़ोसी राज्यों से उनके राज्य में शराब भेजी जाती है तो भई आपकी पुलिस इन तस्करों को पकड़ती क्यों नहीं?आखिरकार ये तस्कर बिहार के खाकी धारियों से डरते क्यों नहीं हैं? ये किसकी नाकामी है? क्या यही सुशासन है? क्या ऐसी अधकचरी और लिजलिजी सोच के साथ ही नीतीश बाबू ने शराबबंदी लागू कर दी थी? निरीह और मासूम, गांवों में काम कर रहे भाड़े के मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब को ही ज्यादातर मामलों में जान से हाथ धोना पड़ता है, क्योंकि शराबबंदी के बावजूद पन्नियों और थैलियों में भरी कच्ची, फर्जी और सस्ती सी शराब आसानी से घर बैठे मिल जा रही है। या कहिये कि इन 'बेचारों' को लील जा रही है। गांधी के रास्ते पर चलकर शराबबंदी को लागू करने में नीतीश बाबू की नीयत भले ही अच्छी रही हो, लेकिन एक असफल शराबबंदी की नीति के क्या नीतीश बाबू को देशभर में लोकप्रिय बना पायेगी? गांधी के रास्ते पर चलकर शराबबंदी को लागू करने में नीतीश बाबू की नीयत भले ही अच्छी रही हो, लेकिन एक असफल शराबबंदी की नीति के क्या नीतीश बाबू को देशभर में लोकप्रिय बना पायेगी।

> **2016 से शुरू हुए शराब बैन में पहले साल के छोड़ दें तो लगातार अवैध और फर्जी शराब बनने, बिकने और मिलने की खबरें आती ही रहती हैं। कभी भी ऐसा नहीं लगा कि शराबबंदी कर के सुशासन बाबू ने राज्य में सुशासन की कोई नई इबारत लिखी हो। हुआ बिल्कुल उलटा ही। रेत-माफिया तो अब कल की बात हो गई लेकिन उसी तर्ज पर बिहार में शराब माफिया पनप चुके हैं।**

**ये कैसा अडियल रवैया :** नाकाम होती नीति पर अड़े रहना इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय ये कहना कि पियोगे तो मरोगे है ही, लेकिन ये नहीं बताओगे कि आप क्या करोगे? ये जिद और अडियल रवैया ही ज्यादा दिखाता है। गांधी के रास्ते पर चलकर शराबबंदी को लागू करने में नीतीश बाबू की नीयत भले ही अच्छी रही हो, सुशासन बाबू को महिलाओं में लोकप्रिय बनाती हो और उनके वोट भी दिलाती हो, लेकिन एक असफल शराबबंदी की नीति, क्या नीतीश बाबू को देशभर में लोकप्रिय बना पायेगी? सब जानते हैं कि नीतीश बाबू ने मन बना ही लिया है कि वो 2024 में दिल्ली के समर में हिस्सा लेंगे और मोदी को दिल्ली के सिंहासन के लिए टक्कर देना चाहते हैं। तभी तो सुशासन बाबू ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव की अगुवाई में लड़ा जायेगा। बीते सालों में नीतीश बाबू शराबबंदी के अपने फामूर्ले के साथ पड़ोसी राज्यों झारखंड और यूपी का दौरा कर भी चुके हैं और आने वाले डेढ़ साल में हो सकता है कि वो और राज्यों में जाएं और अपने आप को स्थापित करें कि शराबबंदी पर बापू के बाद सबसे बड़ी लड़ाई वो ही लड़ रहे हैं। और उनके विरोधी अगर उनकी असफल शराबबंदी नीति पर उन पर सवाल उठायें तो हो सकता है कि वो भी वही विक्टिम कार्ड खेलें कि देखो मैं तो शराब माफियाओं से लड़ रहा हूं और ये ताकतवर शराब लाबी मुझे बदनाम कर रही है। दरअसल, सुशासन बाबू समझते हैं कि शराबबंदी एक ऐसा नीतिगत फैसला है जिसकी मुखालफत करना किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं है। जो शराबबंदी का विरोध करेगा वो सीधे शराब मिलने के समर्थन में खड़ा दिखेगा। नीतीश के सामने इस वक्त जो विपक्ष के नेता खड़े हैं जैसे राहुल, ममता, केजरीवाल, के.चन्द्रशेखर राव, स्टालिन, अखिलेश, शरद पवार, मायावती या ठाकरे ये सभी शराबबंदी के विषय में तो नीतीश कुमार का मुकाबला किसी भी मंच पर नहीं कर सकते। ये सभी या तो सरकार में रहे हैं या अभी सरकार चला रहे हैं, लेकिन किसी ने भी अपने सूबे में शराबबंदी जैसा बड़ा कदम नहीं उठाया है। शराब की वजह से होने वाला प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष खामियाजा सबसे ज्यादा महिलाओं को ही उठाना पड़ता है।

इन दिनों



सुमित अवस्थी

# दुनिया को फीफा वर्ल्ड कप ने क्या सिखाया

भले कोई कट्टर फुटबॉल फैन ना हो, फिर भी वह फीफा कप के फाइनल में हार ना मानने वाली फ्रांसीसी टीम पर अर्जेंटीना की सनसनीखेज जीत से अप्रभावित नहीं रह सकता। उस एक मैच में आठ एपिसोड वाली नेटफ्लिक्स सीरीज के लिए पर्याप्त कहानियां हैं। लियोनेल मेसी ने वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने हाथ में ली, तो लगा कि जो भी वह करते हैं, उसे ट्रोफियों में नहीं नापा जा सकता है। फिर भी यह अच्छा हुआ कि उन्होंने अपने करियर को अपने चहेते पुरस्कार के बिना खत्म नहीं किया।

**आगामी विजेता :** किलियन एम्बापे ने अपने 24वें जन्मदिन से पहले इतना कुछ हासिल कर लिया है, जितने की उम्मीद लोग अपनी पूरी लाइफ में नहीं कर सकते। वह जो जादू पैदा करते हैं और जिस तरह से फुटबॉल में ही अपना जवाब देते हैं, वह वैसी ही सुंदरता है जो मेसी नियमित रूप से पैदा करते हैं। उस रात उन्हें अपना सेकंड बेस्ट देना था, लेकिन यही खेल की प्रकृति है। कहने की जरूरत नहीं कि वह आने वाले सालों में वर्ल्ड कप में शानदार खेल दिखाते रहेंगे।

**आईना दिखाता आयोजन :** इसके अलावा भी इस वर्ल्ड कप में बहुत कुछ आईना दिखाने वाला था। मसलन, फाइनल में एक समय फ्रांस की ओर से ह्यूगो लोरिस इकलौते श्वेत खिलाड़ी थे। यह चरम दक्षिणपंथियों के साथ ही उन लोगों को भी परेशान करता है, जो मानते हैं कि फ्रांस के कुछ खिलाड़ी पर्याप्त फ्रेंच नहीं हैं। आमतौर पर जब कोई टीम हार जाती है तो ऐसे सवाल और उठते हैं। लेकिन वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचना और आखिरी मिनट तक विजेताओं को रोके रखना, शायद ही इसे हार कहा जा सके। बहरहाल, फ्रांस के 10 अश्वेत खिलाड़ी यह सवाल नये सिरे से उठाते हैं कि फ्रेंच होना आखिर है क्या?

**टेबिट टेस्ट :** एक उम्मीद की जाती है कि फलां देश के लोग एक निश्चित तरीके से दिखेंगे, क्योंकि हमें पीढ़ी दर पीढ़ी ऐसा ही बनाया गया है। पर यह सब इतना आसान नहीं है। हाल ही में रेहान अहमद पाकिस्तान के खिलाफ कराची में इंग्लैंड के लिए टेस्ट डेब्यू पर पांच विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। महज 18 वर्ष के रेहान इंग्लैंड में पैदा हुए, जबकि उनके पिता नईम पाकिस्तान में पैदा हुए थे और इंग्लैंड जाने से पहले वहीं से खेले थे। शुक्र है कि कंजरवेटिव ब्रिटिश राजनेता नॉर्मन टेबिट और उनके कुख्यात टेबिट टेस्ट का दौर पीछे छूट चुका है। टेबिट ने यह भी कहा था कि ब्रिटेन आने वाले एशियाई प्रवासी जो अपने मूल देश के पक्ष में थे, वह यहां खुद को पूरी तरह आत्मसात नहीं कर पाये। मगर आज किसी के लिए दूसरे देश का समर्थन करना अटपटा नहीं लगता।

> **महज 18 वर्ष के रेहान इंग्लैंड में पैदा हुए, जबकि उनके पिता नईम पाकिस्तान में पैदा हुए थे और इंग्लैंड जाने से पहले वहीं से खेले थे। शुक्र है कि कंजरवेटिव ब्रिटिश राजनेता नॉर्मन टेबिट और उनके कुख्यात टेबिट टेस्ट का दौर पीछे छूट चुका है। टेबिट ने यह भी कहा था कि ब्रिटेन आने वाले एशियाई प्रवासी जो अपने मूल देश के पक्ष में थे, वह यहां खुद को पूरी तरह आत्मसात नहीं कर पाये।**

**वर्चस्व बनाम खेल :** फुटबॉल में अभी भी यूरोपीय वर्चस्व है। इसी वर्ल्ड कप में देखें तो अंतिम 16 में आने वाली आठ टीमें, अंतिम आठ की पांच और अंतिम चार में से दो टीमें यूरोपीय देशों की थी। अगर यहां टेबिट टेस्ट लागू करते तो फुटबॉल देखने वाली अधिकांश आबादी के पास वर्ल्ड कप में समर्थन करने के लिए अपनी कोई टीम ही न होती। जिस तरह से सेमीफाइनल में पहले अफ्रीकी-अरब देश मोरक्को ने जगह बनाई, यह बताता है कि यह खेल कितना वैश्विक है। मोरक्को के खिलाड़ियों में से सात यूरोपीय मूल के थे, यूरोपीय क्लबों से निकले थे। उन्हें यूरोपीय की तरह नहीं देखा गया।

**किक और गोल :** यह सबूत है कि बहुसंख्यकवाद और रूढ़िवादी सोच से प्रेरित दुनिया में विकास का इकलौता मॉडल इंटीग्रेशन और एक्सेप्टेंस का ही है। वर्ल्ड कप की जीत का हासिल यह है कि ऐसे काफी लोग थे, जिन्होंने एम्बापे को अश्वेत के बजाय एक फुटबॉलर के रूप में देखा। खेल से जाति, राष्ट्र और पहचान गहराई से जुड़े हुए हैं, लेकिन जब किक लगती है और बॉल गोल में जाती है तो कम से कम उस पल में हम अपनी सारी अवधारणाओं से अलग इस दुनिया को वैसे ही देखते हैं।

■ **आनंद वसु**

## है न विचित्र बात !

### खेती में आमदनी बढ़ाने की चुनौती

साठ फीसद आबादी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खेती से जुड़ी हुई है। मगर विकास की भरपूर संभावना वाला कृषि क्षेत्र हमेशा से उपेक्षा का शिकार रहा है। कृषि को अभी तक सरकारें सिर्फ देश की जनता का पेट भरने का साधन मानती आई हैं। इसके माध्यम से देश की जीडीपी बढ़ाने पर कभी गहन मंथन नहीं हुआ। इस समय किसानों की स्थिति में भले कुछ परिवर्तन नजर आता हो, पर इसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि 2016 में केंद्र सरकार ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी, जब देश अपनी आजादी के पचहत्तर साल पूरे करेगा। यह ठीक है कि सरकार का इस दौरान पूरा ध्यान पैदावार और किसानों की आमदनी बढ़ाने पर रहा है। वह कृषि क्षेत्र को पटरी पर लाने में जुटी है। यह कोशिश सिर्फ उत्पादन के लक्ष्यों तक सीमित नहीं है। अन्य कई मोर्चों पर भी पहल की जा रही है। आय बढ़ाने से जुड़े अभियान में उत्पादन को ऊंचे स्तर पर ले जाने, जुताई का खर्च घटाने और फसल का मूल्य बढ़ाने पर जोर है, ताकि किसानों को ज्यादा मुनाफा मिल सके। इस दृष्टि से कई योजनाएं शुरू की गई हैं और नीतिगत स्तर पर भी काफी सुधार हुए हैं। साथ ही, इन योजनाओं को वित्तीय मदद मुहैया कराने के लिए कृषि क्षेत्र से जुड़े बजटीय आबंटन में बढ़ोतरी की गई है। मगर किसानों की आय दोगुनी होने का लक्ष्य अब भी काफी पीछे है। अब तो वह समय सीमा भी खत्म हो रही है, जो सरकार द्वारा निर्धारित की गई थी। मार्च 2022 में कृषि पर बनी संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में दो सर्वेक्षणों के आंकड़े बताये थे, जो 2015-16 और 2018-19 के थे। इनके आधार पर संसदीय समिति ने बताया था कि 2015-16 में देश के किसानों की महीने की औसत आमदनी 8059 रुपए थी, जो 2018-19 तक बढ़ कर 10,218 रुपए हो गई। यानी चार साल में महज 2159 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। किसानों की आमदनी अगर बढ़ी है, तो खर्च भी बढ़ रहा है। पिछले साल नवंबर में सरकार ने बताया था कि किसान हर महीने 10,218 रुपए कमाते हैं, तो 4,226 रुपए खेती पर खर्च हो जाते हैं। किसान हर महीने 2959 रुपए बुआई और खाद-पानी पर और 1267 रुपए पशुपालन पर खर्च करता है। यानी, किसानों के हाथ में छह हजार रुपए भी नहीं आते। इसी में उसे अपना घर चलाना पड़ता है, बच्चों की पढ़ाई, मां-बाप की दवाई, सब कुछ उसे उन्हीं पैसों में करना पड़ता है। छह हजार रुपए होते क्या हैं, यह सब जानते हैं। इतनी कम कमाई के चलते ही किसान कर्ज लेने को मजबूर हो जाता है। सबसे ज्यादा कमाई मेघालय के किसानों की है। वहां के किसान की हर महीने की आमदनी 29,348 रुपए है। दूसरे स्थान पर पंजाब है, जहां के किसान 26,701 रुपए महीना कमाते हैं। तीसरे स्थान पर 22,841 रुपए की कमाई के साथ हरियाणा के किसान हैं। देश में चार राज्य ऐसे हैं जहां किसानों की आमदनी कम हो गई है। वे हैं- झारखंड, मध्यप्रदेश, ओडिशा और नगालैंड। झारखंड के किसानों की हर महीने की कमाई 2173 रुपए कम हो गई है। वहीं, नगालैंड के किसानों की आमदनी 1551 रुपए, मध्यप्रदेश के 1400 रुपए और ओड़ीशा के किसानों की आमदनी 162 रुपए घट गई है। किसान को यों तो देश का अन्नदाता कहा जाता है, मगर हकीकत यह है कि वह अपना पेट भरने के लिए जिंदगी भर संघर्ष करता रह जाता और कभी-कभी इतना मजबूर हो जाता है कि उसके सामने आत्महत्या के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता है।

■ **रवि शंकर**

# क्या बीजेपी को ऐसे रोक पायेगा विपक्ष

देश की सियासत में अपने हिसाब से पिच बनाकर उस पर विरोधियों को लाने की कोशिश तेज हो गई है। अभी तक इस मामले में बीजेपी ने साफ-साफ बढ़त ले रखी थी, लेकिन पिछले कुछ समय में विपक्ष ने अपने लिए मुद्दों की पहचान कर ली है। पुरानी पेंशन योजना हो, सस्ते सिलिंडरों की बात हो या युवाओं को नौकरी और गृहणियों को तय पगार देने का वादा हो, विपक्षी दलों ने इन्हें अपना सियासी हथियार बनाने के संकेत दिये हैं। वहीं बीजेपी राष्ट्रवाद-हिंदुत्व, फ्री राशन और गरीबों के लिए लाई दूसरी कल्याणकारी योजनाओं के साथ नरेंद्र मोदी के करिश्मे की मदद से फतह हासिल करने के आजमाए हुए फॉम्यूर्ले पर टिके रहने के मूड में है। असल में, 2014 से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की एक के बाद एक जीत ने विपक्ष के सामने अस्तित्व का सवाल खड़ा कर दिया था। विपक्ष को बीजेपी की आक्रामक नीति की काट नहीं मिल रही थी। बीच-बीच में नोटबंदी, जीएसटी और इससे जुड़े कुछ आर्थिक मुद्दे उसने जरूर उठाये, लेकिन उसका अधिक राजनीतिक लाभ नहीं मिला। केंद्र सरकार की मुफ्त राशन योजना ने आर्थिक मोर्चे पर भी विपक्षी मुद्दों को काउंटर कर दिया। विपक्ष अधिकतर समय बीजेपी की पिच पर ही घिरता रहा, जिसकी कोई काट उसके पास नहीं थी। ऐसे में बार-बार मिली हार ने उसे रणनीति बदलने पर मजबूर किया।

**बदलती विपक्षी रणनीति :** विपक्ष ने बीजेपी को काउंटर करने के लिए कुछ खास क्षेत्र चुने, जहां उसे बीजेपी अपेक्षाकृत कमजोर दिखती है। इसी राजनीतिक दांव के तहत पुरानी पेंशन योजना और रोजगार के मुद्दों को उसने चुनावों के केंद्र में लाना शुरू कर दिया। इसके अलावा महंगाई और महिलाओं को मुफ्त पगार देने का वादा कर इनके बीच भी सेंध लगाने की कोशिश की। पिछले कुछ समय से देखें तो सरकारी कर्मचारी, युवा और महिलाएं, इन तीनों वोट बैंकों को अपने पक्ष में करने की सबसे अधिक कोशिश विपक्ष की ओर से की गई। हालांकि इसके मिश्रित चुनावी नतीजे ही अभी तक मिले हैं। गुजरात में इसका कोई लाभ नहीं मिला, लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को इस रणनीति का लाभ मिला। फिर भी विपक्षी दलों ने संकेत दिया है कि वे ऐसे मुद्दों को ही 2024 के आम चुनाव में केंद्र में रखेंगे। जानकारों का मानना है कि इन मुद्दों को आगे रखकर चुनाव लड़ना और बीजेपी को काउंटर करना विपक्ष के लिए मजबूरी है। बीजेपी के आक्रामक राष्ट्रवाद या हिंदुत्व की भावनात्मक राजनीति के सामने विपक्ष को दूसरी रेखा खींचनी होगी, जो इन मुद्दों के बीच से ही गुजरती है। न सिर्फ चुनावों में बल्कि संसद के अंदर और सार्वजनिक रूप से भी विपक्ष ने इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी राजनीति केंद्रित कर ली है। उसकी कोशिश है कि अब वह आगे बीजेपी की सियासी पिच पर जाकर न खेले, जैसा कि 2014 के बाद कई मौकों पर कर चुका है। विपक्ष को समझ में आ गया है कि आर्थिक मसले से जुड़े मुद्दों पर ही वह बीजेपी को टक्कर दे सकता है। यही कारण है कि हिंदुत्व या राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों पर लगातार बैकफुट पर धकेले जाने वाले विपक्ष ने अब अपना पूरा फोकस किसानों और महंगाई पर किया है। लेकिन यहां भी उसके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। जिन राज्यों में ऐसे वादों के साथ विपक्ष सत्ता में आया है, वहां उन्हें पूरा करना बड़ी चुनौती होगी। बीजेपी को भी विपक्ष की इस नई चाल का अंदाजा है। इसलिए वह भी इसी हिसाब से खुद को तैयार कर रही है। बीजेपी ने इसे काउंटर करने के लिए मुफ्त की चीजों की सियासी प्रासंगिकता पर बहस छेड़ दी है। चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस बहस में किसी न किसी रूप में शामिल हुए हैं। साथ ही ऐसे समय चुनाव में मुफ्त की चीजों के वादों पर बहस छिड़ी, जब हिमाचल प्रदेश में ओल्ड पेंशन या सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने जैसे वादे के साथ कांग्रेस ने चुनाव जीतकर इसके बढ़ते ट्रेंड को फिर से स्थापित किया। आम आदमी पार्टी ने भी लुभावने वादों के साथ गुजरात में एंट्री मारी। मुफ्त बिजली जैसी चीजों का दांव खेलकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली मॉडल ऑफ गवर्नेंस को प्रॉजेक्ट कर रहे हैं। बीजेपी को भी इसकी काट में गुजरात से लेकर हिमाचल प्रदेश तक में कुछ लुभावने वादे करने पड़े। 2019 आम चुनाव से पहले किसान सम्मान निधि योजना लागू करनी पड़ी। साथ ही संघ और दूसरे सहयोगी संगठनों ने पुरानी पेंशन योजना और दूसरे आर्थिक मुद्दों पर लोगों के बढ़ते असंतोष के बारे में बीजेपी के सामने चिंता व्यक्त की है। किसानों ने भी हाल में फिर से एमएसपी और दूसरे मुद्दों पर आंदोलन शुरू करने के संकेत दिये हैं।

> **पिछले कुछ समय से देखें तो सरकारी कर्मचारी, युवा और महिलाएं, इन तीनों वोट बैंकों को अपने पक्ष में करने की सबसे अधिक कोशिश विपक्ष की ओर से की गई। गुजरात में इसका कोई लाभ नहीं मिला, लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को इस रणनीति का लाभ मिला। फिर भी विपक्षी दलों ने संकेत दिया है कि वे ऐसे मुद्दों को ही 2024 के आम चुनाव में केंद्र में रखेंगे।**

**जारी रहेगा लुभावने वादों का दौर :** मतलब साफ है कि लुभावने वादों का दौर अभी जारी रहेगा। लेकिन पहली बार सरकार और पीएम मोदी के सामने चुनौती अजेंडे को पहले अपने हक में लेने की है। अब तक का अनुभव कहता है कि यह उनके लिए असंभव नहीं। मसलन, 2019 आम चुनाव से पहले मोदी सरकार ने जिस तरह से किसानों को हर साल 6 हजार रुपये देने की योजना की शुरूआत की, उसका सियासी लाभ उसे मिला और आम चुनाव में दोबारा जनता विश्वास प्राप्त हुआ। अगले लोकसभा चुनाव में अभी डेढ़ साल का समय बाकी है। केंद्र सरकार को अभी दो बार बजट पेश करना है। इसमें वह विपक्ष के नैरेटिव को काउंटर करने के लिए अलग से घोषणाएं कर सकती है। साथ ही हाल के सालों में मिडल क्लास में इस बात को लेकर नाराजगी है कि वह किसी भी खेमे की प्राथमिकता में नहीं रहा और उसे कोई लाभ भी नहीं मिला। ऐसे में उसे भी टैक्स कटौती के अलावा महंगाई और ऊंची ब्याज दर से राहत पाने की उम्मीद है। कुल मिलाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसे बड़े भावनात्मक मुद्दों के बीच आने वाले समय में नये-नये मुद्दे भी सामने आ सकते हैं।

■ **नरेंद्र नाथ**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

## आनंदीबेन ने दी प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की है। इस अवसर पर आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि प्रभु यीशु ने असहाय और पीड़ित मानवता को प्रेम, करूणा और दृढ़ संकल्प शक्ति का जो संदेश दिया था, वह समाज के लिए सदैव स्मरणीय है। उनकी शिक्षाएं सभ्य समाज के निर्माण को दिशा प्रदान करती हैं। राज्यपाल ने अपनी बधाई के साथ ही विश्व में पुनः कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को देखते हुए प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी लोग सावधानी बरतें और सतर्क रहें, भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें तथा सामाजिक दूरी बनाये रखने के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए क्रिसमस का पर्व मनायें।

## बीजद का रजत जयंती समारोह 26 से

**पुरी।** ओडिशा में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के 26 दिसम्बर से रजत जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर है। सहकारिता, खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री अतनु सब्यसाची नायक ने बताया कि 26 दिसंबर से शुरू होने वाले कार्यक्रम में राज्य के सभी 30 जिलों के 42 हजार से अधिक पार्टी कार्यकताओं के भाग लेने की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में पार्टी और लोगों द्वारा साल भर चलने वाला रजत जयंती समारोह मनाया जायेगा। समारोह की शुरूआत समारोह तालाबनिया मैदान में होगी। इस मौके पर पार्टी सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक कार्यकर्ताओं को 2024 के चुनाव के लिए तैयार होने का मंत्र देंगे।

## शुभेंदु अधिकारी की जनसभा एक बार फिर हुई रद्द

**उत्तर 24 परगना।** एक बार फिर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की जनसभा को उत्तर 24 परगना के हिंगलगंज में अनुमति नहीं मिलने के कारण रद्द कर दी गई है। संकल्प सभा शनिवार को हिंगलगंज में होनी थी। पहले सभा जमीन के मालिक से अनुमति नहीं मिलने के कारण अटकी रही। बाद में दूसरा मैदान चुना गया, लेकिन पुलिस से अनुमति नहीं ली गई। बार-बार जनसभा के लिए अनुमति नहीं मिलने को लेकर विपक्षी खेमे ने पुलिस और राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। भाजपा का कहना है कि राज्य की सत्ता पक्ष पार्टी तृणमूल कांग्रेस अतिक्रमण की राजनीति कर रही है।

## लैंड कस्टम स्टेशन का उद्घाटन 9 जनवरी को होगा

**बगहा।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से उनके निवास पर मिलकर भारत-नेपाल सीमा स्थित वाल्मिकीनगर में लैंड कस्टम स्टेशन (भंसार) का शीघ्र ही उद्घाटन करने के लिए राज्यसभा सदस्य सतीशचंद्र दुबे ने आग्रह किया है। इसकी जानकारी बगहा भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रितु जयसवाल ने शनिवार को दी है। उन्होंने बताया कि भाजपा सांसद सदस्य सतीशचंद्र दुबे के प्रयास से मंत्री ने विभाग से बात करके अगले वर्ष में 09-जनवरी-2023 को उद्घाटन का समय निर्धारित किया है। जो पश्चिम चम्पारण जिला के लिए बहुत ही गर्व और हर्ष की बात है। इतने वर्षों के प्रयास के बाद इस भंसार का उद्घाटन होने जा रहा है।

### हीरक जयंती समारोह

# विद्यार्थी राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरें : पटनायक

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को सैनिक विद्यालय के हीरक जयंती समारोह के अवसर पर कैडेटों से प्रत्येक अवसर का लाभ उठाने और राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया।



इस अवसर पर श्री पटनायक ने कहा कि सैनिक विद्यालय ने न केवल देश के कुछ बेहतरीन सैनिक दिए हैं, बल्कि बड़ी संख्या में इसके कैडेटों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस विद्यालय से निकले विद्यार्थियों ने सिविल सेवा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, मर्चेंट नेवी, उद्यमिता सहित कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा प्रणाली की ताकत विद्यार्थियों को ज्ञान, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और स्वतंत्र रूप से सोचने और कठिनाइयों का सामना करने की क्षमता में निहित है।

सैनिक विद्यालय भुवनेश्वर सशस्त्र बलों के लोकाचार को स्थापित करने के अपने प्रयासों के लिए अलग खड़ा है और यह विद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत क्षमता को जगाने के और जीवन के हर क्षण में अपनी मातृभूमि की सेवा करने को तैयार करने में करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सैनिक विद्यालय हमारे भविष्य के नागरिकों में इच्छानुरूप परिवर्तन लाना जारी रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा 'सैनिक विद्यालय भुवनेश्वर के हीरक जयंती समारोह के इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपके साथ जुड़कर मुझे खुशी हो रही है। इस गौरवशाली अवसर पर आप सभी को मेरी तरफ से बधाई।'

उन्होंने कहा कि महान नेता और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने 1962 में सैनिक विद्यालय की स्थापना की थी और अब यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व संवर्धन के लिए एक बेंचमार्क बन गया है।

# ट्रक और कार की भिड़ंत, चार की मौत



**एजेंसी। बैतूल**

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई थाना क्षेत्र में बैतूल नागपुर हाइवे पर कार और ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल देर रात हाइवे के ग्राम भिलाई के पास तेज गति से जा रही कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी।

इस हादसे में इटारसी के समीप कालाआखर में पदस्थ रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजीवकांत भगत (48) के अलावा दो महिलाओं की मौत गई है। महिलाओं की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। दुर्घटना में रेलकर्मी राजकुमार सिसोदिया (32) निवासी भौरा, जो कार चला रहा था, गंभीर रूप से घायल होने पर उसे नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान राजकुमार की तड़के मौत गई। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मुलताई के सरकारी अस्पताल में तीनों शवों का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दीघा जा रहे यात्री वाहन पलटने से नौ घायल

**हावड़ा।** हावड़ा में नेशनल हाईवे 16 पर धूलागढ़ फ्लाईओवर के सामने शनिवार दोपहर एक गैरसरकारी वाहन पलटने से उसमें सवार नौ लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार सफेद रंग की कार धूलागढ़ रोड से हो ते हुए दीघा जा रही थी। तभी एक अन्य मैटाडोर से प्लास्टिक की एक खाली बाल्टी उछल कर कार के सामने विंडस्क्रीन पर जा गिरी जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर कलाबाजियां खाते हुए पलट गई। दुर्घटना की सूचना पर धौलागढ़ ट्रैफिक गार्ड के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मोतिहारी कांडः पीएम-सीएम दुखी, मृतकों के परिजनों को 6-6 लाख का मुआवजा

**एजेंसी। पटना**

नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने मोतिहारी में ईंट भट्ठे की चिमनी फटने की दुर्घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताते हुए मृतकों के आश्रितों के लिए 2-2 लाख मुआवजा और घायलों के लिए 50-50 हजार मदद की घोषणा की। जबकि मुख्यमंत्री ने मारे गए लोगों के परिजनों को 4-4 लाख देने की घोषणा की है।

मोतिहारी , नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने मोतिहारी में ईंट भट्ठे की चिमनी फटने की दुर्घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने दुख जताते हुए मृतकों के आश्रितों के लिए 2-2 लाख मुआवजा और घायलों के लिए 50-50 हजार मदद की घोषणा की। जबकि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष से दुर्घटना मे मारे गए लोगों के परिजनों को 4-4 लाख देने की घोषणा की है। वहीं इसमें घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उनके पूरे इलाज की व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी की है।

पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हुआ था। एक ईंट भट्ठे के चिमनी में विस्फोट हो गया। इस हादसे में ही नौ लोगों के मारे गए हैं। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पास के एसआरपी हॉस्पिटल, रक्सौल में भर्ती कराया गया है।

# सिंगापुर अस्पताल से मिली लालू यादव को छुट्टी

**एजेंसी। पटना**

राजद सुप्रीमो लालू यादव को किडनी ट्रांसप्लांट के बाद उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है। उन्हें अस्पताल से क्रिसमस से पहले छुट्टी मिल गयी है। अब डॉक्टरों की निगरानी में थोड़ी बहुत चहलकदमी भी कर रहे हैं। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें नियमित रुप से संपर्क में रहने की हिदायत दी है। बता दें कि पांच दिसंबर को लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में हुआ था। राजद सुप्रीमो को किडनी उनकी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य ने दिया



था। रोहिणी सिंगापुर में रहती है। उन्हें ऑपरेशन के पांच दिनों के बाद ही अस्पताल से छुट्टी मिल गयी थी और वो स्वस्थ हैं।

बताया जा रहा है कि छुट्टी मिलने के बाद भी लालू यादव अभी कुछ दिनों तक सिंगापुर में ही रहेंगे। उन्हें पूरी तरह से स्वस्थ्य होने में कम से कम अभी महीने भर का वक्त लगेगा।

# ओआरओपी : योगी ने मोदी का आभार माना

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से 'वन रैंक, वन पेंशन' के तहत रक्षा बलों के कर्मचारियों और पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन में रिवीजन को मंजूरी मिल गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे अभिनंदनीय बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट से प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से 25 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। बता दें कि मोदी कैबिनेट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए वन रैंक वन पेंशन योजना को रिवाइज कर दिया है। पहले इस योजना में 20.60 लाख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शनिवार को उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

पेंशनरों को लाभ मिलता था, लेकिन अब रिवीजन के बाद 25 लाख लोगों को फायदा होगा, जिसमें ओआरओपी का लाभ परिवार पेंशनधारकों के साथ युद्ध में शहीद होने वाले जवानों की विधवाओं एवं दिव्यांग पेंशनधारकों को भी मिलेगा।

# ट्रक से कुचलकर ग्रामीण चिकित्सक समेत दो की मौत

**एजेंसी। समस्तीपुर**

जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र में ट्रक से कुचलकर एक ग्रामीण चिकित्सक समेत दो लोगों की मौत हो गयी। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यहां बताया कि ग्रामीण चिकित्सक शशि भूषण कुमार एवं उसके सहयोगी अभिषेक कुमार शुक्रवार की रात जिले के विभूतिपुर स्थित अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी सिंधिया- नरहन मुख्य पथ पर एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सड़क पार कर रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। शशि भूषण कुमार बेगूसराय जिले के हरिचक गांव के रहने वाले थे। वह विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर देवी चौक पर दवा दुकान चलाते थे, जबकि उनका सहयोगी अभिषेक कुमार जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर गांव का रहने वाला था। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बिहार एसएससी पेपर लीक

# जांच शुरू होते ही एक्शन में ईओयू एक गिरफ्तार, मोतिहारी से जुड़े तार

**एजेंसी। मोतिहारी**

बीएसएससी पेपर लीक का तार मोतिहारी से जुड़ा हुआ है। इस मामले में ईओयू की टीम ने मोतिहारी से एक नीजि शिक्षक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिसे पूछताछ के लिए पटना ले गई है। वहीं टीम ने कई लोगों से पूछताछ की है। इसकी जानकारी मोतिहारी एसपी आशीष कुमार ने दी। कहा कि बीएसएससी परीक्षा 2022 में पेपर लीक का मामला सामने आया था। जिसका तार मोतिहारी से जुड़ा होने का मामला सामने आया है।

### मोतिहारी से जुड़ता दिख रहा तार

प्रश्नपत्र जांच की जिम्मेवारी मिलने



के बाद ईओयू की टीम का एक्शन शुरू हो गया है। वैज्ञानिक आधार पर की गई जांच में पेपर लीक तार मोतिहारी से जुड़ता दिख रहा है। उसके बाद ईओयू की टीम मोतिहारी आई और कई लोगों से पूछताछ की। साथ हीं रात में ही ईओयू ने कई ठिकानों पर छापेमारी कर एक निजी विद्यालय शिक्षक को गिरफ्तार कर पटना ले गई।

### 23 दिसंबर को हुई थी परीक्षा

बता दें कि शुक्रवार को बीएसएससी की परीक्षा हुई थी। जिसमें घंटे भर के बाद से प्रश्नपत्र वायरल होने लगा था। एसएससी का प्रश्न पत्र 11 बजे लोगों के मोबाइल पर आने लगा था। परीक्षा समाप्ति के बाद जब वायरल प्रश्नपत्र का मिलान किया गया तो वायरल प्रश्नपत्र सही निकला। इसके आयोग ने प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दी थी।

# योगी ने लखनऊ को दिया अकासा एयर का उपहार

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ से अकासा एयर की सेवाएं प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। लखनऊ से अकासा एयर की पहली उड़ान शुरू होने की पूर्व संध्या पर एयरलाइंस के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को पहला बोर्डिंग पास (प्रतीकात्मक) प्रदान कर मुख्यमंत्री जी का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकसभा में पांच बार लखनऊ का प्रतिनिधित्व किया। आज उनकी जयंती पर लखनऊ से मुंबई और बेंगलुरु के लिए नई हवाई सेवा प्रारंभ हो रही है। यह हम सभी के लिए हर्षदायक है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई 'उड़ान' योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के हवाई उड़ान' का सपना



**25 दिसम्बर से लखनऊ से शुरू हो रही हैं अकासा एयर की सेवाएं**

**उत्तर प्रदेश के 10 शहरों से जल्द शुरू होंगी हवाई सेवाएं, यूपी में हवाई सेवा में हैं अपार संभावनाएं**

देखा था, उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं, इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं।

एयर एशिया के अधिकारियों से वायुयान के मॉडल, रूट, ईंधन, किराया आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु-लखनऊ-मुंबई रूट के लिए अकासा एयर अपनी वायुसेवा शुरू कर रही है। इसे वाराणसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। यह रूट सर्वाधिक यात्रियों वाला है। यह उत्तर प्रदेशवासियों और अकासा एयर दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की गति को तेज करने में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है। इस लिहाज से प्रदेश में एक्सप्रेस वे का निर्माण और अधिकाधिक शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। हवाई सेवाओं को बेहतर करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रदेश सरकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सहयोग भी ले रही है।

योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मुख्यतः लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट थे। गोरखपुर और आगरा में आंशिक रूप से क्रियाशील एयरपोर्ट थे। तब चार एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों तक वायुसेवा उपलब्ध थी। आज नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और 10 पर काम जारी है। आज प्रदेश से 75 गंतव्यों तक वायुसेवा की सुविधा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले गोरखपुर से दिल्ली तक केवल एक फ्लाइट थी। आज 14 उड़ानें हैं। मैं जब पूछता हूँ तो पता लगता है कि सभी भरकर आती हैं और भरकर ही जाती हैं। इसने गोरखपुर के विकास को नई गति दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 10 नए एयरपोर्ट का निर्माण करा रही है। अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर, चित्रकूट, श्रावस्ती और सोनभद्र जैसे क्षेत्रों में हवाई सेवा की शुरूआत होने जा रही है। कुछ समय पहले तक यह कल्पनातीत था। चित्रकूट में तो बहुत ऊंचाई पर हवाई अड्डा बन रहा है।

**फोटो प्रदर्शनी** | **आईआईएमसी के विज्ञापन व जनसंपर्क विभाग के विद्यार्थियों ने किया फोटो प्रदर्शनी का आयोजन**

# हजार शब्दों के बराबर होती है एक तस्वीर : प्रो. द्विवेदी

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

भारतीय जन संचार संस्थान के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। जहां तस्वीर खींचने के लिए तकनीकी ज्ञान का होना जरूरी है, वहीं फ्रेम बनाने के लिए फोटोग्राफर का कलात्मक होना भी जरूरी है। तभी एक संदेश युक्त और सही नजरिए को बयां करती हुई तस्वीर ली जा सकती है। इस अवसर पर अपर महानिदेशक आशीष गोयल, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह, डीन (छात्र कल्याण) प्रो.



प्रमोद कुमार एवं विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. मीता उज्जैन सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी



उपस्थित रहे।

### फोटोग्राफी विज्ञान और कला का मिश्रित रूप

प्रो. द्विवेदी ने कहा कि फोटोग्राफी विज्ञान और कला का मिश्रित रूप है। सारे भाव और शब्द एक फोटो में लाना अपने आप में एक कला है और ये कला जिसे समझ आ गई, वही सच्चा फोटोग्राफर है। संस्थान के अपर महानिदेशक आशीष गोयल ने कहा कि



फोटोग्राफी से संबंधित तकनीकी बारीकियों का ज्ञान मिलने से विद्यार्थियों को अपने प्रोफेशन के साथ-साथ एक नई विधा को जानने और समझने का अवसर मिला है।

### जनसंपर्क विभाग का आयोजन

वरिष्ठ फोटो पत्रकार भागीरथ बासनेत द्वारा तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला के बाद विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शन का आयोजन किया। भागीरथ ने अपनी कार्यशाला में छात्रों को फोटोग्राफी की बारीकियां और उससे जुड़ी तकनीक सिखाई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने फोटोवॉक के माध्यम से दिल्ली के अनेक रंगों को अपने कैमरे में कैद किया।

### 150 से ज्यादा तस्वीरें प्रदर्शित

फोटोग्राफी प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा क्लिक की गई 150 से अधिक तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक, ओपन माइक और कैप्शन राइटिंग प्रतियोगिता के साथ आईआईएमसी के सभी विभागों के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

# स्टोक्स को 16 करोड़ में खरीदना धोनी का मास्टरस्ट्रोक?

### बेन स्टोक्स को सीएसके ने 16.25 करोड़ की बड़ी कीमत में अपने साथ है जोड़ा

### स्टोक्स मौजूदा वक्त के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में से हैं एक



**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**
क्या महेंद्र सिंह धोनी ने वास्तव में कोई मास्टर स्ट्रोक खेला है? क्या बेन स्टोक्स को 16 करोड़ 25 लाख में खरीदना यकीनी तौर पर मास्टर स्ट्रोक है? सोशल मीडिया पर यह सवाल पूछा जा रहा है। ज्यादातर लोगों ने माना है कि हां, धोनी ने यह मास्टर स्ट्रोक ही खेला है। इसका फायदा आने वाले दिनों में चेन्नई सुपर किंग्स को मिलेगा। दरअसल, शुक्रवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग-2023 का मिनी ऑक्शन हो रहा था तो सभी की निगाहें स्टोक्स पर लगी थीं। इस आक्शन ने कई खिलाड़ियों की किस्मत बदल दी। कुछ स्टार प्लेयर्स ऐसे भी रहे, जिनकी अपनी पुरानी टीम में वापसी हुई तो कुछ को पुराना जोड़ीदार मिल गया। चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑक्शन में इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ की बड़ी कीमत पर खरीदा। बेन स्टोक्स चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आए तो सोशल मीडिया पर इस ऑक्शन की फैन्स ने काफी तारीफ की, साथ ही लोगों ने इसे टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का मास्टरस्ट्रोक भी बताया। लोगों का तर्क है कि स्टोक्स मौजूदा वक्त के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में से एक हैं और उन्हें अपने पाले में करके धोनी ने एक दूरदर्शी प्लानर होने का ही सुबूत दिया है।

इस ऑक्शन से पहले जब खिलाड़ियों को रिटेन करने की बात हुई, तब चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने सीनियर प्लेयर ड्वेन ब्रावो को रिटेन नहीं किया था। इसके बाद ब्रावो ने आईपीएल से संन्यास लिया। ऐसे में सीएसके को उनकी जगह एक बड़े और भरोसेमंद प्लेयर की तलाश थी। यह सच है कि ब्रावो ने कई साल बॉल और बल्ले से सीएसके लिए कमाल किया है, कई मैच जिताये हैं। ऐसे में बेन स्टोक्स टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। स्टोक्स मिडिल ऑर्डर में तेजी से रन बटोर सकते हैं और 4 ओवर्स भी कर सकते हैं। इसके साथ ही स्टोक्स की फील्डिंग भी जबरदस्त है। शायद इन्हीं खूबियों को देखते हुए धोनी ने उन पर दांव खेला है।

# आईपीएल नीलामी : सैम बोले मैं सो नहीं सका, नर्वस भी था



**एजेंसी। कोच्चि**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नीलामी के इतिहास में शुक्रवार को यहां सबसे महंगे बिकनेवाले खिलाड़ी बने सैम करन ने कहा कि वह इस मिनी नीलामी से पहले रात को सो भी नहीं सके। उन्हें पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपये की राशि में खरीदा। टी-20 विश्व कप प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे करन को लेने के लिए मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स ने बोलियां लगायीं। लेकिन अंत में पंजाब किंग्स ने बाजी मारी। करन ने कहा कि मैं बीती रात ज्यादा सो नहीं सका, थोड़ा उत्साहित था, नर्वस भी था कि नीलामी कैसी होगी। लेकिन बहुत खुश हूं और अभिभूत हूं कि मुझे इस राशि में खरीदा गया। मुझे इस राशि की उम्मीद नहीं थी। इस 24 साल के ऑलराउंडर ने यह भी कहा कि वह खुश हैं कि पंजाब की टीम में वापसी कर पाये जिसके लिए उन्होंने 2019 में आईपीएल पदार्पण किया था। पंजाब किंग्स का नाम तब किंग्स इलेवन पंजाब था। करन ने कहा कि निश्चित रूप से जहां से आईपीएल का सफर शुरू किया था, वहीं जाना, जहां चार साल पहले मेरा पदार्पण सत्र था। इसलिए, वहां जाना शानदार है और मैं वहां इंग्लैंड के कुछ साथियों के साथ भी रहूंगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### संन्यास के फैसले पर पुनर्विचार कर सकते हैं एंजेल डी मारिया

**ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्व कप फाइनल मैच में अर्जेंटीना की फ्रांस पर नाटकीय पेनल्टी शूटआउट जीत में अहम भूमिका निभानेवाले एंजेल डी मारिया अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गयी है। टीवाईसी स्पोर्ट्स ने कहा कि 34 वर्षीय जुवेंटस विंगर ने पहले घोषणा की थी कि वह कतर में फुटबॉल विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया।

### मेरी मां और दादी रो पड़ीं : हैरी ब्रूक

**कोच्चि।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 नीलामी में करोड़ों की कीमत पाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने हैदराबाद टीम में चुने जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब उनकी उनकी मां और दादी ने यह खबर सुनी तो दोनों की आंखों में आंसू आ गये। ब्रूक ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं कैसे प्रतिक्रिया दूं, मैं अब अपने शब्द खो चुका हूं। मैं अपनी मां और दादी के साथ डिनर कर रहा था और जब हैदराबाद ने मुझे आईपीएल नीलामी में चुना तो वे रो रहे थे।

### फ्रांस के फुटबॉल खिलाड़ी ब्लेज मटुइदी ने लिया संन्यास



**पेरिस।** फ्रांस की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे ब्लेज मटुइदी ने फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। 35 वर्षीय मटुइदी 2018 में विश्व कप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के सदस्य थे। उन्होंने फ्रांस की तरफ से 84 मैच खेले। इस मिडफील्डर ने राष्ट्रीय टीम की तरफ से अपना आखिरी मैच तीन साल पहले खेला था।

### मेरा दिल अभी भी रो रहा है : सिल्वा



**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के अनुभवी डिफेंडर थियागो सिल्वा ने कहा है कि 2022 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया से पेनल्टी पर मिली हार के बाद अब भी उन्हें दर्द हो रहा है। ब्राजील ने कतर में फीफा विश्व कप टूर्नामेंट में पसंदीदा टीम के रूप में प्रवेश किया, लेकिन यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी द्वारा लगातार पांचवीं बार बाहर कर दिया गया। 38 वर्षीय चेल्सी सेंटर-बैक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा : क्रोएशिया के खिलाफ मैच के बाद के साक्षात्कार से लेकर आज तक, मेरे दिल से आंसू बह रहे हैं।

# रोमांचक मोड़ पर पहुंचा दूसरा टेस्ट

## तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने चार विकेट खोकर बनाये 45 रन

### राहुल, गिल, पुजारा और कोहली आउट




**एजेंसी। मीरपुर**
मीरपुर टेस्ट में बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए 145 रनों का टारगेट दिया है। जवाब में टीम इंडिया ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 45 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं। अक्षर पटेल (26 रन) और नाइट वाचमैन जयदेव उनादकट (3 रन) नाबाद हैं। चौथे दिन भारतीय टीम को जीत के लिए 100 रन बनाने हैं। वहीं, मेजबान टीम को छह विकेट गिराने हैं। शनिवार को स्टंप्स से कुछ देर पहले विराट कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मेहदी हसन मिराज ने मोमिनुल हक के हाथों कैच कराया। मेहदी को तीसरी सफलता मिली। उन्होंने ओपनर शुभमन गिल (7) और अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (6) का विकेट भी लिया। भारतीय कप्तान केएल राहुल (2 रन) का विकेट बांग्लादेशी कप्तान शाकिब अल हसन ने लिया। इससे पहले बांग्लादेश की टीम अपनी दूसरी पारी में 231 रन पर ऑलआउट हो गयी। लिटन दास (73) और जाकिर हसन (51) ने अर्धशतक जमाए। नुरुल हसन और तस्कीन अहमद ने 31-31 रन बनाए। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने 3 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को 2-2 विकेट मिले। उमेश यादव और जयदेव उनादकट के हिस्से एक-एक विकेट आया। भारत की पहली पारी 314 रन पर समाप्त हुई थी जबकि बांग्लादेश ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे। इस तरह भारत को पहली पारी में 87 रनों की बढ़त मिली थी।

**लिटन दास का 15वां अर्धशतक, जाकिर हसन की पहली फिफ्टी**

बांग्लादेश की दूसरी पारी में लिटन दास (73) ने अर्धशतक जमाया। यह उनका 15वां टेस्ट अर्धशतक है। उन्होंने नुरुल हसन के साथ 46 और तस्कीन अहमद के साथ 60 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप की बदौलत टीम ने 231 रन का स्कोर बनाया। एक समय टीम ने 102 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। लिटन से पहले जाकिर हसन (51) ने अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। हसन ने पिछले मुकाबले में डेब्यू किया था। उस मुकाबले में उनके बल्ले से शतक आया था।

**भारत को पहली पारी में मिली थी 87 रन की बढ़त :** दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय टीम ने 314 रन बनाये। भारत की ओर से ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 93 रन और श्रेयस अय्यर 87 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह भारतीय टीम को पहली पारी में बांग्लादेश पर 87 रन की बढ़त मिली थी। बांग्लादेश ने पहली पारी में 227 रन बनाये थे।

### बांग्लादेशी बल्लेबाज कर रहा था समय बर्बाद, भड़क उठे कोहली

**बांग्लादेशी** बल्लेबाज कर रहा था समय बर्बाद, भड़क उठे कोहली मीरपुर टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 231 रनों पर ढेर हो गयी और भारत को दूसरी पारी में 145 रनों का एक आसान लक्ष्य मिला। इससे पहले बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो दूसरे दिन अपनी दूसरी पारी में काफी समय बर्बाद कर रहे थे, जिसपर भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपना गुस्सा नहीं रोक पाये और वह बल्लेबाजी को स्लेज करते हुए नजर आये। बांग्लादेश के बल्लेबाजों की हरकतों से निराश कोहली ने नजमुल हुसैन शांतो को अपनी शर्ट भी उतारने का इशारा किया, क्योंकि बल्लेबाज ने नॉन-स्ट्राइकर के छोर पर अपने जूते के फीते बांधना शुरू कर दिया। कोहली को शांतो को कहते सुना गया - कपड़े भी उतार दे। कोहली की इस हरकत को देखकर कमेंटेटर भी अपनी हंसी नहीं रोक पाये।

# पानीपत के राघव का आईपीएल में सलेक्शन



**एजेंसी। पानीपत**
हरियाणा के पानीपत शहर की गीता कॉलोनी के रहनेवाले 21 वर्षीय राघव गोयल का आईपीएल में चयन हुआ है। राघव को मुंबई इंडियंस ने बेस प्राइज 20 लाख रुपये में खरीदा है। वह पानीपत के इतिहास में आईपीएल में जानेवाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। शुक्रवार को हुई बोली के दौरान राघव को शाम 6 बजे खरीदा गया है। जिसके बाद से ही घर पर ढोल बजने शुरू हो गये। बातचीत के दौरान राघव गोयल ने कहा कि उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है कि उनका चयन हो गया है। बचपन से उनका गोल था कि वे आईपीएल खेले। आखिरकार अब वह सपना साकार होता नजर आ रहा है। राघव ने कहा कि आईपीएल में वह अपना 'द बेस्ट' देंगे। क्योंकि यहां के बाद उनका अगला सपना इंडिया के लिए खेलना है। राघव ने कहा कि सबसे पहले स्टेट के मैच हुए थे। जिनमें सिलेक्टर आये हुए थे। वहां मेरी गेंदबाजी देखने के बाद सिलेक्टरों ने उन्हें आईपीएल ट्रायल के लिए बुलाया। जहां जहीर खान, राहुल द्रविड़, किरण, रोहित शर्मा, पार्थिव पटेल जैसे बड़े दिग्गज थे। वहां करीब तीन बार ट्रायल लिया गया। ट्रायल भी काफी अच्छा था। हालांकि, ट्रायल काफी टफ था। सब कुछ मेरे फेवर में हुआ, मुझे काफी अच्छा लग रहा है।

**मां-पिता और भाई का सहयोग :** मैं स्पिन बॉलिंग करता हूं। मैं लेफ्ट हैंड बॉलर हूं। मेरा आइडल शेन वॉर्न और राशिद खान हैं। जिनकी बॉलिंग के जादू में हर कोई फंसता है। मुझे यहां तक पहुंचाने में मम्मी-पापा का बहुत सहयोग रहा है। पापा ने खूब भाग-दौड़ की है। मां हमेशा पॉजिटिव बातें कर मुझ में सकारात्मक ऊर्जा भरती है। भइया भी बहुत सपोर्ट करते हैं।

# आरसीबी हमेशा मेरी नंबर-1 टीम रहेगी : क्रिस गेल



**एजेंसी। बेंगलुरु**
अनुभवी बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हमेशा उनकी नंबर-1 टीम रहेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए दो सत्रों में 16 मैचों के बाद गेल 2011 संस्करण के लिए नीलामी में नहीं बिके। हालांकि, गेल के लिए किस्मत तब बदल गयी जब आरसीबी ने उन्हें तेज गेंदबाज डर्क नानेस की जगह पर शामिल किया। इसके बाद से जमैका के इस खिलाड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और गेंदबाजों को खूब धोता रहा। 2013 में गेल ने आईपीएल इतिहास में नाबाद 175 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर दर्ज किया। यह टी-20 क्रिकेट में अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। गेल ने कहा कि उन्हें विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, केएल राहुल और अन्य खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना अच्छा लगा। गेल ने कहा कि मेरे पास कुछ महान पल हैं, न केवल विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के साथ, बल्कि फ्रेंचाइजी के अन्य खिलाड़ियों के साथ भी। आरसीबी में मैं सरफराज खान, मनदीप सिंह और केएल राहुल से मिला। ये लोग भी शानदार थे और बेशक दो महान खिलाड़ी कोहली और एबीडी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा था। हम एक-दूसरे से सीखते थे।

**गेल ने कहा :** हम ट्रॉफी जीतना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं इस फ्रेंचाइजी को ट्रॉफी उठाते हुए देखना चाहता हूं। आरसीबी हमेशा मेरी नंबर-वन टीम रहेगी। मुझे यह फ्रेंचाइजी पसंद है और मुझे खुशी है कि मैं इसका हिस्सा था। गेल 2011 से 2017 तक सात सीजन के लिए आरसीबी के साथ रहे, जिसके बाद उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए कुछ सीजन खेले।

# अफरीदी अंतरिम मुख्य चयनकर्ता नियुक्त

### अब शाहीद अफरीदी के हाथों में पाक क्रिकेट का भविष्य



**एजेंसी। कराची**
पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के हाथों अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम का भविष्य होगा। दरअसल, शनिवार को उन्हें पाकिस्तान पुरुष राष्ट्रीय टीम का अंतरिम मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया। अफरीदी चयनकर्ताओं की एक अंतरिम समिति का नेतृत्व करेंगे जिसमें पूर्व खिलाड़ी अब्दुल रज्जाक, राव इफ्तिखार अहमद और हारून रशीद शामिल हैं। यह समिति फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान दो टेस्ट और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगा। अफरीदी और हारून दोनों नजम सेठी की अध्यक्षता वाली क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्य हैं, जिन्हें अगले चार महीनों के लिए देश में इस खेल के मामलों को चलाने के लिए नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त 14-सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को मोहम्मद वसीम को मुख्य चयनकर्ता के पद से हटा दिया था। वसीम दिसम्बर 2020 से इस पद पर थे। सेठी ने यहां जारी एक बयान में कहा : मैं पुरुषों की अंतरिम राष्ट्रीय चयन समिति का स्वागत करता हूं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीमित समय के बावजूद वे साहसी निर्णय लेंगे जो हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम बनाने में मदद करेगा।

**आईपीएल 2023** | **गुजरात टाइटंस में शामिल होने पर जोश लिटिल बोले**

# पांड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर हूं उत्साहित



**एजेंसी। डबलिन**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अनुबंध हासिल करनेवाले आयरलैंड के पहले खिलाड़ी तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने इसे अविश्वसनीय अवसर करार दिया तथा कहा कि वह भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने कोच्चि में शुक्रवार को हुई आईपीएल नीलामी में 23 वर्षीय लिटिल को चार करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा था। टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा के कोच रहते हुए अपने पदार्पण सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीता था।

लिटिल ने क्रिकेट आयरलैंड के बयान में कहा : मैं बहुत खुश हूं कि मुझे मौजूदा चैम्पियन गुजरात टाइटंस ने अनुबंधित किया है। मैं इतनी शानदार टीम में हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि मैं कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं और टाइटंस के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2016 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने अभी तक 22 वनडे और 53 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं। लिटिल ने कहा : मुझे आयरलैंड की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना पसंद है और यह हमेशा मेरी प्राथमिकता रहेगा, लेकिन आईपीएल में खेलना और वहां सीखना अविश्वसनीय अवसर होगा। मैं इसमें मेरा समर्थन करने के लिए क्रिकेट आयरलैंड का आभार व्यक्त करता हूं। लिटिल ने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नेट गेंदबाज की भूमिका निभायी थी। क्रिकेट आयरलैंड के हाई परफॉर्मेंस निदेशक रिचर्ड होल्ड्सवर्थ ने कहा कि हमें जोश के लिए खुशी है और उन्हें अगले साल के आईपीएल के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जोश कड़ी मेहनत करनेवाला और प्रतिबद्ध क्रिकेटर है जो कि आयरिश व्यवस्था में आगे बढ़ा है।

### नीशम समेत 73 खिलाड़ी रहे अनसोल्ड

**आईपीएल** का मिनी ऑक्शन समाप्त हो गया है। कोच्चि में शुक्रवार को चले इस ऑक्शन में 80 खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इसमें से 51 भारतीय और 29 विदेशी खिलाड़ियों को टीमों ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। कुछ खिलाड़ियों की नीलामी ने क्रिकेट फैंस को सरप्राइज किया, तो वहीं 73 खिलाड़ी अनसोल्ड रहे। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर जेम्स नीशम भी इस बार ऑक्शन में अनसोल्ड रहे। उन्हें किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। नीशम ने अपने आईपीएल करियर में कुल 12 मैच खेले हैं। जेम्स नीशम के पास बहुत तजुर्बा है। वे टी-20 स्पेशलिस्ट भी हैं। नीशम आईपीएल के अलावा पीएसएल, कैरेबियन लीग और बिग बैश में भी खेल चुके हैं।



## NEWS इन ब्रीफ

### 2030 तक कपड़ों का निर्यात 100 अरब डालर तक पहुंचाने के लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार 2030 तक भारत से कपड़ों का निर्यात 100 अरब डालर तक पहुंचाने के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर आश्वस्त है। श्री गोयल ने ट्विटर पर कहा, हम 2030 तक 100 अरब डालर के बराबर निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने को ले कर आश्वस्त हैं। इस बीच केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जर्दोश ने राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अक्टूबर, 2022 के दौरान कपड़ा निर्यात 21.15 अरब डालर का हुआ।

### देश में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कुछ ही दिनों में मिलेगा

**नयी दिल्ली।** भारत 10 प्रतिशत इथेनॉल युक्त पेट्रोल बेचने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के बाद आने वाले दिनों में 20 प्रतिशत जैव ईंधन-मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति का परीक्षण शुरू करेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को यह बात कही। पुरी ने 'इंडिया एनर्जी वीक 2023' के पहले जन जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि भारत ने नवंबर 2022 के लक्ष्य से पहले ही जून में 10 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित गैसोलीन (पेट्रोल 90 प्रतिशत, इथेनॉल 10 प्रतिशत) का उत्पादन कर लिया है।

### विरोधाभास की स्थिति में आरटीआई

**नयी दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) और निजता के अधिकार के बीच विरोधाभास होने पर किसी व्यक्ति का निजता का मौलिक अधिकार ही लागू होगा। चंद्रशेखर ने डिजिटल निजी आंकड़ा संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक 2022 के मसौदे पर हितधारकों के साथ एक चर्चा के दौरान कहा कि निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, जबकि सूचना का अधिकार नहीं है।

### शक्कर में आई गिरावट

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में नरमी रही। खाद्य तेल पूछपरख कमी से गिरावट दर्ज की गई। तिलहन में मांग रही। दलहनो में उठाव सुस्त बताया गया। दालो में लिवाली घटने से मंदा दर्ज किया गया। चावल में कामकाज सामान्य बना रहा। शक्कर में मांग सुस्त बताई गई। आज शक्कर में कामकाज 3580 से 3630 रुपये के स्तर पर हुआ।

### पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने सभी पैनधारकों से जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं से 31 मार्च 2023 तक पैन को आधार से जोड़ने की अपील करते हुये कहा कि इसके बाद पैन निष्क्रिय हो जायेंगे। विभाग ने यहां कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार, सभी पैन धारकों के लिए जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं।

# सेंसेक्स का गोता: अडानी व अंबानी की संपत्ति में भारी गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए ये बीता हफ्ता बेहद खराब साबित हुआ। निवेशकों की पूंजी केवल शुक्रवार के एक दिन के कारोबार में 8.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गई है। गुरुवार को बाजार बंद होने के समय बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का का मार्केट कैप 280.53 लाख करोड़ रुपये था जो शुक्रवार को कारोबार बंद होते समय घटकर 272.12 लाख करोड़ रुपये रह गया।

**टॉप 50 में शामिल धनवानों की संपत्ति घटी :** भारत के अरबपति निवेशकों के लिए ये भी कारोबारी गिरावट भारी नुकसान लेकर आई है। गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को भी जोरदार नुकसान झेलना पड़ा। शिव नादर की संपत्ति में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

**कितनी गिरावट :** ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, 24 दिसंबर यानी आज गौतम अडानी की संपत्ति घटकर 110 अरब डॉलर पर आ गई है और इसमें एक दिन में 9.38 अरब डॉलर



की गिरावट देखी जा चुकी है। अडानी इस साल ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में दूसरे स्थान पर आ गए थे पर भारतीय बाजार में अपनी कंपनी के शेयरों की गिरावट के चलते गौतम अडानी फिर से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। इस पूरे साल की बात की जाए तो गौतम अडानी की कुल संपत्ति में 33.8 अरब डॉलर की तेजी आ चुकी है।

**अडानी के लिए यह साल ओवरऑल फायदेमंद रहा :** ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में केवल गौतम अडानी ही ऐसे हैं जिनकी संपत्ति में इस साल बढ़त दर्ज की गई है। बाकी 9 दौलतमंदों की नेटवर्थ में इस साल बड़ी गिरावट ही दर्ज की गई है।

**अंबानी की दौलत घटी :** मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 85.4 अरब डॉलर पर आ गई है। कल के कारोबार के बाद उनकी नेटवर्थ में 2.71 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। इस पूरे साल में 4.55 अरब डॉलर की संपत्ति मुकेश अंबानी खो चुके हैं।

# रॉय दम्पति ने शेयर बेचने की घोषणा की

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

नयी दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) ने संस्थापक प्रणव रॉय और राधिका रॉय ने कंपनी में अपने अधिकांश शेयर गौतम अडानी के स्वामित्व वाली एएमजी मीडिया नेटवर्क को बेचने की शुक्रवार को घोषणा की। बीएसई और एमएसई शेयर बाजारों को दी गई सूचना और एक प्रेस विज्ञप्ति में रॉय दम्पति ने कहा है कि वे यह देखते हुए कि एनडीटीवी के एएमजी मीडिया नेटवर्क द्वारा हाल में लाये गये खुले प्रस्ताव (ओपन ऑफर) के बाद अडानी समूह की यह कंपनी एनडीटीवी की सबसे बड़ी कंपनी शेयर धारक बन गई है और उसके बाद हमने आपसी सहमति से एनडीटीवी के अधिकांश शेयर एएमजी मीडिया नेटवर्क को बेचने




का निर्णय किया है। रॉय दम्पति ने आज यहां जारी संयुक्त बयान में कहा है कि उन्होंने 1988 में इस विश्वास के साथ यह समाचार चैनल शुरू किया था कि भारत में पत्रकारिता विश्व स्तर की है। उन्होंने कहा कि खुले ऑफर के बाद गौतम अडानी के साथ हमारी बातचीत रचनात्मक रही और उन्होंने सुझावों को सकारात्मक भाव और खुले मन से स्वीकार किया है। अडानी ने एक ऐसे ब्रांड में निवेश किया है जो भरोसे, विश्वसनीयता और स्वतंत्रता का पर्याय है और उम्मीद करते है कि वह इन मूल्यों की रक्षा करेंगे और

**अडानी ने एनडीटीवी को खरीदने की घोषणा अगस्त में की थी और उसके बाद उन्होंने शेयरों के लिए बाजार में खुली पेशकश की थी**

अपनी प्रतिष्ठा अनुसान उसका विस्तार करेंगे। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के आधार पर अडानी समूह को श्री प्रणव रॉय और श्रीमती राधिका रॉय द्वारा क्रमशः 15.94 और 16.32 प्रतिशत कुल मिलाकर (32.26) प्रतिशत शेयर बेचे जायेंगे। यह सौदा 30 दिसंबर या उसके बाद एक या एक अधिक किस्तों में सेबी के नियमों के तहत निपटाया जायेगा। इसके बाद अडानी समूह की एनडीटीवी में हिस्सेदारी 37.45 से बढ़कर 64.71 प्रतिशत हो जायेगी और रॉय दम्पति के पास पांच प्रतिशत से शेयर रह जायेंगे। उल्लेखनीय है कि अडानी ने एनडीटीवी को खरीदने की घोषणा अगस्त में की थी और उसके बाद उन्होंने शेयरों के लिए बाजार में खुली पेशकश की थी। इस पेशकश में 8.3 प्रतिशत शेयर अधिग्रहित किये थे। इससे पहले एनडीटीवी की प्रवर्तक कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग ने अडानी समूह की कंपनी विश्वप्रधान कमर्शियल होल्डिंग को अपनी 99.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 28 नवंबर को हस्तांतरित की थी और इस सौदे के आधार पर एनडीटीवी के 19.18 प्रतिशत शेयर अडानी समूह के पास चले गये थे।

## कोविड को लेकर चीन के सामानों का निर्यात 40 प्रतिशत गिरा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीन में कोविड19 संक्रमण की नयी लहर और विशेष रूप से यूरोपीय बाजार की कमजोरी के बीच, भारत का इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में लगातार पांचवें महीने नवंबर 2022 में सालाना आधार पर गिरावट दिखी। नवंबर में निम्न तुलनात्मक आधार के प्रभाव से गिरावट की गति केवल 0.30 प्रतिशत तक सीमित दिखी है पर इस दौरान चीन को किए गए निर्यात में 40 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) की विगत शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार देश से इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात नवंबर 2022 में 0.30 प्रतिशत गिरकर 8.07 अरब डॉलर रहा जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 8.10 अरब डालर था। देश के कुल वाणिज्यिक निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात करीब एक चौथाई है। अप्रैल-नवंबर 2022-23 के दौरान इंजीनियरिंग निर्यात पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 1.8 प्रतिशत घटकर 70.72 अरब डॉलर रहा। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुणकुमार गरोडिया ने कहा, पिछले वित्त वर्ष में कोविड19 के बाद निर्यात में रिकार्ड सुधार के बाद से, वैश्विक मांग ने फिर से गिरावट की प्रवृत्ति है और निर्यात में गिरावट चालू वित्त वर्ष में संकट के संकेत के रूप में दिख रही है। गत फरवरी से यूक्रेन-रूस संघर्ष के बाद ईंधन की कीमतें ऊंची होने से यूरोप में विनिर्माण गतिविधियां प्रभावित हुई है। इसी तरह भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों में से एक चीन कोविड के मामलों में वृद्धि और रियल एस्टेट बाजार के संकट से जूझ रहा है।

# 10 लाख रुपये पर लगेगा 20 फीसदी टैक्स

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत में एक इनकम के बाद लोगों को उस पर टैक्स भी देना पड़ता है। अलग-अलग इनकम पर टैक्स की दरें भी अलग-अलग होती है। भारत के आयकर अधिनियम के अनुसार सभी व्यक्तियों, एचयूएफ साझेदारी फर्मों, एलएलपी और कॉरपोरेट्स के जरिए अर्जित आय पर आयकर लगाया जाता है। व्यक्तियों के मामले में अगर किसी की आय न्यूनतम सीमा से अधिक है तो स्लैब सिस्टम के अनुसार टैक्स लगाया जाता है। भारतीय आयकर एक स्लैब सिस्टम के आधार पर व्यक्तिगत करदाताओं पर टैक्स लगाता है। स्लैब प्रणाली का अर्थ है कि आय की विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग टैक्स रेट निर्धारित है। इसका मतलब है कि करदाता की आय में वृद्धि के साथ कर की टैक्स की रेट्स बढ़ती रहती हैं। इस प्रकार के टैक्सेशन देश में प्रगतिशील और निष्पक्ष टैक्स प्रणाली को सक्षम बनाते हैं। इस तरह के इनकम टैक्स स्लैब हर बजट के दौरान बदलाव से गुजरते हैं। ये स्लैब दरें करदाताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग हैं। वहीं देश में वर्तमान में दो टैक्स रिजीम मौजूद हैं, जिनके हिसाब से टैक्स वसूल किया जाता है।

## पहले दिन इस आईपीओ को सुस्त रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।** रेडियंट कैश मैनेजमेंट सर्विसेज का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ओपन हो चुका है। बीते शुक्रवार को पहले दिन आईपीओ को सुस्त रिस्पॉन्स मिला है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक आईपीओ के तहत की गई।

# 2023 में इस्पात क्षेत्र के उत्पादन पर सरकार का रहेगा खास ध्यान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश में इस्पात का उत्पादन बढ़ने के साथ ही सरकार का ध्यान वर्ष 2023 में कच्चे माल की आपूर्ति और विशेष किस्म के इस्पात का उत्पादन बढ़ाने पर खास तौर पर रह सकता है। भारत ने जनवरी-नवंबर 2022 की अवधि में 11.34 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया, जो सालाना आधार पर 10 प्रतिशत अधिक है। सरकार का लक्ष्य कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता को 15 करोड़ टन के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 30 करोड़ टन करने तक पहुंचाना है। इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि वर्ष 2023 में इस्पात क्षेत्र के लिए और पहल की जाएंगी। सरकार ने पिछले साल उच्च गुणवत्ता वाले अयस्क का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशिष्ट श्रेणी वाले इस्पात के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की थी। बिजली, पोत परिवहन, रेलवे और ऑटो सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष श्रेणी के इस्पात का इस्तेमाल किया जाता है। इस इस्पात की मांग को आयात के जरिए पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "हमारा ध्यान नए बाजारों को खोजने के अलावा उद्योग को समर्थन देने के उपाय करने पर भी होगा, क्योंकि देश में इस्पात का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। इस्पात उत्पादन के लिए कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर सरकार



**हमारा ध्यान नए बाजारों को खोजने के अलावा उद्योग को समर्थन देने के उपाय करने पर भी होगा, क्योंकि देश में इस्पात का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।**

का मुख्य जोर होगा, क्योंकि देश कोकिंग कोल जैसे अधिकांश कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर है। कुलस्ते ने कहा कि भारत कोकिंग कोल के लिए आयात पर निर्भर है, जबकि अन्य खनिज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इन कदमों से देश आत्मनिर्भर बनेगा और साथ ही बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। सरकार ने 2022 में इस्पात वस्तुओं पर निर्यात शुल्क को खत्म करके और लोहे तथा इस्पात के लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और कर छूट योजना (आरओडीटीईपी) के तहत निर्यात लाभों को बढ़ाकर प्रोत्साहन दिया। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के महासचिव आलोक सहाय ने कहा कि इस्पात का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर 2022 में सालाना आधार पर लगभग 55 प्रतिशत गिर गया था लेकिन इसमें आगे धीमी गति से सुधार होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू इस्पात उद्योग के लिए बढ़ता आयात चिंता का विषय बन गया है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने वर्ष 2022 को इस्पात उद्योग के लिए उथल-पुथल भरा साल बताते हुए कहा कि यूक्रेन में जंग छिड़ने से कोविड के बाद हो रहे पुनरुद्धार पर असर पड़ा और आपूर्ति से जुड़ी अड़चनें भी खड़ी हो गईं। हालांकि उन्होंने वर्ष 2023 में हालात बेहतर होने की उम्मीद जताई। जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं समूह मुख्य वित्तीय अधिकारी शेषगिरि राव ने कहा कि इस साल वैश्विक मांग में भारी गिरावट के साथ कच्चे माल और इस्पात की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।


## अनिल अंबानी की कंपनी पर लगाई सबसे बड़ी बोली

**नयी दिल्ली।** कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए हिंदुजा समूह ने सबसे बड़ी बोली लगाई है। सूत्रों के मुताबिक लेंडर्स को हैरान करते हुए हिंदुजा समूह ने रिलायंस कैपिटल की संपत्ति के लिए 9000 करोड़ की पेशकश की है। इससे पहले उच्चतम बोली 8640 करोड़ की थी, जो टोरेंट समूह ने लगाई थी। सूत्रों के मुताबिक इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स के नेतृत्व में हिंदुजा समूह ने रिलायंस कैपिटल के लिए 8800 करोड़ की एडवांस कैश की पेशकश की है, जो अहमदाबाद स्थित टोरेंट समूह द्वारा पेश किए गए 4000 करोड़ से काफी अधिक है। एक सूत्र ने बताया कि अगर ऋणदाता हिंदुजा समूह की पेशकश पर सहमत होते हैं, तो टोरेंट इसे अदालत में चुनौती दे सकता है।

# गोल्ड का भाव 54,284 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ

**एजेंसी। नयी दिल्ली।**

इस हफ्ते एक बार फिर से सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। पिछले सप्ताह गोल्ड के भाव में नरमी देखने को मिली थी। लेकिन एक बार फिर से कीमतें 54 हजार के आंकड़े के पार चली गई हैं। इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी गोल्ड का भाव 54,284 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, पिछले हफ्ते कीमतें 53,885 रुपये पर क्लोज हुई थीं। इस सप्ताह सोने की कीमतें 54,763 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचीं। इसके बाद गिरावट दर्ज की गई। आईबीजेए रेट के अनुसार, इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन विगत सोमवार को सोने की कीमतें 54,126 रुपये प्रति 10 ग्राम पर क्लोज हुईं थीं। मंगलवार को कीमतें और चढ़कर 54,180



रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। बुधवार को 54,704 रुपये और गुरुवार को सोने का भाव 54,763 रुपये पर बंद हुआ। शुक्रवार को कीमतें 54,284 पर क्लोज हुईं। सिर्फ शुक्रवार को छोड़ दें, तो सोने की कीमतों में पूरे सप्ताह तेजी का दौर रहा। आईबीजेए रेट के अनुसार, पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गोल्ड की कीमतें 53,885 रुपये प्रति 10 ग्राम पर क्लोज हुई थीं। इसके अनुसार, इस हफ्ते कीमतों में 399 रुपये की तेजी आई है। इस सप्ताह सोना सबसे महंगा गुरुवार को हुआ। इस दिन कीमतें 54,763 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थीं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट वाले सोने का दाम 23 दिसंबर को अधिकतम 54,366 रुपये रहा। वहीं, पिछले सप्ताह इसकी कीमतें 53,998 रुपये थीं। इस सप्ताह 22 कैरेट गोल्ड का रेट 54,148 रुपये रहा। सभी तरह के गोल्ड के रेट की गणना टैक्स के बिना की गई है। सोने पर जीएसटी शुल्क अलग से देना होता है। इसके अलावा गहने पर मेकिंग चार्ज भी लगता है।

## नववर्ष की तैयारी | नये साल के जश्न से टूरिज्म सेक्टर को बड़ी उम्मीदें

# कोविड के डर के बावजूद बढ़ी बुकिंग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टूरिज्म सेक्टर से जुड़े कारोबारियों ने कहा कि इस बार क्रिसमस और नववर्ष दोनो वीकएंड पर पड़ रहे हैं और इस दौरान कई जगह बर्फबारी का भी अनुमान है जिससे होटल में कमरों की बुकिंग बढ़ गई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्यटन उद्योग को कोविड-19 के हालिया डर के बावजूद क्रिसमस और नववर्ष के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों ने कहा कि वीकएंड पर क्रिसमस और नया साल पड़ने से होटलों में 90 प्रतिशत से अधिक बुकिंग की संभावना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्यटकों की आमद इस बात से भी भी बढ़ेगी कि कई लोग बर्फबारी का आनंद लेने आएंगे। इसके साथ ही इस अवधि



के दौरान ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है जिससे उम्मीद है कि पर्यटकों का आना लगा रहेगा। शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि क्रिसमस तथा नववर्ष दोनों सप्ताहांत पर पड़ने के कारण सप्ताहांत के लिए शिमला में होटलों में 70 से 80 फीसदी बुकिंग हो चुकी है तथा अब शत प्रतिशत बुकिंग हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि होटल बड़ी संख्या में ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त कर रहे हैं और बर्फबारी से अतिरिक्त लाभ होगा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ धर्मशाला के प्रमुख अश्विनी बंबा ने कहा, सर्दियां आ गई हैं, मौसम अच्छा है। नए साल के लिए पहले से ही 50 फीसदी से अधिक एडवांस बुकिंग के साथ

**क्रिसमस डे तथा नववर्ष दोनों सप्ताहांत पर पड़ने के कारण शिमला में होटलों में 70 से 80 फीसदी बुकिंग हो चुकी है।**

अच्छे कारोबार की उम्मीद है। मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के प्रमुख मुकेश ठाकुर ने कहा, बर्फबारी एक प्रमुख आकर्षण है। सोलंग में गोंडोल, हामटा में इग्लू, मनाली और उसके आसपास शीतकालीन खेल, मनाली में अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान में स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग पाठ्यक्रम समेत अन्य कई प्रमुख गतिविधियां आकर्षण का केंद्र हैं। वहीं उत्तराखंड के पर्यटन सूचना केंद्र ने कहा कि मसूरी भी सप्ताह के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटकों का इंतजार कर रहा है तथा होटल और गेस्ट हाउस लगभग भरे हुए हैं। इसी तरह कॉर्बेट और राजाजी टाइगर रिजर्व के वन विश्राम गृह और बंगलों में क्रिसमस एवं नए साल की पूर्व संध्या पर आगंतुकों की भीड़ देखी जा रही है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के निदेशक धीरज पांडे ने बताया कि दिन और रात की सफारी भी बुक हैं। राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला ने कहा कि यहां भी बंगले भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बुकिंग की संख्या को देखते हुए इलाके में सतर्कता और गश्त भी बढ़ा दी गई है। वहीं नैनीताल और मसूरी के कई होटल कारोबारियों ने सूचना दी है कि उनके होटल करीब करीब बुक हो चुके हैं।

## पेज एक का शेष

### खुल्लमखुल्ला वार...

ये भाजपा की सरकार है। इस सरकार में डर फैलाया गया है। यह सरकार 24 घंटे डर फैलाने में लगी है। भारत से नफरत को मिटाने की जरूरत है। यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का है। भारत जोड़ो यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। ये देश प्यार से मिलकर एक साथ रह रहा है। इस यात्रा में शामिल होनेवाले लोगों से उसकी जाति या धर्म नहीं पूछी जाती। हम सभी साथ में पदयात्रा कर लोगों को प्यार और मोहब्बत का संदेश देते हैं। यहां पर कोई नफरत या हिंसा नहीं है।

**मेड इन इंडिया :** राहुल गांधी ने कहा कि हमें शर्ट और सेलफोन, जूतों के नीचे मेड इन इंडिया लिखना है। हमें वो दिन देखना है, जब कोई चीन में जाकर देखे कि उनके प्रोडक्ट के नीचे मेड इन इंडिया लिखा है। ये हम करके दिखा देंगे। ये देश इसे पूरा सकता है।

**बेरोजगारी क्यों आयी :** राहुल ने कहा कि मैंने युवाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वो इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस बनना चाहते हैं। लेकिन आज क्या करते हैं? पकौड़े तलते हैं। ये हकीकत है। देश में बेरोजगारी क्यों आयी? इस देश को रोजगार सिर्फ स्मॉल बिजनेसमैन और किसान दे सकते हैं। ये लोग देश को रोजगार देते रहे हैं। ये 24 घंटे लगे रहते हैं। बैंक के दरवाजे बंद रहते हैं। दो-चार अरबपतियों को यूं ही पैसे दे दिये जाते हैं। मैं मानता हूं कि नोटबंदी किसानों और छोटे व्यापारियों को मारने का हथियार है।

**कमल हसन ने लाल किले से जनता को किया संबोधित :** अपने जमाने के मेगास्टार कमल हसन ने शनिवार को कहा कि कई लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं यहां क्यों हूं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मैं यहां एक भारतीय के तौर पर हूं। मेरे पिता कांग्रेसी थे। मेरी अलग-अलग विचारधाराएं थीं। मैंने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी शुरू की, लेकिन जब देश की बात आती है, तो सभी राजनीतिक दलों की लाइनें धुंधली हो जाती हैं। मैंने उस लाइन को पार कर लिया और यहां आ गया। बस, मुझे इतना ही कहना है।

### सरकारी राशि गबन...

50,00,000 रुपये के विरूद्ध अधिकतम मूल्यांकन 34,00,000 रुपये पाया गया, जबकि कार्य के विरूद्ध पूरी राशि के व्यय होने की बात दर्शायी गयी। इस कार्य के क्रियान्वयन में लगभग 15,00,000 रुपये उपरोक्त प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा गबन किये जाने की बात सामने आयी है। इसी प्रकार पुरूष आईटीआई रामगढ़ के निर्माण की प्राक्कलित राशि 3,35,39,453 रुपये थी, जिसके विरुद्ध कुल 3,15,39,453 रुपये निर्माण के लिए भुगतान किया गया। उक्त कार्य कनीय अभियंता माधव प्रसाद सिंह, हरिहर चौधरी एवं वासुदेव प्रसाद द्वारा कराया गया एवं मापी पुस्तिका में दर्ज की गयी। इस योजना के जांच के क्रम में कराये गये कार्यों एवं मापी पुस्तिका में दर्ज मापी में अंतर पायी गयी। इस प्रकार उपरोक्त प्राथमिकी अभियुक्त द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित किया गया है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### दाढ़ी-पगड़ी वाले भी यूएस मरीन में काम कर सकेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने नौसैनिकों को आदेश दिया कि वे मरीन में भर्ती होनेवाले सिखों को दाढ़ी और पगड़ी रखने की इजाजत दें। न्यायाधीशों ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि धार्मिक छूट की अनुमति देने से सामंजस्य कम होगा। अमेरिकी सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल, सभी पहले से ही सिख धर्म की धार्मिक मान्यताओं को समायोजित करते हैं। मरीन कॉर्प्स ने पिछले साल भर्ती परीक्षा पास करने वाले तीन सिखों को 13 सप्ताह के बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान और युद्ध की संभावित अवधि के दौरान बाल रखने और पगड़ी बांधने के नियमों में छूट देने से इनकार कर दिया था।

### आग में झुलसकर 20 बुजुर्गों की मौत

**केमेरोवो।** रूस के केमेरोवो शहर में शुक्रवार रात एक वृद्धाश्रम (ओल्ड एज होम) में आग लग गयी। रूस की तास न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गयी और छह लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने सुबह तक आग को पूरी तरह से बुझा दिया। शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक हीटिंग बॉयलर में खराबी की वजह से आग लगी होगी। हादसे की सही वजह पता लगाने के लिए आपराधिक जांच शुरू कर दी गयी है। रूसी अधिकारियों के अनुसार ये ओल्ड एज होम बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से चल रहा था।

### दो से शाही ईदगाह के सर्वे का आदेश

**मथुरा।** मथुरा की एक स्थानीय अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह विवाद को लेकर वाराणसी के ज्ञानवापी मामले की तरह ही यहां भी हिन्दू सेना के दावे पर ईदगाह का अमीन सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 जनवरी तय की है। अमीन को इससे पहले संबंधित रिपोर्ट अदालत में दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। अदालत में दावा किया गया था कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब द्वारा मंदिर तोड़कर ईदगाह तैयार करायी गयी थी।

# कंगाल पाकिस्तान ने आर्थिक आपातकाल का किया ऐलान

## पीएम शहबाज शरीफ ने की घोषणा, सरकारी कर्मचारियों पर गिरी गाज

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान में सरकार को आखिर वित्तीय आपातकाल का ऐलान करना पड़ ही गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश में वर्तमान वित्तीय आपदा और धन की भारी कमी के कारण आर्थिक आपातकाल के निर्देश जारी करना अनिवार्य हो गया है, अन्यथा आगे की वित्तीय तबाही से जनता के वेतन में रुकावट की स्थिति पैदा हो सकती है। पाक सरकार के अनुसार इन निर्देशों का क्रियान्वयन प्रत्येक सार्वजनिक, स्वायत्तशासी संगठन एवं वितरण पर अनिवार्य होगा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में बेहद गरम सियासी माहौल के बीच देश की अर्थव्यवस्था के श्रीलंका की राह पर जाने के संकेत मजबूत हो रहे हैं। नीति निर्माताओं को अंदेशा है कि आर्थिक हालात बिगड़ने से देश राजनीतिक अस्थिरता की तरफ जा सकता है। ताजा आंकड़े ने यहां



सबकी चिंता बढ़ा दी है कि मौजूदा वित्त वर्ष में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट आ चुकी है। इसे देखते हुए अर्थशास्त्रियों ने देश में वित्तीय आपातकाल लागू करने की सलाह दी है, ताकि हालात को और बिगड़ने से रोका जा सके।

### चीन का ऋण जाल जिम्मेदार

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार पाकिस्तान की इस हालत के लिए चीन का ऋण जाल जिम्मेदार है। आर्थिक विशेषज्ञों ने पाक सरकार को गैर जरूरी रक्षा खर्च घटाने, 1600 सीसी से अधिक क्षमतावाले वाहनों पर इमरजेंसी टैक्स लगाने, बिजली शुल्क दो गुना करने और आठ सौ वर्ग गज से अधिक के आवासीय जायदाद पर कर लगाने की सलाह भी शाहबाज शरीफ सरकार को दी है।

### आपातकाल के तहत निम्नलिखित निर्देश जारी : -

- अधिकारियों द्वारा उपयोग किये जानेवाले सभी सरकारी वाहनों को प्रति माह 120 लीटर से अधिक ईंधन नहीं दिया जाना चाहिए और स्थायी लॉक बुक का उपयोग अनिवार्य किया जाना चाहिए।
- शहर, नगर, गांव से कार्यालयीन कार्य के लिए बाहर जानेवाले कर्मचारियों को नियमानुसार दो डीएएस दिये जायें।
- उनके ग्रेड और एक डीए से घटाकर सभी के वेतन से 25 प्रतिशत से अधिक के सभी भत्तों को हटाकर वित्तीय कठिनाई को विनियमित करें।
- सरकारी कर्मचारी तुरंत ग्रेड 11 से 21 तक के कर्मचारियों को देश की वित्तीय संकट तक किसी भी चिकित्सा बिल का भुगतान करने से बचें।
- देश के ग्रेड 11 से 21 तक के कर्मचारियों के वेतन में कोई वृद्धि नहीं होनी चाहिए।
- वेतन के साथ अध्ययन अवकाश देने की पहल को तत्काल बंद किया जाये।
- संस्थाओं, संगठनों, स्वायत्त निकायों में कम वित्तीय संसाधनोंवाले कर्मचारियों से पूरा काम लेने की नीति अपनायी जाये।
- ग्रेड 7 से 21 तक के सभी स्थायी कर्मचारियों की पेंशन समाप्त करने के संबंध में नीति जारी की जायेगी।
- सरकारी निर्देश को अनुसार इस विभाग द्वारा जल्द ही और जुलाई 2023 से इसे लागू करने के लिए एक रणनीति तैयार की जायेगी।

# कोरोना : एयर सुविधा फॉर्म भरना अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने चीन, जापान, हांगकांग, बैंकॉक और दक्षिण कोरिया से आनेवाले यात्रियों के लिए एयर सुविधा फार्म भरना अनिवार्य कर दिया है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि चीन, जापान, हांगकांग, बैंकॉक और दक्षिण कोरिया से भारत आनेवाले लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, इसको लेकर जल्द ही विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि चीन में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। वहां के अस्पतालों से आ रही तस्वीरें पड़ोसी देशों की भी टेंशन बढ़ा रही हैं। सरकार की एक टॉप अथॉरिटी ने जो आंकड़े पेश किए हैं वे चौंकाने वाले हैं। अथॉरिटी के अनुसार चीन के सरकारी आंकड़ों में संक्रमित मरीजों की संख्या छिपाई जा रही है। अथॉरिटी ने आशंका जताई है कि एक दिन में तीन करोड़ से अधिक मामले सामने आए हों। दुनिया में यह आंकड़ा एक दिन में सर्वाधिक है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# गहरी खाई में कार गिरने से आठ तीर्थयात्रियों की मौत



**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के थेनी जिले में कुमुली पर्वत दर्रे के नजदीक एक कार शुक्रवार की देर रात करीब 40 फिट गहरी खाई में गिर गयी जिससे आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये जिनमें नौ साल का एक बच्चा भी शामिल है। अंदीपट्टी के रहने वाले तीर्थयात्री सबरीमाला से भगवान अयप्पा की के दर्शन करके घर लौट रहे थे कि कुमुली पर्वत दर्रे पर इराइचलपालम प्वाइंट के पास उनकी कार अचानक गहरी खाई में गिर गयी।

गाड़ी में हरिहरन नाम का एक बच्चा समेत दस लोग सवार थे। दो घायलों को कुमिली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद वाहन में फंसे लोगों को निकालने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अंधेरा होने के साथ-साथ गहरी खाई की वजह से बचाव दल को पीड़ितों को निकालने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोग, पुलिस और दमकलकर्मियों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, छह मृतकों में चकम्पेट्टी के नागराज (46), देवदास (55), शिवकुमार (45), मुनियांडी (55), मारवापेट्टी के कन्नी स्वामी (60) और शंमुखा सुंदरपुरम के विनोद कुमार (43) शामिल हैं। अन्य दो का विवरण उपलब्ध नहीं हो सका है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।

# बर्फीले तूफान की चपेट में 20 करोड़ अमेरिकी, कई शहर जमे

### माइनस 45 डिग्री तक पहुंचा पारा, लोगों की बिगड़ी क्रिसमस

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका में आये बर्फीले तूफान ने देश को घुटनों के बल ला दिया है। वहां लगभग 20 करोड़ लोग साइकलोन बॉम्ब की चपेट में हैं और 12 लोगों की जान जा चुकी है। ठंड इतनी भयानक है कि खौलता हुआ पानी चंद सेकेंड में बर्फ में बदल रहा है। साइकलोन बॉम्ब ने अमेरिका और कनाडा में कई लोगों की क्रिसमस बिगाड़ दी। नेशविल में एयरपोर्ट पर फंसे एक पैसेंजर ने बातचीत में कहा कि मैं मिशिगन में अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाना चाहता था। लेकिन, अब मैं यहां अटका हुआ हूं। मेरा परिवार बार-बार मुझे फोन कर रहा है लेकिन वो चाहते हैं कि मैं सुरक्षित रहूं।

गौरतलब है कि अमेरिका के से लेकर कनाडा के क्यूबेक तक यह साइकलोन 3200 किलोमीटर के इलाके में अपना तांडव मचा रहा है। जिससे 15 लाख लोगों के घरों की बिजली गुल हो गयी है। अमेरिकी शहर मोन्टाना में तो तापमान गिरकर माइनस 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### बाइडेन की अपील - 24 घंटे रहें सतर्क



**अमेरिका** की 60 फीसदी जनसंख्या इस बर्फीले तूफान की चपेट में है। जिसके चलते शुक्रवार को 5200 उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। अधिकारियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये बचपन का कोई बर्फीला दिन नहीं बल्कि गंभीर खतरा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बॉम्ब साइकलोन तब बनता है जब तूफान के दौरान वातावरण में काफी तेजी से दबाव गिरता है। जिससे बर्फीले तूफान के लिए अच्छी परिस्थितियां बन जाती हैं।

# विवाद खत्म करने के लिए योजना बना रही है महाराष्ट्र सरकार

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार कर्नाटक के विवादित सीमा क्षेत्रों में रहनेवाले मराठी भाषी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक योजना तैयार कर रही है। जिला संरक्षक मंत्री केसरकर ने पत्रकारों से कहा : सीमा विवाद मुद्दों के लिए अब तक कई आंदोलन हुए हैं और यह पिछले कई वर्षों से लंबित है, पर अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला। लोग परेशान हैं। कर्नाटक सरकार के रवैये के अनुसार यह हमारी परंपरा नहीं है कि हम अपने मंत्रियों को प्रतिबंधित करें और हमारे नेताओं को जेल में डाल दें। इसलिए समाधान के तौर पर हम विवादित सीमा क्षेत्रों में रहनेवाले मराठी भाषी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक योजना तैयार कर रहे हैं और उन योजनाओं को भी फिर से शुरू कर रहे हैं, जिन्हें पिछली सरकार ने बंद कर दिया था।

# राहुल ने एम्बुलेंस को रास्ता दिया, रोकी भारत जोड़ो यात्रा

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए भारत जोड़ो यात्रा थोड़ी देर के लिए रोक दी। एम्बुलेंस को जाने देने के लिए राहुल कुछ देर सड़क पर रुके रहे। उन्होंने साथी यात्रियों से भी एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए कहा। यह घटना राष्ट्रीय राजधानी में अपोलो अस्पताल के पास सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई। राहुल के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ने सुबह हरियाणा के बदरपुर बॉर्डर से दिल्ली में प्रवेश किया। यह यात्रा दिल्ली में बदरपुर बॉर्डर से 23 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और लाल किले के पास समाप्त हो जाएगी। इस दौरान यह आश्रम चौक, निजामुद्दीन, इंडिया गेट, आईटीओ, लाल किला और राज घाट से होकर गुजरेगी। लाल किले की ओर बढ़ने से पहले यात्रा ने आश्रम चौक पर दो घंटे का विश्राम लिया है।



### क्या राहुल गांधी को नहीं लगती ठंड ?

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत जोड़ो यात्रा में पहले दिन से शामिल पूर्व जेएनयू छात्रसंघ अध्यक्ष और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार से एक चैनल ने सवाल किया थाः ठंड में सभी लोग जैकेट और स्वेटर पहनकर यात्रा में चल रहे हैं तो राहुल गांधी क्यों हाफ टी-शर्ट पहनकर चल रहे हैं? क्या उन्हें ठंड नहीं लगती। इस पर कन्हैया कुमार ने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी से विशेष लगाव है। भाजपा लगातार राहुल गांधी पर नफरती हमला करती है। जब आप लगातार नफरती हमलों को झेलते रहते हैं तो उसके आदी हो जाते हैं। यही वजह है कि वह लगातार चलते रहते हैं और देह की उष्मा से उनकी ठंड गायब हो जाती है। कन्हैया कुमार ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा पहले लोगों को असंभव लग रहा था। लेकिन हम लोगों को पता था कि यह संभव है।

## कोविड काल की पत्रकारिता | प्रसारण के बदल गये तरीके, काम करने का बदला अंदाज

# मीडिया : साहस भरा 2022, उम्मीदों भरा 2023

### खबरों को लेकर पत्रकारों और जनता का भी बदल गया नजरिया

**प्रो. संजय द्विवेदी**



साल 2022 में हम सभी के मन में एक सवाल था-कोरोना के बाद की पत्रकारिता कैसी होगी? असल में इस सवाल का जवाब कोरोना काल में हुई पत्रकारिता में ही छिपा हुआ था। कोरोना काल में प्रसारण के तरीके बदल गये। काम करने का अंदाज बदल गया। यहां तक कि खबरों को लेकर पत्रकारों और जनता का नजरिया भी बदल गया। वर्ष 2020 की शुरुआत में ही यह लगने लगा था कि हमारा जीवन कम से कम अगले कुछ वर्षों तक सामान्य नहीं रहनेवाला और हमें जिंदगी जीने का नया ढंग सीखना होगा। लाइफ के इस न्यू नॉर्मल के लिए जरूरी था कि इस वायरस के बारे में, उसके चरित्र के बारे में, उसके संभावित इलाज के बारे में, जितनी संभव हो जानकारी प्राप्त की जाये। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक था कि लोगों को जरूरी सूचना दी जाये, उन्हें सजग किया जाये, जिससे वे इस वायरस के विरुद्ध बचाव की एक रणनीति अपना सकें। 21वीं सदी के इस सबसे विषम समय में जन जागरण का यह दायित्व मीडिया के कंधों पर था और मेरे विचार में मीडिया ने इस दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह भी किया है।

**कोविड काल की पत्रकारिता :** कोविड काल में मैं मीडिया को 'विकास के लिए सुविचारित रणनीति के माध्यम' के रूप में परिभाषित करना चाहता हूं। वर्तमान संदर्भ में मैं अंग्रेजी के मीडिया शब्द में डी वर्ण के मायने डिजास्टर मैनेजमेंट या आपदा प्रबंधन अथवा डिलिंग विथ पैंडेमिक यानी संक्रमण से जूझना, मानता हूं। मीडिया जन सामान्य के सशक्तिकरण का माध्यम है और वर्तमान आपदा की स्थिति में उसने ये बात साबित भी की है। कोरोना वायरस और महामारी से संबंधित खबरों को अखबार में जितना स्थान दिया जाता है, उतना तो युद्ध के समय में युद्ध की रिपोर्टिंग को भी नहीं दिया जाता। लोगों की जिज्ञासाओं को पूरा करने के लिए अखबारों और वेबसाइटों ने नये-नये उपाय किये गये हैं। इस महामारी के विषय में खबरें और विश्लेषण आज भी एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आज भी मास्क पहनने, हाथ धोने, भीड़ से बचने, सामाजिक दूरी बनाए रखने को लेकर जागरुकता अभियान चल रहे हैं, क्योंकि इस संक्रमण से बचने के यही कुछ जरूरी उपाय हैं।

**(लेखक भारतीय जन संचार संस्थान, नयी दिल्ली के महानिदेशक हैं)**

### लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

**मीडिया** को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, जो शासन एवं प्रशासन तथा जनता के बीच द्विपक्षीय संवाद को सुगम बनाता है और दोनों के बीच पुल का काम करता है। महामारी के इस दौर में मीडिया की यह भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। संक्रमण के विरुद्ध इस अभियान में, केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों ने अपने अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। रोगियों की बढ़ती संख्या, संक्रमण के रुझान, उसे रोकने की नई रणनीति, उपचार पद्धति और प्रोटोकॉल, दवाओं, अस्पतालों, बिस्तरों, पीपीई किट्स की उपलब्धता, वैक्सीन की दिशा में हुई प्रगति, दुर्बल वर्गों की सहायता के लिए शुरू किए गए कार्यक्रम और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही जनता तक पहुंच रही है, जिससे वे इस संक्रमण से उबरने में सक्षम बन सके हैं।